किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
समाज जागरण
TITLE CODE :UPHIN49919
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 01 अंक: 258 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 26 जून 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

खैर एसडीएम ने की बैठक

अलीगढ़ ब्यूरो लक्ष्मन सिंह राघव

अलीगढ़ खैर उप जिलाधिकारी संजय मिश्रा ने अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर की अध्यक्षता में तहसीलदार हीरा लाल सैनी खैर,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत टप्पल तथा खंड शिक्षा अधिकारी टप्पल की उपस्थिति में टप्पल ब्लॉक के शिक्षक व शिक्षा मित्रों को नगर पंचायत टप्पल में पिछड़ी जाति के सर्वे 5 दिन में करने के लिए निर्देशित किया गया।

अलीगढ़ डीएम,सासद द्वारा घरौनी वितरण कार्यक्रम हुआ

अलीगढ़ ब्यूरो लक्ष्मन सिंह राघव

मुख्यमंत्री द्वारा घरौनी वितरण कार्यक्रम भारत के लोकतंत्र के इतिहास का महत्वपूर्ण पड़ाव है।अब यूपी में ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों का अपनी जमीन का आवासीय पट्टा उनके नाम होगा,जिससे वह अपना व्यवसाय,बैंक से लोन लेने का कार्य कर सकेंगे। अलीगढ़ कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी में घरौनियाँ वितरण कार्यक्रम में अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम ,व विधायकगण ने बांटी घरौनियाँ। जनपद की 5 तहसील के 92 गांवों के लाभार्थियों को 12117 घरौनियाँ बांटी गयीं। एनआईसी में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण।

करीमगंज जिले के नागेंद्रनगर जीपी राहत से वंचित, भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन।

सचिन्द्र शर्मा करीमगंज दैनिक समाज जागरण : दक्षिण करीमगंज विधानसभा क्षेत्र के रामकृष्णनगर अंचल के नागेंद्रनगर ग्राम पंचायत

को प्रशासन ने अभी तक राहत नहीं दी है, लोग पानी में तैर रहे हैं. किसी तरह मुझे एक बार में खाना खाकर ही दिन बिताना पड़ रहा है। इस समय सत्ता पक्ष के कुछ प्रतिनिधि और सरकारी नौकरशाह थोड़ी राहत के साथ राजनीति कर रहे हैं, लेकिन जनता इसे और सहन नहीं कर सकी और विरोध में मैदान में उतर गई. लेकिन अपवाद नागेंद्रनगर जीपी के वार्ड नंबर तीन के सन्नासीपाट्टा कोदाली के मोकामटीला गांव में है. कई लोगों का कहना है कि विपक्ष सत्ताधारी पार्टी का विरोध कर रहा है। लेकिन इस बार खुद बीजेपी कार्यकताओं ने सत्ताधारी पार्टी के विरोध में इस इलाके को खड़ा किया. 80 साल की महिला फूट-फूट कर रो पड़ी और बोली, "इस उम्र मैं गंदा पानी पीती रही हूं. लेकिन कोई पंचायत प्रतिनिधि, विधायक, सांसद, नौकरशाह मुझसे मिलने नहीं आया, एक मुट्ठी चावल भी नहीं एक महिला इसे पाने के लिए खाना बना रही है।उसने कहा कि वोट वास्तव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए था, जैसे ही उन्होंने भाजपा के कदमों को देखा। ऐसे में अगले चुनाव में आप पार्टी के नाम पर वोट मांगने के लिए वापिस लौटेंगे. गाँव में पानी होने के कारण गांव की महिलाएं खाना नहीं ला पा रही हैं. आखिर में पुरुष फिर से पानी और गंदा पानी ला रहे हैं। बाढ़ के पानी में खड़े सत्ताधारी दल के सौ से अधिक भाजपा समर्थक पुरुष एवं महिलाओं, सांसद कृपानाथ माला, विधायक सिद्देक आहमद, जिला परिषद सदस्य आशीष नाथ और ग्राम पंचायत अध्यक्ष अनीता रानी ने मुदार्बाद के नारे लगाकर आसमान छू लिया. उन्होंने आर्थिक मदद की मांग की. विरोध प्रदर्शन में मोतीलाल दास, सुकमल दास, विष्णु दास, निकुंज चक्रवर्ती, उमेश दास, परिमल दास, रंजीत दास आदि मौजूद थे।

देर रात गुवाहाटी से गुजरात पहुंचे थे एकनाथ शिंदे, फडणवीस के साथ हुई सीक्रेट मीटिंग?

महाराष्ट्र में जारी सियासी संकट अभी खत्म होता नहीं दिखाई दे रहा. इस बीच खबरें आ रही हैं कि गुजरात में शिंदे और फडणवीस ने गुप्त बैठक की है.

महाराष्ट्र में जारी सत्ता का संघर्ष किसके लिए घातक साबित होगा ये तो वक्त ही बताएगा. लेकिन शिंदे गुट लगातार उद्धव सरकार को चुनौती दे रहा है. इस बीच खबरें आ रही हैं कि एकनाथ शिंद ने शुक्रवार देर रात गुजरात में देवेंद्र फडणवीस से गुप्त मुलाकात की है.

बड़ौदा में शिंदे-फडणवीस की मुलाकात

सूत्रों के मुताबिक शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे बीती रात अचानक गुजरात पहुंचे थे. वे निजी कार से गुवाहाटी एयरपोर्ट गए और वहां से चार्टर्ड प्लेन से गुजरात पहुंचे. उन्होंने बड़ौदा में नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की.

दोनों नेताओं की सीक्रेट मीटिंग

सूत्रों ने बताया कि विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस बीती रात दस घंटे तक लापता रहे. वे कहां थे, इसका खुलासा बहुत देर बाद हुआ. फडणवीस और एकनाथ शिंदे की मुलाकात बड़ौदा में हुई थी. देवेंद्र फडणवीस रात में सागर बंगला छोड़कर चार्टर्ड प्लेन से इंदौर पहुंचे. उसके बाद वह इंदौर एयरपोर्ट नहीं गए बल्कि बड़ौदा के लिए निकल गए.

बागियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे..

उधर, एकनाथ शिंदे गुवाहाटी से सीधे बड़ौदा पहुंचे और शनिवार की सुबह गुवाहाटी लौट आए. बता दें कि महाराष्ट्र में शिवसेना के सियासी संकट का आज लगातार पांचवां दिन है. शिवसेना कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने खुले तौर पर कहा था कि बागियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे. इस दौरान फैसला लिया गया कि भाजपा के साथ जाने का सवाल ही नहीं है और गठबंधन सरकार बनी रहेगी.

16 विधायकों को नोटिस

सूत्रों के मुताबिक शिवसेना की बैठक में बागी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई का फैसला किया गया. शिवसेना की याचिका पर शिंदे समूह के 16 विधायकों को नोटिस जारी कर सोमवार तक जवाब मांगा गया है. शिंदे गुट ने अविश्वास प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया. डिप्टी स्पीकर के फैसले के खिलाफ शिंदे गुट ने कोर्ट जाने की बात कही है.

संजय राउत ने बागियों पर साधा निशाना

वहीं, संजय राउत ने कहा कि शिवसेना पार्टी को हाईजैक करने की हिम्मत किसी में नहीं है. शिवसैनिक विद्रोह को बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे. शिवसैनिक सड़कों पर उतरेंगे तो आगजनी होगी, जिसका असर महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में भी देखने को मिलेगा.

जल पुरुष ने चलाया "पानी बचाओ अभियान

(हरेश उपाध्याय, मनीष सूर्यवंशी) मथुराः- मांट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी के पैतृक गांव सल्ल में जल पुरुष सुभाष नौहवार ने चलाया पानी बचाओ अभियान।जल पुरुष सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष नौहवार अपनी टीम के साथ बैनर लेकर पहुंचे और समस्त जनता को पानी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मैं इस अभियान को पिछले 8 -10सालों से गांव-गांव घर-घर जाकर पानी बचाओ के बारे में समझा रहा हूँ। पानी की बबार्दी को रोकने के लिए मैंने यह निश्चित किया था कि इस अभियान को हमेशा के लिए जारी रखूंगा। मैंने जनता के सामने अलख जगाई। व्यर्थ में पानी ना फैलाएं।इसको लेकर समझाया और कहा कि आने वाले समय में पानी की बहुत बड़ी समस्या होगी। स्कूल बाजारों में गलियों में शहर चौराहा गांव गांव जाकर पानी बचाने का अलख जगा रहे हैं। इस कार्य को वह लंबे समय करते आ रहे हैं।इस अभियान में शामिल हुए मांट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी,अलीगढ़ जिले के सांसद सतीश गौतम, जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचपी सिंह परिहार, बलदेव के विधायक पूरन प्रकाश, भाजपा वरिष्ठ नेता पदम सिंह शर्मा, उपाध्यक्ष संजय लवानिया, सिंचाई विभाग के सुपर डेंट इंजीनियर धर्मेंद्र फोगाट, मांट तहसील के एसडीएम इंद्र नंदन तिवारी, डीपीआरओ, किरण चौधरी, भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर किरण पाल छत्तीसी के जिला पंचायत सदस्य ठाकुर प्रवीण पाल पूर्व प्रधान दिलावर सिंह खाजपुर, एवं खंड विकास अधिकारी नौहझील ऋषि पाल सिंह,चौधरी कृष्णपाल सिंह लाला प्रधान नगरिया, सुशील गर्ग खैर एवं अन्य अधिकारीगण नेतागण व जनता जनार्दन का भी इस अभियान में भरपूर सहयोग व भरपूर प्यार सम्मान मिला। मांट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

लोकतंत्र सेनानियों का घर-घर जाकर पटका एवम प्रतीक चिन्ह से किया गया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण

बहजोई/चंदौसी। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस सरकार द्वारा लगाये आपातकाल के दौरान प्रताड़ित किए गए लोकतंत्र सेनानियों का घर-घर जाकर पटका एवम प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया।आज ही के दिन 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हिटलर शाही दिखाते हुए देश में अनुच्छेद 352 का उपयोग करके देश में आपातकाल की घोषणा की, जो कि 21 मार्च 1977 तक चला। इस दौरान सभी विपक्षी दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,समाज एवं राष्ट्रहित की सोच रखने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगाक उनके कार्यकताओं को जेल भेजने का कार्य किया।चन्दौसी नगर मंडल में पंजाबी कॉलोनी निवासी लोकतंत्र सेनानी रामेश्वर नाथ कोहली ने बताया आपातकाल एक ऐसा खंड काल था।जिसमें परिवार में बैठकर भी वातार्लाप करते समय सोचना पड़ता था ।कि कहीं किसी की बुराई मुंह से ना निकल जाए। व्यक्ति को अपनी परछाई से भी डर लगने लगा था। ब्रह्म बाजार निवासी लोकतंत्र सैनानी बीबी लाल अग्रवाल ने बताया आपातकाल के दौरान 15 अगस्त 1975 को मैंने कांग्रेस सरकार के खिलाफ सत्याग्रह करने का ऐलान किया और पाटिया बाजार में जाकर सत्याग्रह शुरू हुआ। तभी वहां से पुलिस ले गई और उन्होंने बहुत सी यातनाएं दी। कच्चा कटरा निवासी लोकतंत्र सैनानी ओमप्रकाश ने बताया कि बीबी लाल और मैं मात्र दो ही लोग सत्याग्रह करने पहुंचे,और पुलिस के शिकार हुए ।रातभर तरह-तरह की यातनाएं दी गयी।प्लस से उंगलियों के नाखून खींच लिए गए।छाबड़ा मंडल के बेरनी निवासी लोकतंत्र सेनानी सोमपाल सिंह ने बताया कि आपातकाल में नसबंदी को सबसे ज्यादा प्रोत्साहन दिया गया लोगों ने घरों में रहना सोना छोड़ दिया था। अपने खेतों में या बागों में रहना शुरू कर दिया।इस दौरान जिला महामंत्री धीरेन्द्र यादव,नगरध्यक्ष गिरीश रतन,डॉ टी एस पाल,आकाश आहूजा,क्रांति कुमार,ऋषभ रस्तोगी,प्रवीण सिंह,रामनरेश यादव,अनुभव श्रीवास्तव,होते लाल शर्मा,अमर सिंह यादव, योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

बोर्ड परीक्षा में सूर्या क्लासेस का भी रहा जलवा

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:झबाघराय थाना क्षेत्र के बिहार कटरा (देवर पट्टी) में स्थित सूर्या क्लासेस में पढ़ने वाले विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने भी हाईस्कूल परीक्षा में बाजी मारी है। सूर्या क्लासेस में पढ़ने वाले शत-प्रतिशत छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। इससे क्लासेस के छात्रों एवं शिक्षकों में काफी उत्साह देखा गया। क्लासेस के संचालक सूर्या सर ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि शिवानी यादव (87.8 %) चंदन सिंह(83.6%) सहाना बानो(84.1%) सचिन जायसवाल(83.6%) देवा सरोज(83.6%) के अलावा अतुल सिंह, सुमित प्रजापति, अमित यादव ,निखिल विश्वकर्मा,
शुभम पाल, विवेक कुमार, राम कुशल गुप्ता, रंजीत यादव , हसन जाफरी, राहुल जायसवाल, अयान सलमानी आदि होनहार छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर सूर्या क्लासेस का नाम रोशन किया है।

दिल्ली सरकार ने शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन को लेकर तैयारियां की तेज

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः-केजरीवाल सरकार ने शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शॉपिंग फेस्टिवल को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने शॉपिंग फेस्टिवल का पर्यटन विभाग ने खाका पेश किया। इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निर्देश दिया कि शॉपिंग फेस्टिवल की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी ना रहे। शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन विश्व स्तरीय होना चाहिए। वहीं केजरीवाल सरकार की ओर से शॉपिंग फेस्टिवल के जरिए खरीदारी के साथ डिस्काउंट को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसका उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। शॉपिंग फेस्टिवल में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है और दिल्ली के व्यापारियों को इससे भारी मुनाफा होगा व हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शॉपिंग फेस्टिवल को लेकर आज उच्चस्तरीय बैठक की है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और डीडीसी उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह भी बैठक में मौजूद रहे। केजरीवाल सरकार के रोजगार बजट की शॉपिंग फेस्टिवल एक महत्वपूर्ण पहल है। दिल्ली में बड़े स्तर पर शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन की तैयारी है। शॉपिंग फेस्टिवल को विश्वस्तरीय बनाने के लिए टूरि से आज मुख्यमंत्री अरवि के सामने प्रेजेंटेशन रख शॉपिंग फेस्टिवल का खाका पेश किया। इसके अलावा दिल्ली के विभिन्न बाजार संगठनों की तरफ से मिले फीडबैक मुख्यमंत्री के सामने रखे गए। इसके बाद इस पहल को कैसे जाए, इस पर चर्चा हुई। साथ ही दूसरे देशों में आयोजित होने व फेस्टिवल के ऊपर भी चर्चा की गई।

भाभी प्रधान देवर लूट रहा सरकारी खजाना

निलंबित लेखपाल ने सरकारी तालाब से लाखों की मिट्टी खोदकर बेचा

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशांबी चायल तहसील क्षेत्र के कमालपुर गांव में ग्राम प्रधान रामरति का देवर कमलेश कुमार राजस्व विभाग में लेखपाल है जो अपनी करनी के चलते इन दिनों निलंबित चल रहा है लेखपाल के पद से निलंबित होने के चलते वह भाभी प्रधान का वह पूरा कार्य संभाल रहा है और जेसीबी मशीन लगाकर सरकारी तालाबों से मिट्टी खुदाई कर उसे बेच रहा है बताया जाता है। कि लाखों रुपए की मिट्टी निलंबित लेखपाल ने बेच ली है लेखपाल के कारनामे पर उनकी प्रधान भाभी ने भी चुप्पी साध ली है गांव में विकास योजनाओं के लिए आने वाली सरकारी रकम में देवर ने लूट मचा रखी है विकास योजनाओं में जमकर धांधली हो रही है मामले को लेकर गांव के राजू पुत्र बचान बाबू ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर देवर भाभी की सांठगांठ के कारनामे को उजागर करते हुए दोनों पर कार्यवाही कर सरकारी संपत्ति और सरकारी खजाने को बचाने की गुहार लगाई है।

भारतीय वायु सेना ने पहले 'युद्ध और एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम' के लिए कैपस्टोन सेमिनार का आयोजन किया

भारतीय वायु सेना ने आज पहले युद्ध और एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम (डब्ल्यूएएसपी) के समापन के अवसर पर नई दिल्ली स्थित वायु सेना सभागार में कैपस्टोन सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर एंड सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने अपना मुख्य भाषण दिया। इस कार्यक्रम में तीनों सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारी, वायु शक्ति के विद्वान और देश के प्रमुख थिंक टैंक व प्रमुख कॉलेजों के शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया।

वायु सेना प्रमुख ने अपने संबोधन में बताया कि डब्ल्यूएएसपी का उद्देश्य भारतीय वायुसेना के अधिकारियों में रणनीतिक सोच और समझ पैदा करना है। उन्होंने रेखांकित किया कि इस कार्यक्रम को एक राष्ट्र की व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के प्रमुख विषयों से प्रतिभागियों को परिचित कराने के लिए डिजाइन किया गया था, जो उन्हें संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण को समझने व स्वतंत्र विचार प्रस्तुत करने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने भारतीय वायुसेना की रणनीतिक प्राथमिकताओं का फिर से मूल्यांकन करने और कार्यों को फिर से संगठित करने की जरूरत पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सेवा पीछे न छूट जाए। वायु सेना प्रमुख ने प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने आगे प्रतिभागियों से अपने प्राप्त ज्ञान को व्यावहारिक रणनीतियों में रूपांतरित करने और यह याद रखने का अनुरोध किया कि उनके विचार न केवल वायु शक्ति से संबंधित रणनीतियों को आगे बढ़ाएंगे, बल्कि सुसंगत सैन्य और राष्ट्रीय रणनीति बनाने में भी योगदान देंगे। उन्होंने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि एक अच्छी तरह से तैयार की गई रणनीति सफलता की गारंटी नहीं दे सकती है, एक सुसंगत और टिकाऊ रणनीति की अनुपस्थिति निश्चित रूप से विफलता का कारण बनेगी।

इस सेमिनार के प्रतिभागियों ने हालिया संघर्षों में वायु शक्ति के अनुप्रयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा में वायु शक्ति की प्रमुख भूमिका को स्थापित करने वाले बदलते सैद्धांतिक नियमों से संबंधित समकालीन विषयों पर पेपर प्रस्तुत किए। इसके अलावा सेमिनार में भारतीय वायुसेना के सिद्धांत (डॉक्ट्रिन) के संशोधित संस्करण का विमोचन भी किया गया।

22 may 2022:Layout 1 6/26/2022 2:08 AM Page 2

साधना पथ (भाग 177)

देव मणि शुक्ल

कुंभकरन रावन द्वौ भाई।
इहाँ हते सुर मुनि दुखदाई॥6॥

भावार्थः-देवताओं और मुनियों को दुःख देने वाले कुंभकर्ण और रावण दोनों भाई यहाँ मारे गए॥6॥

दोहा :
इहाँ सेतु बाँध्यों अरु
थापेउँ सिव सुख धाम।
सीता सहित कृपानिधि
संभुहि कीन्ह प्रनाम॥119 क॥

भावार्थः-मैंने यहाँ पुल बाँधा (बँधवाया) और सुखधाम श्री शिवजी की स्थापना की। तदनन्तर कृपानिधान श्री रामजी ने सीताजी सहित श्री रामेश्वर महादेव को प्रणाम किया॥119 (क)॥

जहँ जहँ कृपासिंधु बन
कीन्ह बास बिश्राम।
सकल देखाए जानकिहि
कहे सबन्हि के नाम॥119 ख॥

भावार्थः-वन में जहाँ-तहाँ करुणा सागर श्री रामचंद्रजी ने निवास और विश्राम किया था, वे सब स्थान प्रभु ने जानकीजी को दिखलाए और सबके नाम बतलाए॥119 (ख)॥

चौपाई :
तुरत बिमान तहाँ चलि आवा।
दंडक बन जहँ परम सुहावा॥
कुंभजादि मुनिनायक नाना।
गए रामु सब कें अस्थाना॥1॥

भावार्थः-विमान शीघ्र ही वहाँ चला आया, जहाँ परम सुंदर दण्डकवन था और अगस्त्य आदि बहुत से मुनिराज रहते थे। श्री रामजी इन सबके स्थानों में गए॥1॥

सकल रिषिन्ह सन पाइ असीसा।
चित्रकूट आए जगदीसा॥
तहँ करि मुनिन्ह केर संतोषा।
चला बिमानु तहाँ ते चोखा॥2॥

भावार्थः-संपूर्ण ऋषियों से आशीर्वाद पाकर जगदीश्वर श्री रामजी चित्रकूट आए। वहाँ मुनियों को संतुष्ट किया। (फिर) विमान वहाँ से आगे तेजी के साथ चला॥2॥

बहुरि राम जानकिहि देखाई।
जमुना कलि मल हरनि सुहाई॥
पुनि देखी सुरसरी पुनीता।
राम कहा प्रनाम करु सीता॥3॥

भावार्थः-फिर श्री रामजी ने जानकीजी को कलियुग के पापों का हरण करने वाली सुहावनी यमुनाजी के दर्शन कराए। फिर पवित्र गंगाजी के दर्शन किए। श्री रामजी ने कहा- हे सीते! इन्हें प्रणाम करो॥3॥

तीरथपति पुनि देखु प्रयागा।
निरखत जन्म कोटि अघ भागा॥
देखु परम पावनि पुनि बेनी।
हरनि सोक हरि लोक निसेनी॥4॥
पुनि देखु अवधपुरि अति पावनि।
त्रिबिध ताप भव रोग नसावनि॥5॥

भावार्थः-फिर तीर्थराज प्रयाग को देखो, जिसके दर्शन से ही करोड़ों जन्मों के पाप भाग जाते हैं। फिर परम पवित्र त्रिवेणीजी के दर्शन करो, जो शोकों को हरने वाली और श्री हरि के परम धाम (पहुँचने) के लिए सीढ़ी के समान है। फिर अत्यंत पवित्र अयोध्यापुरी के दर्शन करो, जो तीनों प्रकार के तापों और भव (आवागमन रूपी) रोग का नाश करने वाली है॥4-5॥

दोहा :
सीता सहित अवध कहुँ
कीन्ह कृपाल प्रनाम।
सजल नयन तन पुलकित
पुनि पुनि हरषित राम॥120 क॥

भावार्थः-यों कहकर कृपालु श्री रामजी ने सीताजी सहित अवधपुरी को प्रणाम किया। सजल नेत्र और पुलकित शरीर होकर श्री रामजी बार-बार हर्षित हो रहे हैं॥120 (क)॥

पुनि प्रभु आइ त्रिबेनीं
हरषित मज्जनु कीन्ह।
कपिन्ह सहित बिप्रन्ह कहुँ
दान बिबिध बिधि दीन्ह॥120 ख॥

भावार्थः-फिर त्रिवेणी में आकर प्रभु ने हर्षित होकर स्नान किया और वानरों सहित ब्राह्मणों को अनेकों प्रकार के दान दिए॥120 (ख)॥

चौपाई :
प्रभु हनुमंतहि कहा बुझाई।
धरि बटु रूप अवधपुर जाई॥
भरतहि कुसल हमारि सुनाएहु।
समाचार लै तुम्ह चलि आएहु॥1॥

भावार्थः-तदनन्तर प्रभु ने हनुमान्जी को समझाकर कहा- तुम ब्रह्मचारी का रूप धरकर अवधपुरी को जाओ। भरत को हमारी कुशल सुनाना और उनका समाचार लेकर चले आना॥1॥

तुरत पवनसुत गवनत भयऊ।
तब प्रभु भरद्वाज पहिं गयऊ॥
नाना बिधि मुनि पूजा कीन्ही।
अस्तुति करि पुनि आसिष दीन्ही॥2॥

भावार्थः-पवनपुत्र हनुमान्जी तुरंत ही चल दिए। तब प्रभु भरद्वाजजी के पास गए। मुनि ने (इष्ट बुद्धि से) उनकी अनेकों प्रकार से पूजा की और स्तुति की और फिर (लीला की दृष्टि से) आशीर्वाद दिया॥

राष्ट्रीय आर्थिक,वैज्ञानिक,सांस्कृतिक विकास की धुरी महिला सशक्तिकरण

निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है, भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है' स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है' आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है' आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व राष्ट्रीय आर्थिक,वैज्ञानिक,सांस्कृतिक विकास की धुरी महिला सशक्तिकरण'सक्षम है' वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है' भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है' विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है' अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है' यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा था' इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं' भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही है' इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेर-ीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं' सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25% से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60% महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50% भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

संजीव ठाकुर,स्वतंत्र लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

26 जून महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1498 - चीन में पहला टूथ ब्रश बनाया गया। पहली बार आधुनिक टूथब्रश के पहले मॉडल का चीन के एक राजा ने पेटेंट करवाया था।
1894 - जर्मनी के कार्ल बेन्ज ने गैस से चलने वाले ऑटो का अमेरिकी पेटेंट हासिल किया।
1909 - लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय खोले गये।
1919 - अमेरिका में न्यूयॉर्क डेली न्यूज का प्रकाशन शुरू हुआ।
1927 - संवाद सिनेमा ने अपना जीवन आरंभ किया। फि ल्म निर्माण का काम आरंभ होने से ही निरंतर इस बात का प्रयास किया गया कि ऐसी फि ल्में बनाई जाएं जिसमें संवाद भी हो।
1945 - सेन फ्रांसिस्को में 50 देशों ने संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये।
1949 - बेल्जियम के संसदीय चुनाव में पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला।
1952 - नेल्सन मंडेला और 51 अन्य लोगों ने दक्षिण अफ्रीका में कर्फ्यू का उल्लंघन किया।
1960 - फ्रांस के उपनिवेश मेडागास्कर को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। हर वर्ष आज का दिन इस देश में राष्ट्रीय दिवस के रुप में मनाया जाता है।
1975 - भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की।
1982 - एयर इंडिया का पहला बोइंग गौरीशंकर मुंबई में दुर्घटनाग्रस्त हुआ।
1994 - पीएलओ नेता यासिर अराफात 27 साल बाद गाजा लौटे।
1999 - बुडापेस्ट (हंगरी) में विश्व विज्ञान सम्मेलन की शुरूआत हुई।
2000 - अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल द्वारा बांग्लादेश को टेस्ट का दर्जा दिया गया।
2008 - बहुर्राष्ट्रीय कम्पनी रियोरिटो ने मध्य प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में छतरपुर ज़िले के तहत हीरा खनन के लिए खनिज पट्टा माइनिंग लीज हासिल कर बंदर
डायमंड प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की।
2015 - कुवैत की शिया इमाम अल सादिक मस्जिद में एक आत्मघाती हमले में 27 लोगों की मौत हो गयी तथा 227 लोग घायल हो गये।

जन्मदिवस

1838 - वन्देमातरम् के गायक बंकिमचन्द्र चटर्जी का जन्म हुआ।
1874 - राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज का हुआ '
1888 - मराठी रंगमंच के महान् नायक और प्रसिद्ध गायक बाल गन्धर्व का जन्म हुआ।
1918 - परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक सेकेंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणे का जन्म हुआ।
पुण्यतिथि झ

1961 - प्रसिद्ध साहित्यकार गोविंद शास्त्री दुगवेकर का निधन हुआ।1950 - भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी सहजानंद सरस्वती का निधन हुआ।
2019 - भारत माता मंदिर, हरिद्वार के संस्थापक और निवृत्तमान शंकराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि का निधन हुआ।

26 जून/जन्म-दिवस
वन्देमातरम के गायक : बंकिमचन्द्र चटर्जी

भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में वन्देमातरम् नामक जिस महामन्त्र ने उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जन-जन को उद्वेलित किया, उसके रचियता बंकिमचन्द्र चटर्जी का जन्म ग्राम काँतलपाड़ा, जिला हुगली,पश्चिम बंगाल में 26 जून, 1838 को हुआ था। प्राथमिक शिक्षा हुगली में पूर्ण कर उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंसी कालिज से उच्च शिक्षा प्राप्त की। पढ़ाई के साथ-साथ छात्र जीवन से ही उनकी रुचि साहित्य के प्रति भी थी।

शिक्षा पूर्ण कर उन्होंने प्रशासनिक सेवा की परीक्षा दी और उसमें उत्तीर्ण होकर वे डिप्टी कलेक्टर बन गये। इस सेवा में आने वाले वे प्रथम भारतीय थे। नौकरी के दौरान ही उन्होंने लिखना प्रारम्भ किया। पहले वे अंग्रेजी में लिखते थे। उनका अंग्रेजी उपन्यास ह्यराजमोहन्स वाइफह्न भी खूब लोकप्रिय हुआ; पर आगे चलकर वे अपनी मातृभाषा बंगला में लिखने लगे।

1864 में उनका पहला बंगला उपन्यास ह्यदुर्गेश नन्दिनीह्न प्रकाशित हुआ। यह इतना लोकप्रिय हुआ कि इसके पात्रों के नाम पर बंगाल में लोग अपने बच्चों के नाम रखने लगे। इसके बाद 1866 में ह्यकपाल कुण्डलाह्न और 1869 में ह्यमृणालिनीह्न उपन्यास प्रकाशित हुए। 1872 में उन्होंने ह्यबंग दर्शनह्न नामक पत्र का सम्पादन भी किया; पर उन्हें अमर स्थान दिलाया ह्यआनन्द मठह्न नामक उपन्यास ने, जो 1882 में प्र-काशित हुआ।

आनन्द मठ में देश को मातृभूमि मानकर उसकी पूजा करने और उसके लिए तन-मन और धन समर्पित करने वाले युवकों की कथा थी, जो स्वयं को ह्यसन्तानह्न कहते थे। इसी उपन्यास में वन्देमातरम् गीत भी समाहित था। इसे गाते हुए वे युवक मातृभूमि के लिए मर मिटते थे। जब यह उपन्यास बाजार में आया, तो वह जन-जन का कण्ठहार बन गया। इसने लोगों के मन में देश के लिए मर मिटने की भावना भर दी। वन्देमातरम् सबकी जिह्वा पर चढ़ गया।

1906 में अंग्रेजों ने बंगाल को हिन्दू तथा मुस्लिम आधार पर दो भागों में बाँटने का षड्यन्त्र रचा। इसकी भनक मिलते ही लोगों में क्रोध की लहर दौड़ गयी। 7 अगस्त, 1906 को कोलकाता के टाउन हाल में एक विशाल सभा हुई, जिसमें पहली बार यह गीत गाया गया। इसके एक माह बाद 7 सितम्बर को वाराणसी के कांग्रेस अधिवेशन में भी इसे गाया गया। इससे इसकी गूँज पूरे देश में फैल गयी। फिर क्या था, स्वतन्त्रता के लिए होने वाली हर सभा, गोष्ठी और आन्दोलन में वन्देमातरम् का नाद होने लगा। यह देखकर शासन के कान खड़े हो गये। उसने आनन्द मठ और वन्देमातरम् गान पर प्रतिबन्ध लगा दिया। इसे गाने वालों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाते थे; लेकिन प्रतिबन्धों से भला भावनाओं का ज्वार कभी रुक सका है ? अब इसकी गूँज भारत की सीमा पा-रकर विदेशों में पहुँच गयी। क्रान्तिवीरों के लिए यह उपन्यास गीता तथा वन्देमातरम् महामन्त्र बन गया। वे फाँसी पर चढ़ते समय यही गीत गाते थे। इस प्रकार इस गीत ने भारत के स्वाधीनता संग्राम में अतुलनीय योगदान दिया।

बंकिम के प्रायः सभी उपन्यासों में देश और धर्म के संरक्षण पर बल रहता था उन्होंने विभिन्न विषयों पर लेख, निबन्ध और व्यंग्य भी लिखे। इससे बंगला साहित्य की शैली में आमूल चूल परिवर्तन हुआ। 8 अप्रैल, 1894 को उनका देहान्त हो गया। स्वतन्त्रता मिलने पर वन्देमातरम् को राष्ट्रगान के समतुल्य मानकर राष्ट्रगीत का सम्मान दिया गया

मेरा नया बचपन

बार-बार आती है मुझको मधुर याद बचपन तेरी।
गया ले गया तू जीवन की सबसे मस्त खुशी मेरी॥

चिंता-रहित खेलना-खाना वह फिरना निर्भय स्वच्छंद।
कैसे भूला जा सकता है बचपन का अतुलित आनंद?

ऊँच-नीच का ज्ञान नहीं था छुआछूत किसने जानी?
बनी हुई थी वहाँ झोंपड़ी और चीथड़ों में रानी॥

किये दूध के कुल्ले मैंने चूस अँगूठा सुधा पिया।
किलकारी किल्लोल मचाकर सूना घर आबाद किया॥

रोना और मचल जाना भी क्या आनंद दिखाते थे।
बड़े-बड़े मोती-से आँसू जयमाला पहनाते थे॥

गणेश गीता (गीता भाग 93)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

वेरण्य ने भगवान गणेश के विराट रूप का भर पूर दर्शन करने के बाद गजानन से प्रार्थना किया कि प्रभु आप अपने सौम्य रूप में आइए जिस रूप को पहले देखा था`

दर्शयस्य निजं रूपं ,
सौम्यम् यत्पूर्वमीक्षितें
को वेद लीलास्ते भूमध्य,
क्रियमाणा निजेच्छया`

राजा वरेण्य ने कहा हे भूमन्! मेरे द्वारा पूर्व में देखा गया अपने सौम्य रूप में पुनः: दर्शन दें` अपनी इच्छा से विभिन्न प्रकार की क्रीड़ा करने वाले प्रभु आपकी लीली को भला कौन जान सकता है`

अनुग्रहान मया दृष्टं
ए ेश ठा ार्म
रूपमीदृशम्`
ज्ञान चक्षुर्वायतों
दत्तं,
प्रसन्ननेन त्वचा
मम्`

हे प्रभु ! आप की

कृपा के कारण ही मैं आपका यह ऐश्वर्यशाली रूप देख सका क्यों कि आप प्रसन्न होकर हमें ज्ञान चक्षु प्रदान किया था`

श्री गजानन उवाच
भगवान् गजानन बोले

वेदों रूपं महाबाहो ,
मम पश्ययन्ति आयोगिनः
सनकाद्या नारदाद्याः ,
पश्यन्ति मम् अनुग्रहात`

हे महाबाहो! जो योग नहीं करते वे मेरा दर्शन कभी भी प्राप्त नहीं कर सकते` नारद व सनकादि जैसे श्रेष्ठ ऋषि गण भी मेरी अनुग्रह से ही मेरे विराट रूप का दर्शन पाते हैं`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

अलीगढ़ जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभ हुआ संभव कार्यक्रम।

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने शास्ब के आदेशों पर जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सम्भव कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। डीपीओ श्रेयस कुमार ने बताया कि 25 जून से 30 जून के बीच समस्त

आंगनवाड़ी केंद्रों पर समस्त बच्चों का वजन और लंबाई लेकर बच्चों के कुपोषण को मापा जाएगा। तदोपरांत कुपोषित बच्चों की सूची स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य सेवाएं यथा विटामिन ए, एल्बेंडाजोल, आयरन सिरप आज दिया जाएगा। कुपोषित बच्चों की सूची जिला आपूर्ति अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी यदि इन बच्चों के राशन कार्ड नहीं बने होंगे तो इन परिवार का राशन कार्ड बनाया जाएगा। कुपोषित बच्चों की सूची डीसी मनरेगा को भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे कि इन बच्चों के परिवारों को मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध कराया जा सके। यदि कुपोषित बच्चों के परिवारों में शौचालय नहीं बना है तो शौचालय बनाने हेतु उक्त सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को भी उपल्ब्ध कराया जाएगा, यह कार्यक्रम 3 माह चलेगा। 3 माह बाद यह मूल्यांकन किया जाएगा कि कितने बच्चों में विगत 3 माह में सुधार हुआ। आंगनबाड़ी केंद्रों पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रेयश कुमार के द्वारा भ्रमण कर बच्चों के वजन और लंबाई लेने के साथ पोषण ट्रैकर एप पर बच्चो के फीडिंग का कार्य भी देखा गया।

खैर तहसील सभागार में ग्रामीणों को वितरण की घरौनी प्रमाण पत्र

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ खैर तहसील के मीटिंग हॉल में तहसीलदार हीरा लाल सैनी ने शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को पूरे प्रदेश में घरौनी वितरण कार्यक्रम था उसी संबंध में तहसील सभागार में सैकड़ों ग्रामीणों को तहसीलदार हीरालाल सैनी भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील गर्ग व कालीचरण शर्मा के द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों को घरौनी प्रमाण पत्र

वितरण किए। घरौनी प्रमाण पत्र पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। अब उन्हें अपनी जमीन का अधिकार मिल गया है। एव कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में आयोजित हुए कार्यक्रम का भी उन्हें लाइव प्रसारण दिखाया गया।

अलीगढ़ डीएम ने एसएसपी के साथ बन्नादेवी थाने में आयोजित समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याए।

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने शासन के आदेश पर एसएसपी अलीगढ़ कलानिधि नैथानी के साथ बन्नादेवी थाने में आयोजित समाधान दिवस में प्रतिभाग किया।जिसमें उन्होंने

फरियादियो की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एआईजी की नजदीकी शासनादेश पर पड़ी भारी ,शासनादेश विरुद्ध हुआ बाबू का तबादला

आगरा। आगरा के सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प ने अपने चहेते बाबू को शासन के गाइडलाइन के विरुद्ध सब रजिस्टार द्वितीय के यहां तबादला कर दिया है ।निबंधन विभाग में यह तबादला इन दिनों खूब चर्चा का विषय बना हुआ है आगरा के सहायक महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने निबंधन विभाग में कई फेरबदल किये है। जिसमे निबंधन कार्यालय फतेहबाद में कार्यरत लिपिक सोबरन सिंह का तबादला सब रजिस्टार द्वितीय निबंधन कार्यालय में कर दिया है ।

जबकि शासनादेश है कि किसी भी कर्मचारी का तबादला तीन साल से पहले नहीं किया जाए, फिर भी इस बाबू का तबादला कर दिया गया। विभागीय सूत्रों ने बताया कि जबकि शासनादेश है कि किसी भी समूह(ग) के कर्मचारी की नियुक्ति उसके ग्रह तहसील, गृह क्षेत्र और गृह वार्ड में नियुक्त नहीं किया जाय। जबकि उपरोक्त बाबू का निवास सब रजिस्टार द्वितीय कार्यालय के अधीन आता है। इस तरह इस बाबू की तैनाती उसके ग्रह क्षेत्र में कर शासन के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सहायक महानिरीक्षक निबंधन सुनील कुमार सिंह कुछ वर्ष पूर्व आगरा में उपनिबंधक तृतीय के पद पर कार्यरत थे। तब यह बाबू इनके साथ कार्यरत था ।

विभाग के विश्वनीय सूत्रों के अनुसार इस दौरान कम स्टाम्प के खूब हकूक बैनामे किये गये थे ।जिसकी बाद में अलग -अलग जगहें पर शिकायत हुई थी। जिसमें हुई जांच में स्टाम्प चोरी पकड़ी गई थी। ये केस आज भी चल रहे हैं। इसके अलावा कई वसीयत भी गायब हो गई थी।

खैर कोतवाली समाधान दिवस में आए तीन शिकायतें

अलीगढ़ ब्यूरो लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ खैर कोतवाली में शनिवार को लगा समाधान दिवस खैर कोतवाली इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने अपने साथ एस एस आई योगेंद्र सिंह,सोफा पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव चौधरी के साथ बैठकर सभी लेखपाल व कानूनों के साथ बैठकर दूरदराज से आए फरियादियो की लिखित शिकायतों को पढ़ कर और सुनकर जमीनी विवाद व मारपीट जैसी शिकायतों को

मौके पर निस्तारण करते हुए जमीनी शिकायतें आई क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो को सौपी गई मारपीट झगड़े शिकायते हल्का इंचार्जों को सौंपी गई समाधान में आई तीन शिकायतें जिसमें से मौके पर 2 शिकायतों का किया निस्तारण

जनता को कांग्रेस का दिया हुआ अभिशाप है - लक्ष्मीकान्त वाजपाई

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा सेक्टर 116 में भाजपा नोएडा द्वारा आपातकाल पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य सभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष माननीय लक्ष्मीकान्त वाजपाई मुख्य अतिथि के रूप में रहे। उत्तर प्रदेश की महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथ्म, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल भी मौजूद रहे।

श्री लक्ष्मीकान्त वाजपाई ने कहा की इलाहाबाद हाइकोर्ट का फैसला इंदिरा गांधी के खिलाफ आने पर देश में 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया गया था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश को कभी ना भूलने वाला ऐसा दर्द दिया गया जो इतिहास के पन्नों में एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाता है अपनी सत्ता को बचाने के लिए तत्कालीन सरकार ने पूरे देश को आपातकाल में धकेल दिया था।

इस दौरान विपक्ष (जनसंघ) के सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, चौधरी चरण सिंह, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर समेत सभी बड़े नेता जेल में थे। अखबारों पर भी सेंसरशिप लग गई थी। इस दौरान पूरे देश में डर

का माहौल पैदा हो गया था। बड़े-बड़े लोग सरकार के बारे में कुछ भी बोलने से डर रहे थे।

श्री वाजपाई ने आपातकाल की यादों को साझा करते हुए बताया कि उस दौर में जनसंघ की ओर से लोकवाणी छपती थी। उस पत्रिका का शीर्षक था ह्यस्वतंत्रता का मूल्य प्राण है, देखो कौन चुकाता हैह्न।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाती है, जबकि आपातकाल के दौरान और उसके बाद भी कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया। भाजपा हमेशा से संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। और उन्होंने बताया आपातकाल को लेकर भारतीय जनता पार्टी 25 जून को काला दिवस के रूप में मानती आ रही है और लोगों को काले दिवस को ले कर जागरूक करने का प्रयास कर रही है ।

इस मौके पर ज़िले की पूरी कार्यकारिणी के साथ सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें महामंत्री चांदीराम यादव, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा महेश अवाना, गिरजा सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, गिरीश कोटनाला, मंत्री एस पी चमोली, प्रमोद बहल, अमरीश त्यागी, चमन अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, विनोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, पंकज झा, कल्लू सिंह, गोपाल गौर, बबलू यादव, राम निवास यादव, ओमवीर अवाना, मनोज चौहान, मोहित भंगेल, आदि लोग मौजूद रहे।

प्रशासन द्वारा भू- माफियाओं पर कार्रवाई न करने के विरोध में आम आदमी पार्टी का धरना तीसरे दिन भी जारी

आगरा। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने भ्रष्टाचार और भूमाफियाओं के खिलाफ कलेक्ट्रेट में दिया जा रहा अपना धरना आज तीसरे दिन भी जारी रखा ।

आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने आगरा जिला प्रशासन द्वारा भू माफियाओं पर कार्रवाई न करने के विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ।आज सभी कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर कपिल बाजपेई के नेतृत्व में जॉन्स मिल जमीन घोटाले के विरोध में अपना धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रखा।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल बाजपेई ने कहा कि यह धरना जब तक चलेगा जब तक आगरा प्रशासन भू- माफियाओं पर कार्यवाही नहीं करते ।जांच रिपोर्ट के अनुसार चिन्हिते दोषी लोगों को जिन्होंने जॉन्स मिल की जमीनों पर अवैध कब्जा करवाया या करा है भू माफिया घोषित नहीं किया जाता। जोन्स मिल की तमाम बिल्डिंग के ऊपर बड़े तौर पर अवैध कब्जा हो रखा है जो गलत है। अगर इस अवैध कब्जे को तत्काल मुक्त नहीं कराया जाता है तो निश्चित रूप से सरकार की साख पर बट्टा लगाने का काम हो रहा है।

पार्टी के सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में सोते हुए प्रशासन को जगाने के लिए नारेबाजी करते हुए पूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात को

रखा ।जहां एक और सरकार भू- माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाने की बात कह रही है, वहीं दूसरी तरफ आगरा में भू-माफिया फल -फूल रहे हैं ।शासन-प्रशासन चुप बैठ कर तमाशा देख रहा है जिससे सरकार की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है।

आम आदमी पार्टी ने लोगो ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्द ही इस ऐसे भू-माफियाओं के विरुद प्रशासन ने कार्रवाई ने कड़ी कार्यवाही नहीं करी। तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतर करे इस आंदोलन को और व्यापक स्तर से विरोध करा जाएगो ।

इस मौके पर कपिल बाजपाई , जेके गुप्ता, अश्वनी शर्मा रामसेवक धाकरे सुनील तिमोरी, शहीक भाई, आशीष गौतम ,आसिफ नवाब, मुफीद कुरेशी, शैलेंद्र, गायत्री, विष्णु दयाल शर्मा, माधुरी शर्मा, अनिल कुमार, छोटे लाल शर्मा ,नीरज शर्मा, बिट्टू पंडित, सपन भाई योगेश सत्संगी ,आशीष गौतम, राकेश कुमार, सुनीत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

गेस्ट शिक्षकों सहित सभी अनुबंधित कर्मियों को समान कार्य समान वेतन दिया जाए। - चौ0 अनिल कुमार

(नीरज अवस्थी, हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल मिशन एक्सीलेंस स्कीम और दिल्ली स्पोटर्स यूनिवर्सिटी खोलकर छात्रों और खिलाड़ियों के लिए अवसर देने का सब्जबाग तो दिखा रहे हैं परंतु दिल्ली सरकार के अंतर्गत अनुबधित कर्मचारियों को नियमित करने के संबध में कोई क्रियाशीलता नही दिखाई है। जब पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में गेस्ट टीचर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियमित करने की मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर रहे थें। तब केजरीवाल पंजाब में अनुबंधित कर्मियों को नियमित करने का वायदा कर रहे थें। उन्होंने कहा कि केजरीवाल झूठ बोलने और लोगों को गुमराह करने में महारत मिली हुई है। आगामी हिमाचल, गुजरात, हरियाणा राज्यों के चुनाव में केजरीवाल एक बार दोबारा इसी तरह के फर्जी वादे करने शुरू कर दिया है और दिल्ली के ध्वस्त शिक्षा मॉडल की बखान भी कर रहे

हैं ।प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले 8 वर्षों के शासन में एक भी अनुबंधित कर्मचारी को पक्का नही किया और केजरीवाल द्वारा गेस्ट टीचरों से किए झूठे वायदों की पोल खुल चुकी है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि उन्होंने कि अरविन्द केजरीवाल ने अनुबंधित कर्मी जिनमें गेस्ट टीचर, वोकेशनल टीचर, नर्स, डीटीसी ड्राईवर, जल बोर्ड स्टाफ को नियमित नौकरी देने और समान काम समान वेतन देने का वादा किया था परंतु एक भी कर्मचारी को नियमित नही किया गया। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि एक जुलाई से ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुलने वालें है। यह बहुत चिंताजनक है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 11 मई से 30 जून तक दिल्ली सरकार के स्कूलों में कार्यरत गेस्ट टीचरों को कार्यमुक्त रखा गया और इस दौरान उनका वेतन नही दिया गया। उन्होंने मांग की दिल्ली सरकार गेस्ट टीचरों के नियमन और ग्रीष्मकालीन अवकाश का वेतन भी देना चाहिए।

कागज पर चल रहे है, नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण हटाओं अभियान

समाज जागरण नोएडा

जहाँ एक तरफ पूरे प्रदेश मे अतिक्रमण हटाने की काम जोरो शोरों पर चल रहा है वह भी जमीनी स्तर पर वही नोएडा जैसी स्मार्ट सिटी में यह अभियान कागजों में चलायी जा रही है। यही कारण है कि नोएडा में अतिक्रमण कम होने के बजाय दिन-दुनी-रात-चौगुनी के रफ्तार पकड़ा हुआ है।

नोएडा सोमबाजार जहाँ एक तरफ उसे वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने की तैयारी असफल रहा है वही दूसरी तरफ दुकानदारों की संख्या दिनों दिन बढते ही जा रहे है। आलम यह है कि सोमबाजार से लेकर नोएडा सेक्टर 43 स्ट्रेलर ग्रीन पार्क तक अतिक्रमण ही अतिक्रमण है।

वही दूसरी तरफ कर्नल मार्केट में जहाँ एक तरफ सरकारी नाली के ऊपर पक्के निर्माण कर दुकानदारों नें कब्जा लिया है। मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान पूरी तरह से रोड पर चलाये जाते है। जिसके कारण शाम के समय में वहाँ से निकलना मुश्किल होता है।

नोएडा स्ट्रेलर ग्रीन पार्क के मैन गेट पर जहाँ एक

तरह नारियल वालों नें स्थायी कब्जा जमा रखा है वही दूसरी तरफ चाय वाले, समोसे वाले और बांबे चौपाटी वालों का भी अस्थायी ठिकाना है। आलम ये है कि पार्क के सभी गेट पर शाम के समय में दुकान लग जाते है जिसके कारण वहाँ से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शरारती किस्म के लोग भी गेट पर बैठ जाते है और पार्क में आने जाने वाली महिला एवं लड़कियों पर फब्तियाँ कसते है। नोएडा सेक्टर 44-45 सदरपुर और छलेरा गाँव के बीच में एक मात्र बड़ा पार्क होने के कारण शाम के समय यहाँ पर मेले जैसी दृश्य होते है। बताते चले कि नोएडा प्राधिकरण सोम बाजा को व्यवस्थित करने के लिए वेंडिंग जोन बनायी गयी है जिस पर संभवतः लाखों रुपए खर्च किए गए। सालों गुजर जाने के बाद भी प्राधिकरण वहाँ पर वेंडर को व्यवस्थित नही कर पायी है। इसके साथ ही दिन भर वहाँ पर बस वालों का कब्जा होता है और शाम में अवैध वेंडरों का।

इतना सबकुछ होने के बाद भी नोएडा प्राधिकरण की अतिक्रमण हटाओं अभियान सिर्फ कागजों पर चल रहे है। सवाल उठता है कि क्या योगी जी के आदेश यहाँ लागू नही होते या फिर यहाँ के लिए योगी आदेश ही नही देते है ?

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त से मिला शिक्षा मित्रों का प्रतिनिधि मंडल, सीएम योगी को संबोधित पत्रक देकर की 40 हजार प्रतिमाह मानदेय की मांग

संवाददात आशु खरवार दैनिक समाज जागरण

बलिया ।। जिले के शिक्षामित्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त से उनके आवास पर मुलाकात की और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। सांसद ने इस संबंध में विभागीय मंत्री को पत्र लिखने व बहुत जल्द मिलकर बात करने का आश्वासन दिया।

शिक्षामित्रों ने कहा कि वे प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में विगत 21वर्षों से सेवा देते आ रहें। वर्तमान में उनकी

आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब चल रही है। महंगाई के इस दौर में मात्र दस हजार रुपये मासिक के अल्प मानदेय में परिवार का भरण पोषण करना अत्यन्त ही मुश्किल हो गया है। भविष्य की चिन्ता को लेकर मन बहुत ही व्यथित और सशंकित रहता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार से शिक्षा मित्रों को बहुत उम्मीदें हैं।

शिक्षा मित्रों ने मांग की कि मंहगाई और अन्य परिस्थितियों को देखते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र नियमावली बनाकर उनकी सेवा 12 माह 62 वर्ष की जाए।इसके साथ ही महंगाई को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिमाह कम से कम 40 हजार रुपए मानदेय दिया जाए।इस दौरान स्यामनंदन मिश्रा, अखिलेश पांडेय, वीरेंद्र कुमार, बिनोद चौबे आदि लोग मौजूद थे ।

उद्यान विकास समिति की बैठक मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई संपन्न

–पालीवाल पार्क में सौन्दर्यीकरण व साफ – सफाई के दिये निर्देश

–एडीए द्वारा प्रेषित प्रस्तावो पर समिति के सदस्यों ने की विस्तार से चर्चा

आगरा। मंडलायुक्त आगरा की अध्यक्षता में आगरा में स्थित राजकीय उद्यानों के रख-रखाव के सम्बन्ध में उद्यान विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में राजकीय उद्यान पालीवाल पार्क के सौन्दर्यीकरण पर चर्चा हुई। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने निर्देशित किया गया कि पालीवाल पार्क में गीता निकेतन से लेकर बजीरपुरा तक सेन्ट जोन्स लाइब्रेरी में साइड ग्रिल का निमार्ण किया जाये ।इसके अलावा उस और कूडे इत्यादि इक्टटा न होने दिया जाये। मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों निर्देशित कियो कि पालीवाल पार्क में एक शौचालय का निर्माण कराया जाये साथ ही पालीवाल पार्क में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के चारो तरफ ग्रिल का निमार्ण कराया जायें। पालीवाल पार्क के विकास हेतु आगरा विकास प्राधिकरण आगरा द्वारा प्रेषित प्रस्तावो पर समिति के सदस्यों द्वारा विस्तार से चर्चा की गयी। उद्यान विकास समिति की बैठक में जिलाधिकारी प्रभु एन० सिंह,नगर आयुक्ते निखिल फुण्डे , उप निदेशक उद्याने कौशल कुमार नीरज, अधीक्षक राजकीय उद्यान आगरा डा० संजीव कुमार वर्मा, मुख्य अभियन्ता आगरा, विकास प्राधीकरण चक्रेश जैन , उद्यान विकास समिति के सदस्ये एस०एस० माहेश्वरी (सेवानिवृत्त आई0जी0), रमन समाज सेवी, प्रदीप खण्डेलवाल, संदीप अग्रवाल एवं डी0पी0 सिंह उपस्थित रहें।

जनपद की तीनों तहसीलों में घरौनिया वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक दिलाने के उद्देश्य से आज स्वामित्व योजना के तहत मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की

अध्यक्षता में लाभार्थियों को घरौनी वितरण का कार्यक्रम लखनऊ में सम्पन्न हुआ। लाइव कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए घरौनी कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसकी शुरूआत से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश में कुल 34 लाख परिवारों को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि जिनकी जमीन है आवासीय पट्टा भी अब उनके नाम पर होगा, जिसके चलते वह लोग इस पर लोन लेकर व्यवसाय व आदि कर जीवन यापन कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सबसे ज्यादा जमीनी विवाद ही सामने आते थे, इसको लेकर मुकदमे बाजी होती थी और पीढ़ी दर पीढ़ी विवादों में ही बीत जाती थी। मा0 मुख्यमत्री जी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए यह सभी सुविधाएं यहां पर उपलब्ध कराने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में आज डीएम कैम्प ऑफिस सभागार में जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना के तहत मुख्य अतिथि मा0 सांसद डॉ महेश शर्मा की उपस्थिति में 15 लोंगो को घरौनियों का वितरण किया गया। जनपद गौतम बुद्ध नगर में 18505 घरौनियां बनकर तैयार हो चुकी है, जिनके सापेक्ष वर्तमान तक 16000 से अधिक ग्रामीणों को घरौनियों का वितरण किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, एलआरसी राकेश कुमार व ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी प्रकार स्वामित्व योजना के तहत जनपद की तीनों तहसीलों में उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में 50-50 घरौनियों का वितरण कार्यक्रम करते हुये दादरी तहसील में मा0 विधायक तेजपाल नागर एवं सदर व जेवर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम वासियों को घरौनियों का वितरण किया गया।

प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

(नीरज अवस्थी, हरेश उपाध्याय)नई दिल्लीः-दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष कौशल मिश्रा की अध्यक्षता में आज संगठनात्मक बैठक का आयोजन प्रदेश कार्यालय में किया गया।जिसमें नवनियुक्त प्रभारी विपिन बिहारी सिंह एवं सह प्रभारी बृजेश कुमार राय का गुलदस्ता देकर एवं

अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष कौशल मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को समर्पित होकर भाजपा को मजबूत करना चाहिए। पूर्वांचली सदैव राष्ट्रहित व संगठन के लिए काम करता है और आगे भी करता रहेगा।प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने ह्यजहां हम वहां सबह्न का नारा दिया और कहा कि पूर्वांचल के लोग जहां से खड़े होंगे वहीं अन्य लोग उसका अनुसरण करेंगे। प्रदेश मोर्चा सह-प्रभारी बृजेश कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी भागीदारी की बात करनी हैं तो उसी के अनुरूप हमें दोगुनी शक्ति के साथ काम करना होगा। पूर्वांचल का गौरव और बढ़ जाता है कि विश्व के सबसे बड़े नेता नरेन्द्र मोदी ने पूर्वांचल की धरती को अपने संसदीय क्षेत्र के रूप में चुना है। बैठक में मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलों के अध्यक्ष व महामंत्री मौजूद रहें।

नजीबाबाद तहसील के सामने डीसीएम ने मारी बाइक में टक्कर मौके पर एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

मिली जानकारी के अनुसार घटना जनपद बिजनौर के नजीबाबाद फ्लाईओवर के पास की बताई जाती है बताया जाता है कि बाइक पर सवार दो व्यक्ति कोटद्वार जा रहे थे जैसे ही डबल फाटक फ्लाईओवर कोटद्वार रोड उतरे तभी डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार 32 वर्षीय सुल्तान की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई बताया जाता है कि मृतक के कई टुकड़े हो गए जो कि सड़क पर बिखर गए वह पीछे बैठा मुरादाबाद निवासी दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया बताया जाता है कि सुल्तान और दीपा दोनों कोटद्वार काम करने के लिए जा रहा थे घायल को सीएससी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया बताया जाता है कि एक्सीडेंट इतना भयंकर था शव को देखने वाले के होश उड़ गए और देखा ना गया और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया बताया जाता है डीसीएम चालक मौका पाकर फरार हो गया सूचना पाकर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है

बाबा फूलसन्दे वाले नजीबाबाद मे सिद्धबली विहार कॉलोनी आयोजित दिव्य सत्संग कार्यक्रम मे पहुंचे

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा ईश्वर मंत्र के दृष्टा सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालो ने कहा कि हीरे, रत्न, और शहद जैसे मित्रकाल के प्रभाव से मिट्टी और दुःख मे बदल जाते हैं। शास्वत शान्ति तो पारब्रह्म के ध्यान से और सत्पुरुषों की सत्संगति से ही प्राप्त होती हैं।आपको बता दे बाबा फुलसन्दे वाले शुक्रवार को नजीबाबाद मे सिद्धबली विहार कालोनी मे जितेंद्र सिंह के यहाँ आयोजित दिव्य सत्संग कार्यक्रम मे पहुँचे। यहाँ पर भारी संख्या में साध संगत ने सत्पुरुष बाबा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सत्संग करते हुए उन्होंने आगे कहा कि हे परमेश्वर मे तुझसे सोना, चांदी, राज्य, सौभाग्य नहीं मांगता, बल्कि मुझे सत्पुरुषों की शुभ संगति प्राप्त होती रहे। ये संसार को किसी स्वपन की तरह है। मेरी आँखें दिन-रात तेरे द्वारा रचे हुए स्वपन जैसे संसार को देखती रहती है। उन्होंने आगे कहा कि सभी को एक परमात्मा की स्तुती करनी चाहिए। और मानव कल्याण के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। इस संसार में इंसानों के होल मे कितने ही देवों और असुरों को में देखता हूँ। देवपुरुष शान्त हुए दूसरों के कष्टों को हरते हैं। औड्ड असुर यानि दुष्ट आत्मायें दूसरों को सदा कष्ट पहुंचाती रहती हैं। ऐसे दुष्टों के मुखः कलह- कलेश की अग्नि में जले रहते हैं। वे अपनी जिद और हठ पर अड़े रहते हैं। इस आयोजन पर जितेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, राकेश प्रधान, मनोज, सुनील राणा, अनिल कुमार, अजेंद्र, अनिता शर्मा, पूनम रानी, राहुल देवता, धनपति देवता, गरुण देवता, सोहंग देवता आदि मौजूद रहे।

सेवानिवृति शिक्षक को फूलमालाएं पहनाकर शाल ओढ़ाकर व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीनाः अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले नगर क्षेत्र नगीना के परिषदीय प्राथमिक विद्यालय कस्बा द्वितीय के अनुचर मोहम्मद अतीक को सेवानिवृति पर शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा फूलमालाएं पहनाकर शाल ओढ़ाकर व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। नगर क्षेत्र नगीना के परिषदीय प्रथमिक विद्यालय कस्बा द्वितीय के अनुचर मोहम्मद अतीक

को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर नगर क्षेत्र नगीना के शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में फूलमालाएं पहनाकर शाल ओढ़ाकर व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर भावुक हुए मोहम्मद अतीक ने कहा कि अपने सेवाकाल में नगर क्षेत्र नगीना के शिक्षक शिक्षिकाओं ने जो उन्हें प्रेम व सम्मान दिया है उसके वह आभारी रहेंगे वहीं शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके सहज व्यवहार कर्मठता व ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ व प्रसन्न जीवन की कामना की। इस मौके पर संकुल शिक्षक मनीष राणा, प्रधानाचार्य निशाकर विश्नोई, आरती बिश्नोई, दिया बिश्नोई,मीनाक्षी रानी कपूर, मेघना सिंह, शहाना तबस्सुम, आसिफ, समरीन,ओसामा, शबाना व साहिल आदि मौजूद रहे।

आम के बाग में शराब पी रहे थे मना करने पर की मारपीट घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर । आम के बाग में कुछ व्यक्ति बैठकर शराब पी रहे थे मना करने पर शराबियों ने जमकर मना करने वाले व्यक्ति की पिटाई कर दी इतना जबरदस्त मारा कि घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार कालागढ़ अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित एक आम के बाग मैं जुमे के दिन शाम के समय आम के बाग समीप लगभग छह सात युवक बैठकर शराब पी रहे थे। आम के बाग के आसपास मौजूद नगर के मोहल्ला किला निवासी 45 वर्षीय महमूद पुत्र मकसूद कि अचानक निगाह शराब पी रहे युवाओं पर पड़ी मौके पर पहुंच कर उसने युवकों से वहां पर शराब पी ने को मना किया तो पहले तो हल्की कहासुनी हुई उसके बाद युवकों ने जमकर महमूद को मारपीट की जिससे

वह अधमरा हो गया इसी दौरान कुछ लोग वहां पर आए और महमूद को युवाओं के चंगुल से वाह मुश्किल छुड़वाया और सीएससी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। जहां जसपुर ले जाते समय घायल महमूद ने दम तोड़ दिया। महमूद की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया मोहल्ले में भी शोक की लहर दौड़ गई महमूद के घर पर लोगों का तांता लग गया। उधर अफजलगढ़ कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज.कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। परिवार के लोगों का कहना है कि अपराधियों को सजा मिलनी चाहिए।

चेयरमैन प्रत्याशी सलीक कातिब ने बहेड़ी के अनेक वार्ड में किया जनसंपर्क

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी के मोहल्ला बालाजी पुरम के कच्चे रास्ते और जनता नगर पालिका प्रशासन वा बिजली विभाग की वजह से बरसो से बेहाल है वहां की जनता ने समाज सेवी सलीक कातिब को बुलाकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया वा कच्चे रास्ते संभलवाने वा बिजली की समस्या दूर कराने की अपील की कातिब ने वहां की जनता को भरोसा दिलाया की वे जल्द ही रास्तों को अपने निजी खर्चे से ठीक करादेंगे तथा विजली विभाग के अधिकारियों से बात करके बिजली की समस्या भी समाधान कराएंगे। और इसी बात को ध्यान में रखते हुए चेयरमैन प्रत्याशी सलीक कातिब ने अधिकारियों से

बात कर अपने निजी खर्चे से रोड पर ईट और गिटटा डलवा कर ठीक करा दिया पत्थर डलवाने का कार्य किया और बिजली की समस्या का भी समाधान किया इस बात को ध्यान में रखते हुए मोहल्ला बालाजी पुरम के लोगों में खुशी की लहर नजर आई और मोहल्ले के लोगों का कहना है कि हमारे समस्या का पिछले कई सालों से समाधान नहीं हो रहा था जब हमने चेयरमैन प्रत्याशी सलीक कातिब को अपनी परेशानी बताई तब जाकर इन्होंने अपने निजी खर्चे से हमारी समस्या का समाधान किया और इसी बात को सुनते मोहल्ले के कई अनेक लोगों के बीच नारेबाजी होने लगी और कहा की आने वाले चुनाव में हमसे वोट की उम्मीद भी वह लोग करें जो हमारी परेशानियों में खड़े हैं

खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह से शिष्टाचार भेंट कर बुक एवं पौधा देकर सम्मान किया

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के बैनर तले जिला व ब्लाक कार्यकारिणी जनपद बिजनौर का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह, महामंत्री वर्षा रानी व कोतवाली ब्लाक अध्यक्ष सुरभि अग्रवाल , ब्लॉक महामंत्री अनुराधा चौधरी सर्व सम्मति से चुनी गई। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के बैनर तले जिला कार्यकारिणी जनपद बिजनौर द्वारा जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह, जिला महामंत्री वर्षा रानी, जिला उपाध्यक्ष कहकशा रहीम ने ब्लॉक कोतवाली उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष रुचिता सिंह, महामंत्री वर्षा

रानी, उपाध्यक्ष कहकशा रहीम एवं ब्लॉक कार्यकारिणी कोतवाली ने ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह से शिष्टाचार भेंट कर बुक एवं पौधा देकर सम्मान किया तथा सभी ब्लॉक कार्यकारिणी का परिचय कराया गया। ब्लाक कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों को प्राधिकार पत्र ब्लॉक जिला अध्यक्ष महोदया रुचिता सिंह के द्वारा दिए गऐ कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों को जिला अध्यक्ष द्वारा शुभकामनाएं दी गईं ब्लॉक अध्यक्ष सुरभि अग्रवाल , ब्लॉक महामंत्री अनुराधा चौधरी, वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष कविता चौधरी, उपाध्यक्ष सबिहा, अनीता, हेमलता रानी, सरिता, रेनू भारती , मंत्री गिन्नी सिंह , संयुक्त मंत्री शालिनी रानी चुने जाने पर सभी ने नई कार्यकारिणी का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सुरभि अग्रवाल ने समस्त महिला अध्यलिकाओं को आश्वस्त किया कि आपने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसपर मै खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी।

मिर्जा नर्सिंग होम पर आयोजित हुई दूसरी मेडिकल कांफ्रेंस डायबिटीज बीमारी पर दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

किरतपुर। शनिवार की दोपहर मिर्जा नर्सिंग होम के कांफ्रेंस हाल में स्वस्थ एवम प्रसन्नचित कैसे रहे के विषय को लेकर दूसरे चरण की मेडिकल कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिसमे मधुमेह डायबिटीज, रोग व निदान पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में डॉक्टर एन एच मिर्जा ने कहा कि डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसको जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता इस रोग को हम बिना दवाई खाए ही कंट्रोल कर सकते है। जैसे कि पैदल चलना,परिश्रम करना, कम मीठा खाना व समय समय पर शुगर की जांच कराना, खुश रहना आदि शामिल है अन्त में उन्होंने कहा कि हमारा देश

डायबिटीज बीमारी की राजधानी बनता जा रहा है। हमे इस बीमारी को लेकर जागरूक रहना चाहिए, उन्होंने बताया की अगले शनिवार को दिल की बीमारियां बचाओ व रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो के बहुमूल्य सुझाव भी मांगे गए। इस मौके पर डॉक्टर मोहतशिम मिर्जा,डॉक्टर तोहा नईम मिर्जा,नरेश कालरा,सतेंद्र कुमार अग्रवाल, डॉक्टर एहसान उल करीम, लईक अहमद ठेकेदार,विपिन गोयल,नसीम अर्शी,रमेश धीमान,डॉक्टर अनु गोयल,रोमा रस्तोगी, आलोक रस्तोगी,मास्टर रफी उल्लाह, तलहा मकरानी एड0 व डीके गुप्ता बिजनौर आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर जोहरा मिर्जा, यूसुफ अली,बाबर, जाफर , अफसाना, मौहम्मद खुशाल,दानिश, रिदा खान, इलमा आदि का सहयोग रहा।

सेवानिवृत्त होने पर होमगार्ड को दी भावभीनी विदाई

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

नूरपुर। शनिवार को थाना नूरपुर तैनात चार होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर थाना प्रभारी व पुलिस-ाकर्मियों ने चारो होमगार्डो को भावभीनी विदाई दी। थाना प्रभारी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।ओर उन्हे अच्छे कार्य के लिए सराहना की।शनिवार को थाना नूरपुर मे तैनात चार होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे रामदास पुत्र हरवंश सिंह निवासी धोलागढ,हरि सिंह पुत्र दाताराम

सिंह निवासी मंढोरा, मुन्ना सिंह पुत्र बुध सिंह निवासी गोपालपुर,त्रिमल सिंह पुत्र,कलवा सिंह निवासी ढेला अहीर, को भव्हीन विदाई दी गई जिन्होने थाना नूरपुर मे लंबे समय तक पुलिसकर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया।थाने मे आयोजित विदाई समारोह मे थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी ने चारो होमगार्ड को शॉल ओढ़-ाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान थाना प्रभारी धीरज सिंह ने उनके कार्यों की सराहना की। इसके बाद समस्त स्टॉफ उनका तालियों व सैल्यूट कर नम आंखों से सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी।इस दौरान होमगार्ड ने कहा कि वह थाना नूरपुर के समस्त स्टॉफ के आभारी रहेंगे और थाना पुलिस को जब भी उनकी जरूरत होगी, वह उनके लिए मौजूद रहेंगे।

शहीद भगत सिंह कराटे कार्यक्रम में 1k किराना बाजार का प्रमोशन

1k किराना बाजार से खरीदारी करे और पाए 5% से 25% तक की बचत

दैनिक समाज जागरण

बिजनौर।काकरान वाटिका बिजनौर में शहीद भगत सिंह कराटे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अनेक प्रदेशों से आए युवाओं बालिकाओं और बच्चों ने कराटे कंपटीशन मैं भाग लिया कॉन्पिटिशन में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया वहां पर मौजूद 1K किराना बाजार कंपनी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को एक-एक चॉकलेट देकर बच्चों का मनोबल

बढ़ाया और साथ ही वहां पर मौजूद 1K किराना बाजार कंपनी से सारिम ताज ने 1k किराना बाजार के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि बिजनौर जिले के अंदर 1k किराना बाजार के 32 स्टोर खुल चुके हैं जहां पर आपको घर का सामान उचित मूल्य पर मिलेगा 5% से 25% तक की छूट आप सिर्फ 1k किराना से ही पा सकते हैं इस लिए सभी 1k किराना से खरीदारी करे और बताया की आप प्ले स्टोर से 1k किराना की एप्लीकेशन को डाउनलोड करें और पाए 50 रुपये के पॉइंट जिसे आप खरीदारी में भारी छूट पा सकते है वहा पर उपस्थित 1k किराना बाजार से जसवीर सिंह ,दीपक सैनी, मोनू , नरेंद्र , शुभम , अमित ,संकर आदि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की 29 जून को होने वाली चुनाव की बनाई रणनीति

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर । पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल शाखा धामपुर की एक बैठक का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी के प्रतिष्ठिन पर किया गया। जहां उन्होंने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मंडल की समस्त नगर इकाइयों का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन पर समस्त नगर इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भांग कर दिया गया है। और अब नई नगर इकाइयों के गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया होनी है। जिसके मद्देनजर आगामी 29 जून को शाम 4: बजे शेरकोट शाम 6: बजे अफजलगढ़ वह शाम 8: बजे धामपुर में चुनाव होगा। मीटिंग में पूर्व नगर अध्यक्ष एस ,पी ,सलूजा ने सभी शहर के व्यापारियों को अवगत कराया है कि अक्षित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की 29 जून को होने वाले इस चुनाव

में जिला चुनाव अधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा होंगे व प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के साथ प्रदेश वह मंडल स्तरीय पदाधिकारियों की निगरानी में यह चुनाव संपन्न किया जाएगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष रेल जिला चुनाव अधिकारी सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए बताया कि संगठन को सक्रिय रखने के लिए नगर निकायों के सक्रिय होना बहुत ही जरूरी है। इसलिए 3 साल में नगर इकाई को भंग करके चुनावी प्रक्रिया के तहत नई इकाई का गठन होता है हमें वो व्यक्ति संगठन से जोड़ना है जो अपनी जिम्मेदारी को समझें और संगठन को मजबूत बनाने का काम करें। ऐसे पदाधिकारी क्यों निष्क्रिय चल रहे हैं उनके लिए संगठन में कोई स्थान नहीं है उनकी स्थान पर नए व्यक्ति को आगे लाया जाएगा जिसकी सक्रियता से संगठन में मजबूती आए। मीटिंग का संचालन इरशाद धाम पुरी ने किया अध्यक्षता सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा ने की इस अवसर पर असलम फरीदी, सुहेल डिजाइनर, गगनदीप जुनेजा, अमित अग्रवाल, रविंदर सिंह, सिंढाना प्रदीप सचदेवा फहीम राणा अशोक दुआ नदीम फारुकी खुर्शीद मंसूरी आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

एसपी ने फ्लैग मार्च कर दिया संदेश कि सौहार्द से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

नूरपुर। मोहम्मद साहब पर टिप्पणी को लेकर दूसरे देशों में ही नहीं भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न मुस्लिम संगठन के लोग सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हें। कुछ राज्यों में हिंसा भी हो रही है। इसी के मद्देनजर नूरपुर पुलिस ने एहतियातन शुक्रवार को शहर में फ्लैग मार्च किया। एसपी धर्मवीर सिंह के नेतृत्व पदाधिकारियों के साथ मार्च कर स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी हाल में सौहार्द से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि नगर व आसपास क्षेत्र में आपसी सौहार्द कायम रहे। शरारती तत्व के लोग समय-समय पर अपना स्वार्थ साधने के लिए उपद्रव की साजिश करते रहते हैं। ऐसी हर साजिश को पुलिस ने अमन पसंदों के सहयोग से नाकाम किया है। शरारती तत्व के लोगों की पहचान कर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।नगर नूरपुर के लोग अमन पसंद हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की नजर है। मार्च थाना मैदान से निकलकर बुद्धबाजार,शिव मंदिर चोक समेत अन्य इलाकों से गुजरें। इस मौके परएसपी देहात रामअर्ज सिंह, सीओ सुनीता दहिया, नगर थानाध्यक्ष धीरज सिंह, समेत अन्य पदाधिकारी मोजूद रहे।

समाधान दिवस के अवसर पर थाना नगीना व बढ़ापुर में पहुंच कर जनसमस्याओं को सुना

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिजनौर श्री राम अर्ज ने समाधान दिवस के अवसर पर थाना नगीना व बढ़ापुर में पहुंच कर जनसमस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण के लिए दिशा निर्देश दिए पर थाना नगीना में जनसमस्याओं को सुनकर जनशकायतों के अतिशीघ्र एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। श्री राम अर्ज ने कुछ अभिलेखों को भी चेक किया इस मौके पर नगीना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा व उप निरीक्षक मीर हसन समस्त पुलिस स्टॉप तथा राजस्व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

राजस्व पुलिस की टीम मिलकर करें शिकायतों का त्वरित निस्तारण

संवाददात आशु खरवार दैनिक समाज जागरण

बलियाः थाना समाधान दिवस पर शहर कोतवाली परिसर में डीएम ने सुनी समस्या जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर शहर कोतवाली परिसर में जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने थाना प्रभारी को सभी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए समय अंतर्गत और गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मिलकर मिली शिकायतों के संबंध में मौका मुआयना करके दोनों पक्षों की बात सुनकर हर सही व्यक्ति को न्याय दिलाएं। उन्होंने लेखपालों और हल्के के दरोगा-सिपाही को भी

पूरी गंभीरता से इस दिशा में कार्यवाही करने का निर्देश दिया। चेतावनी भी दी कि अगर शिकायतों के निस्तारण में रुचि नहीं ली तो कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जन सुनवाई करने के बाद उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण भी किया। सभी प्रकार के रजिस्टरों को चेक किया। कहा कि हमेशा अभिलेख अपडेट रहना चाहिए। इस दौरान एसडीएम जुनैद अहमद सहित थाना प्रभारी व लेखपाल मौजूद थे।

भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा को व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। लोकप्रिय समाजसेवी व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा ने भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के निवास स्थान ठाट में विशेष भेंट की और उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने पार्टी व संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहां है कि अशोक कुमार राणा पब्लिक से जुड़े हुए नेता हैं और क्षेत्र में विकास पुरुष के नाम से विख्यात है क्योंकि अशोक कुमार राणा क्षेत्र की जनता की तकलीफों और जरूरतों को समझते हैं साथ ही वह पार्टी के सभी कार्यकताओं और साथियों को भरपूर सम्मान करते हैं साथ ही अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि उन्होंने अशोक कुमार राणा के क्षेत्र व व्यापारी वर्ग की सुरक्षा आदि पर चर्चा की। जिस पर उन्होंने पूर्ण आश्वाशन देते हुए कहां की वो जनता की हर सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

लेखपालों की बैठक आयोजित ओवरहेड टैंक के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। तहसील सभागार में लेखपालों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार ने लेखपालों को ग्राम पंचायतों में ओवरहेड टैंक के लिए भूमि चिन्हित करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ओवरहेड टैंक बनवाएं

जाएंगे। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार योगेश तिवारी ने बताया कि हर घर जल योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में ओवरहेड टैंक बनवाएं जाएंगे। उन्होंने के लिए लेखपालों को भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही तहसीलदार ने खारघर जब योजनाओं को लेकर लेखपालों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने इसे लेकर ग्राम पंचायतों में ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए शीघ्र से शीघ्र भूमि किस करने के लिए निर्देशित किया। तहसीलदार ने बताया कि हर घर जल मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में हर घर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मिशन को जल्दी से कियय्वित किया जा रहा है। फिलहाल तहसील क्षेत्र की 90 ग्राम पंचायत में ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। लेट जो आप आज ग्राम पंचायतों में भूमि क्लास का कार्य तेजी से किया जा रहा है बैठक में सभी लेखपाल उपस्थित रहे।

गांव भवन में जमीन पर अबैध कब्जा करने का लगाया आरोप

दैनिक समाज जागरण बहजोई । बहजोई कोतबाली में आज जनता की समस्याओं हेतु समाधान दिबस लगाया गया जिसमें सभी गांबो के लेखपाल कानूनगों ब इस्पेक्टर बहजोई पंकज लबानिया उपस्थित हुए जिसमें जनता की समस्याओं को सुना गया तत्काल निर्देश समस्या का समाधान किया जाय कुछ खेती की भूमि सम्बंधित समस्या आयीं लेखपाल कानूनगो निर्देश दिए कुछ गांब भबन में गाटा संख्या 193 पर 0,30 हेक्टर पर अबैध कब्जा कर लिया गया जिसकी शिकायत इस्पेक्टर बहजोई पंकज लबानिया को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कालीचरण बहजोई द्वारा अबगत कराया गया गांब भबन में योगी जी के बुलडोजर की तत्काल आवश्कता है बहाँ पर कुछ मुस्लिम परिबारों ने अबैध कब्जा कर लिया है जो भूमि बिक्रेता राजेन्द्र पुत्र सिप्टर से कालीचरण बहजोई ने खरीदी थी बहाँ दबंगों ब भूमाफियों ने अबेध कब्जा कर लिया है उसे प्रशाशन तत्काल मोके पर जांच कर अबैध कब्जा मुक्त किया जाय एसडीएम को लिखित प्रार्थना पत्र ब जिलाधिकारी मनीष बंशल को भी प्रार्थी कालीचरण बहजोई गांब भबन पर गाटा संख्या 193 पर निष्पक्ष जांच हेतु प्रार्थना पत्र सौंप चुका है

ई शिक्षा नीति के तहत लर्निंग आउटकम और पाठ योजना पर कार्यशाला



दैनिक समाज जागरण चंदौसी/ बहजोई । नगर के चंदौसी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्या भारती मेरठ प्रांत के निर्देशन में नई शिक्षा नीति के तहत 7 विषयों में से एक प्रमुख विषय लर्निंग आउटकम व पाठ योजना पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का प्रारंभ विद्यालय के प्रबंधक अशोक गर्ग, प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा और जिला समन्वयक नवनीत कुमार द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

इस कार्यशाला का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। इस कार्यशाला में संभल जिले के लगभग 20 प्रधानाचार्य और आचार्य बंधु उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में अवगत कराया और कहा कि लर्निंग आउटकम अर्थात सीखने के परिणाम शिक्षकों और छात्रों को कक्षा में केवल सैद्धांतिक अवधारणाओं को सीखने के बजाय समग्र विकास के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सीखने के परिणाम छात्रों के ज्ञान के स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ कौशल विकास में मदद करते हैं।

द्वितीय सत्र में विद्यालय के आचार्य विनीत कुमार ने लर्निंग आउटकम विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सीखने के परिणाम पाठ्यक्रम के परिणामों और कार्यक्रम के परिणामों तक ही सीमित नहीं हैं और इसलिए छात्रों को आजीवन सीखने वाले बनने में सक्षम बनाते हैं। यह उन्हें एक अलग मानसिकता विकसित करने और समाज के कल्याण के लिए कुछ नया करने में मदद करता है`

तृतीय सत्र में जिला समन्वयक नवनीत कुमार ने पाठ योजना को किस प्रकार से तैयार करें के बारे में समझाया और कहा कि आकर्षक एवं सुनियोजित अध्यापन के लिए शिक्षण योजना तैयार करना आवश्यक होता है। यदि शिक्षक द्वारा शिक्षण योजना पूर्व में तैयार कर ली जाती है, इसके बाद कक्षा में जाकर अध्यापन किया जाता है तो निश्चित ही अध्यापन उत्कृष्ट होता है और विद्यार्थियों का अधिगम भी भली-भांति होता है`

संपूर्ण कार्यशाला में जिला आई०टी० प्रमुख गौरव गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, नरेंद्र मोहन, देवेश, रामपत, तालेवर, राकेश शर्मा, चंद्रपाल, मनोज सिंह, छविंद्र, भयंकर सिंह आदि उपस्थित रहे`

अवैध प्लाटिंग व दुकान मार्केट बनाकर बेचने वालों की खैर नहीं.. उपजिलाअधिकारी

दैनिक समाज जागरण संभल । संभल में तीन थानों की पुलिस के साथ पीएसी बल लेकर अवैध प्लाटिंग व दुकान मार्केट बनाकर बेचने वालों की खैर नहीं.. जो भी अवैध रूप से प्लाटिंग करेगा वह ध्यान से इस खबर को देख लें..क्योंकि शासन के निर्देश अनुसार संभल प्रशासन अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बहुत तेजी से कार्यवाही कर रहा है.. और जो भी बिना नक्शा या बिना लेआउट के प्लॉटिंग कर रहा है उसकी प्रॉपर्टी को बुलडोजर से ध्वस्त किया जा है.. इसी क्रम में आज थाना हयातनगर के ठीक सामने 6 बीघे से अधिक की प्लॉटिंग दुकान पर एसडीएम ने बुलडोजर चलवा दिया.. संभल एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि संभल में प्रॉपर्टी डीलर बिना नक्शा और बिना लेआउट पास किए जहां मन आया प्लॉटिंग कर रहे हैं जिससे आम जनता भ्रमित होती है..इस तरह की अवैध प्लाटिंग पर ना तो बैंक द्वारा लोन पास हो पाता है और ना ही कोई सुविधा मिल पाती है. और गरीब लोगों को ठगा जाता है ।.इस तरह की अवैध फ्लोटिंग पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है इसी क्रम में हयातनगर थाने के ठीक सामने 6 बीघे से अधिक

प्रॉपर्टी को जेसीबी के मदद से ध्वस्त कराया गया है और आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी बीजेपी के बड़े नेता ने हम पर दबाव बनाने की कोशिश करी मगर संभल एसडीएम ने उनकी एक नहीं सुनी। बाइट उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा

शिक्षा से ही देश महान बनता है- डॉ किश्वर जहां जैदी

दैनिक समाज जागरण सम्भल।नगर के हयातनगर के सटे ग्राम घुंघावली स्थित आमना पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुरुस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए नगर की प्रख्यात शिक्षाविद डॉ किश्वर जहां जैदी ने कहा आज प्रतियोगिता का दौर है जिसमे बिना शिक्षा प्राप्त किये सफलता प्राप्त नही हो सकती।इसलिए अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

समारोह में गॉड्स ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने शिक्षारूपी मशाल को निरंतर थामे रहने पर बल दिया। इसके बाद स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद आजम ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट पढ़कर सुनाई।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में फिरोज खां,बदर जमाल साहिल, जुनैद इब्राहीम,खुर्शीद हुसैन,नंन्हे अली एडवोकेट,अखलाक हुसैन,हाफिज मेहदी हसन आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर नाजिर हुसैन,शमशाद हुसैन,आस मोहम्मद,संजीव कुमार,मोहतासिम बिल्लाह,परवेज हुसैन,नाजिम हुसैन,मोहम्मद परवेज आदि शामिल रहे। अंत मे स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद रेहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ किश्वर जहां जैदी एवं संचालन शाह हुसैन आरिफ ने किया।

माता शत्रु पिता बैरी येन बालो न पाठित: गौ वत्स पंडित कवित शास्त्री जी महाराज

दैनिक समाज जागरण संभल । संभल। जनपद के गांव मोहम्मदपुर टांडा में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह के द्वितीय दिवस पर गोवत्स पंडित कवित शास्त्री जी महाराज ने भगवान शुकदेव जी के जन्म महोत्सव की कथा एवं महाराज परीक्षित के जन्म की कथा सुनाई। एक बार नारद जी पाराशर नन्दन वेदव्यास जी के पास गए। वेदव्यास जी ने नारद जी का हृदय से सत्कार कर विधिवत पूजन किया किया। नारद जी के बचनों को सुनकर वेदव्यास जी ने अपने सस्वती नदी के पश्चिमी तट पर स्थित सम्या प्रास कुटिया पर आए और श्रीहरि का ध्यान करते ही उनके हृदय में भागवत जी प्रकट हो गयीं। व्यास जी द्वारा बोलते गये श्री गणेश जी लिखते रहे इस प्रकार दिव्य श्रीमद्भागवत की संहिता बन करके तैयार हो गई। जिसमें 12 स्कंध, 335 अध्याय,18000 श्लोक हैं। रचना करने के पश्चात व्यास जी ने अपने प्रिय पुत्र शुकदेव जी को प्रथम पढ़ाया। गुरु जी ने नारद जी की कथा बताते हुए कहा कि नारद जी पिछले जन्म दास में जी के पुत्र थे संतों का आशीर्वाद एवं सत्संग के प्रभाव से वह अगले जन्म में नारद बने भगवान ने अपनी वीणा नारद जी को प्रदत्त की। गुरुजी ने कहा बच्चों को प्रारंभ से ही अच्छे संस्कार देने चाहिए बाल्य काल में जो संस्कार बच्चों में पड़ जाते हैं। वह जीवन पर्यंत रहते हैं इसलिए बच्चों को बचपन से ही संस्कारित करना चाहिए। बच्चों को प्रतिदिन माता पिता एवं गुरू जनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेना चाहिए। वो माता-पिता बालक के दुश्मन होते हैं जो अपने बच्चों को अच्छे संस्कार एवं शिक्षा नहीं प्रदान करा पाते। 5 वर्ष के बच्चे के साथ खूब दुलार करना चाहिए उसके बाद उसमें अच्छे संस्कार डालने का प्रयास करना चाहिए 16 वर्ष का बालक के साथ मित्र जैसा व्यवहार करना चाहिए। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे और भजनों का आनंद लेते हुए पावन कथा का रसपान किया मुख्य यजमान के रूप में अनिल शर्मा, भूरे चौधरी, मुन्ना सिंह, भूराज सिंह, उपेन्द्र सिंह, सुभाषचंद्र शर्मा, सरजू चौधरी, शिवोम शर्मा, मनोज वर्मा, एवं बिजय शर्मा एवं सुभाष चौधरी सपत्नीक उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा पर बैठक का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण संभल । जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा पर बैठक का आयोजन किया गया बैठक में 27 जून 2022 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आवाहन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेश कमेटी के निर्देशन पर जनपद संभल कि चारों विधानसभाओं में अग्नीपथ भर्ती योजना के विरोध को लेकर होने वाले सत्याग्रह को लेकर नीति तैयार की गई विधानसभा बार नेतृत्व हेतु वरिष्ठ कांग्रेसी जनों को जिम्मेदारी सौंपी गई बैठक में कल वायनाड में कांग्रेस नेता पूर्व अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी जी के जनसंपर्क कार्यालय में की गई तोड़फोड़ को लेकर रोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस जनों ने इस घटना की निंदा की और केंद्र में बैठी नकारा सरकार से घटना को अंजाम देने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग की बैठक में जिला अध्यक्ष विजय शर्मा हाजी मरगूब आलम दुष्यंत कुमार सिंह मुनेश कुमार जोशी इब्राहिम खान छिददा खां आसिफ अल्वी विशाल शर्मा पवन गिरी अब्दुल लतीफ मोहम्मद दानिश मोहम्मद असलम मुस्तफा रियाजुद्दीन मलिक पिंटू पाल आदि लोग मौजूद रहे

बहेड़ी का युवक गया काम करने वहां अचानक हुआ तबयीत खराब

समाज जागरण संवाददाता बहेड़ी के युवक की इलाज के दौरान ऋषिकेश में हुई मौत ।आठ दिन पहले हल्द्वानी में मजदूरी करने के दौरान जब युवक ने घर के गेट को खोला उसी समय बिजली का तार टूट कर गेट पर गिर गया था जिसमें युवक बुरी तरह से झुलस गया । झुलसे युवक को उनके पिता ने हल्द्वानी के निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर गए जहां पर उसकी हालत खराब होने पर डॉक्टरों ने ऋषिकेश एम्स में भेज दिया ।सात दिन चले इलाज के बाद आज युवक की मौत हो गई । हादसा होने के कारण एम्स प्रशासन ने स्थानीय पुलिस को म्रतक का मेमू भेज दिया । पुलिस ने युवक के शव को लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

पोस्टमार्टम होने के बाद युवक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया । बताया जाता है कि युबक कोट पेंट का अच्छा कारीगर था ।लेकिन हादसे वाले दिन युवक अपने पिता के साथ पहली बार मजदूरी के लिए गया था । जहां पर उसके साथ हादसे में उसकी जान चली गई ।

वही परिजनों को युवक की मौत की सूचना मिली घर मे कोहराम मच गया। म्रतक का नाम आजम पुत्र बाबू उम्र 18 साल निवासी मोहम्मद पुर थाना बहेड़ी ।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी पहुंचे बांदा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का किया स्थलीय निरीक्षण

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह व मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश अवस्थी पहुंचे बाँदा, निमार्णाधीन बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का किया निरीक्षण, साथ ही अधिकारियों के साथ की बैठक, जुलाई के दूसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं उदघाटन,

आपको बता दें कि आज बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने बांदा पहुंचे उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह जहां उन्होंने हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक की और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का जायजा लिया वही मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का 97% काम हो चुका है शेष काम 5 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी जुलाई के दूसरे सप्ताह तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना था बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनाने का जो अब बनकर लगभग तैयार हो चुका है। थोड़ा बहुत जो काम बचा है उसको अगले 10 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 29 फरवरी 2020 को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया गया था। जिसको हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में 36 महीने के काम को मात्र 28 महीने में पूरा कर लिया गया है। नदियों में पुल बनाने में 5 से 6 साल लग जाते हैं। लेकिन उद्योग मंत्री की देखरेख में मुख्यमंत्री के निर्देशन में इस कार्य को बहुत ही जल्द पूरा किया गया है। आपको बता दें कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे चित्रकूट के भरतकूप से निकलकर इटावा के कुदरेल तक है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की लंबाई 296 किलोमीटर लंबी है। उन्होंने बताया एक्सप्रेसवे के बन जाने से यहां के लोगों के लिए दिल्ली का रास्ता मात्र 7 घंटे का होगा।

वही इस मौके पर जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बताया कि हमारे बांदा जनपद में यह बुंदेलखंड एक्सप्रेसबे का एरिया लगभग 63 किलोमीटर का आता है। जो की पूरी तरह लगभग पूरा हो चुका है। थोड़ा बहुत पुलों का काम बाकी है। वह भी आगामी 5 तारीख से पहले पूरा कर दिया जाएगा जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने कहा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा ।

लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी - प्रशांत कुमार

- 16 शिकायतों में मात्र 2 का हुआ निस्तारण , पिछली शिकायतों का क्या हुआ .....

अजय दुबे कन्नौज

कन्नौज ।थाना समाधान दिवस में पहुंचे आई जी कानपुर ।उन्होंने कहा कि अवैध कब्जेदारों के संबंध में आने वाली शिकायतों को चिन्हित कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी।

आज पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर प्रशांत कुमार द्वारा कोतवाली तालग्राम में आयोजिते थाना समाधाने दिवसे के अवसर पर पटटा, अवैध कब्जा, आदि राजस्व विभाग से संबंधित शिकातयों की सुनवाई करते हुये उपस्थित संबंधित अधिकारी, लेखपाल, कानूनगो एवं हल्का प्रभारियों को दिये। उन्होनें निर्देशित करते हुये कहा कि थाने की टीम के साथ संयुक्त रूप से राजस्व एंव पुलिस की टीम तैयार कर पट्टो पर अवैध कब्जे एंवे थानो दिवसे में आने वाली शिकायतों का निस्तारण थानो क्षेत्र में टीम बनाकर योजनांतर्गत कराना सुनिश्चित करें एवं कब्जामुक्त कराने के उपरांत पुनः कब्जा करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, जिससे ऐसे व्यक्तियों पर अंकुश लग सके। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुये कहा कि प्रत्येके थानो दिवसे में आने वाले प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाये एंव राजस्व व पुलिस विभाग की टीम उसी दिन मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने के साथ ही रजिस्टर में अंकन भी सुनिश्चित करें एवं जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण सम्भव नहीं हैं उन्हें हर संभव प्रयास कर एक सप्ताह में पूर्ण कर संबंधित प्रार्थी को भी बताया जाए। उन्होंने कोतवाली तालग्राम में राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर कराया गया। जब पिछली शिकायतों के बारे में थाना प्रभारी तालग्राम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पिछली बार भी 16 शिकायतों में 7 का निस्तारण हुआ बाकी का नहीं हो सका लेकिन ऐसा नहीं होना

चाहिए था कोई भी शिकायत का निस्तारण लंबित नहीं होना चाहिए जब तक अगला समाधान दिवस आए तब तक पिछली समस्याओं का समाधान हो जाना चाहिए। लेकिन पिछली शिकायतों का समाधान हुआ य नहीं इसका किसी से कोई लेना देना नहीं । तामझाम से कोसो दूर है सच्चाई क्योंकि आम की आदमी आज भी अपनी समस्या के लिए जिले के आलाधिकारियों की चौखटों के चक्कर लगा रहे हैं। निचले स्तर पर समस्या का हल अगर किया जाने लगे तो शायद बड़े दरवारो में फरियादियों की भीड़ भी कम दिखाई देने लगे । लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है ।हुकूमत भी वही है हाकिम भी वही है लेकिन अफसोस की हालत जस के तस है । देखा जाए तो अफसर दौड़ भाग में कोई कसर नहीं छोड़ रहे लेकिन अधीनस्थ अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उनकी वजह से कभी-कभी अधिकारियों को भी अपने ऊपर नाराजगी झेलनी पड़ती है। उन्होंने थाना समाधान दिवस में उपस्थित लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए कि यदि किसी पट्टे की भूमि या चक रोड पर किसी व्यक्ति द्वारा कब्जे की शिकायत मिलती है एवं उस शिकायत के निस्तारण स्वरूप एक से ज्यादा बार उस स्थल को कब्जा मुक्त कर दिया जाता है तो उसके उपरांत भी यदि उस स्थल पर वही व्यक्ति पुनः कब्जा करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराते हुए नियमानुसार गुंडा एक्ट की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्तियों द्वारा की गई शिकायतों का निस्तारण तत्काल करते हुऐ समाधाने करें, जिससे कि पीड़ित व्यक्तियों को दोबारा शिकायत लेकर न आना पड़े।

थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एंव पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों सहित लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस कोतवाली/थाना समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की हर सम्भव सहायता की जाए तथा उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनकर उनका निस्तारण समय से एवं त्वरित गति से किया जाए। उन्होनें सभी हल्का प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में नियमित गश्त कर शरारती तत्व व शांति व्यवस्था को खराब करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही एक और शिकायत में में मौके पर शिकायतकर्ता योगेश कुमार ई0प्र0अ0 द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय मायापूर्वा की जगह में ग्राम मायापुर्वा के कुँमर पाल पुत्र तुलाराम के द्वारा झोपड़ी व ईंटे तथा नरेन्द्र सिंह व गन्धर्व सिंह पुत्र गण कैलाश व पान सिंह पुत्र गण राम स्वरूप व सत्यपाल पुत्र जवाहर लाल कमल किशोर निवासी मायापुर्वा के द्वारा उक्त गाटा संख्या की भूमि पर घूरा, कण्डा, झोपडी आदि रखकर अवैध रूप से कब्जा किये जाने की शिकायत पर उन्होंने तत्काल क्षेत्रीय लेखपाल एवं थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर संबंधित के विरुद्ध पुनः कब्जा करने पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराए जाने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दुआ से दवा तक शिविर का आयोजन

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - आज दिनांक 25 जून दिन शनिवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा दुआ से दवा तक शिविर का आयोजन कर्बला मजार में किया गया। जिसमें मनोरोग चिकित्सक डॉ हर दयाल ने बताया कि आमतौर पर दमा, मिर्गी, हिस्टीरिया जैसी बीमारी होने पर शुरू में लोग धार्मिक स्थानों पर जाते हैं। आस्था के अनुसार मौलवी या पुजारी से झाड़ फूंक कराते हैं किंतु इलाज नहीं कराते हैं ।वास्तव में यह मानसिक रोग की श्रेणी में आते हैं इसके लिए जिला चिकित्सालय सोमवार,बुधवार, शुक्रवार को आकर अपना इलाज करा सकते हैं । मनोरोग चिकित्सक द्वारा मरीज भी देखे गए। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सरकार मंदिर और मजारों पर शिविर लगाकर मानसिक रोगियों की काउंसिलिंग और इलाज प्रारंभ किया है। इस कार्यक्रम को 'दुआ से दवा तक' नाम दिया गया है। साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने बताया कि दुआ के साथ साथ दवा भी आवश्यक है। सहायक अशोक कुमार ने पंपलेट बांटकर लोगों को जागरूक किया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ रामवीर ने लोगों को तंबाकू ना खाने की सलाह दी और उसके दुष्प्रभाव के विषय में जानकारी दिया। कर्बला मजार के अध्यक्ष पप्पू ने सबका धन्यवाद किया।

यू0जे0 इंटरनेशनल स्कूल को सीबीएसई से 10+2 की मिली मान्यता

समाज जागरण अखिलेश सिंह

कछौना, हरदोई। जनपद हरदोई के नगर कछौना स्थित यूजे इंटरनेशनल स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) दिल्ली से 10+2 की मान्यता प्रदान की गई है। यूजे इंटरनेशनल स्कूल नगर सहित ब्लॉक क्षेत्र का ऐसा पहला निजी विद्यालय है, जिसने सीबीएसई बोर्ड से 12वीं की मान्यता प्राप्त की है। इसका एफीलिएशन नंबर 2133393 है। विद्यालय को मान्यता मिलने के बाद विद्यालय प्रबंधन, अभिभावक एवं शिक्षक गण के बीच खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की कड़ी मेहनत के बदौलत कम समय में बेहतरीन लर्निंग आउटकम के चलते यूजे इंटरनेशनल स्कूल की गणना ब्लॉक कछौना के टॉप स्कूलों में होने लगी है। यूजे इंटरनेशनल स्कूल को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10+2 की मान्यता मिलने के बाद विद्यालय के निदेशक शिवम गुप्ता ने बताया कि जून 2020 में सीबीएसई बोर्ड के द्वारा विद्यालय को हाईस्कूल की मान्यता प्रदान की गई थी। दो साल में विद्यालय ने अपने बेहतर एकेडमिक फैसिलिटी के आधार पर 12वीं की मान्यता भी प्राप्त कर ली है।अब विद्यालय में स्टूडेंट सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत विज्ञान एवं कला संकाय की 12वीं तक की पढ़ाई कर सकेंगे। विद्यालय का अपना भवन जो विशाल परिसर के बीचो-बीच मौजूद है, इसी परिसर में बच्चों के लिए खेल का मैदान भी है।यूजे इंटरनेशनल स्कूल के फाउंडर जगदीश गुप्ता ने इस उपलब्धि को सभी शिक्षकों के कड़ी मेहनत और अभिभावकों के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के लिए सभी बधाई के पात्र हैं, सभी को दिल से नमन करता हूं। विद्यालय के प्रिंसिपल का मानना है कि इससे क्षेत्र के आसपास के बच्चों को कम खर्च में अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। विद्यालय का प्रयास रहेगा कि बच्चों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बने।

मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं से अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित करने के लिए योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये:-डॉ संजय कुमार निषाद

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

हरदोई। मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि मत्स्य विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित करने के लिए योजनाओं का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। लाभार्थियों को प्रक्रिया पूर्ण करने में अधिकारियों द्वारा सहायता की जाये। इसके उपरान्त मंत्री द्वारा रसखान प्रेक्षागृह में जनपद से आये हुए लोगो से संवाद किया गया। उन्होने लोगो को मत्स्य विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उप निदेशक मत्स्य द्वारा केसीसी लोन मछुआ दुर्घटना बीमा योजना आदि जैसी लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की विभिन्न स्कीमो की जानकारी मत्स्य विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि मछुआ समुदाय की उन्नति शासन की प्राथमिकताओं में है। मत्स्य पालन का कार्य करने वाले लोग मछुआ दुर्घटना बीमा योजना में अपना पंजीकरण करा सकते है। इसके अन्तर्गत व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी में मृत्यु एवं स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में रू0 5 लाख दिये जाते है। इसी के अन्तर्गत विशेष आकस्मिक पॉलिसी में अस्थायी दिव्यांगता के लिए रू0 2लाख 50हजार व अस्पताल खर्च में रू 25 हजार दिये जाते है। मंत्री ने मछुआ दुर्घटना बीमा योजना से आच्छादित 17 मत्स्य पालकों को प्रमाणपत्र

इच्छुक सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक व प्रवक्ता के रिक्त पदों हेतु करें आवेदन 02 जुलाई तक।

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा उ0प्र0 शासन लखनऊ की अध्यक्षता में हुई वीडियो कान्फ्रेसिंग में दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद अमेठी में संचालित सहायता प्राप्त हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट (बालक/बालिका) तथा राजकीय इण्टर कालेज/हाईस्कूल के माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एल0टी0) एवं प्रवक्ता के रिक्त पदों के सापेक्ष अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, उ0प्र0 प्रयागराज से चयनित अभ्यर्थी के आने तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 प्रयागराज/विभाग से चयनित अभ्यर्थी के आने अथवा 01 जुलाई 2020 से मई सत्र समाप्ति तक के लिए जो पहले घटित हो तक के लिये राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं से जो वार्षिक सत्र से मई में ग्रीष्मावकाश घोषित होने तक की अवधि में 70 वर्ष की आयु पूर्ण न कर रहे हो, को मानदेय (सहायक अध्यापक रू0 15000 एवं प्रवक्ता रू0 20000) पर शिक्षण कार्य किये जाने के लिए 02 जुलाई 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इच्छुक सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक/प्रवक्ता निर्धारित तिथि तक आवेदन करने के उपरान्त अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय के शिक्षण 04 जुलाई 2022 को तथा राजकीय विद्यालय के शिक्षण 05 जुलाई 2022 को प्रातः 11 बजे से अपने समस्त शैक्षिक/सेवानैवृत्तिक मूल अभिलेखों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम गौरीगंज ने किया निलंबित

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी अमेठी नायब तहसीलदार जामों के न्यायलय में विचाराधीन वसीयत मामले में गलत रिपोर्ट देने पर हरदो के लेखपाल सुकरुराम को उप जिलाधिकारी गौरीगंज ने तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया बतातें चले कि न्यायलय नायब तहसीलदार जामों के यहां विचाराधीन वसीयत मामले सम्बंधित वाद कुलदीप कुमार बनाम रामनाथ एवं माधुरी बनाम रामनाथ के प्रकरण में संबंधित लेखपाल द्वारा दो बार गलत रिपोर्ट लगाई गई जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार ने संबंधित लेखपाल को अपने पदीय दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन न करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए तहसीलदार अमेठी को जांच अधिकारी नामित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए निलंबन अवधि में उक्त लेखपाल राजस्व निरीक्षक कार्यालय से सम्बंध रहेगे।

प्रयागराज में दरोगा की संदिग्ध अवस्था में मौत, घर में मिला शव*

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो
दैनिक समाज जागरण

प्रयागराज : नवाबगंज थाने में तैनात दरोगा का शव शनिवार को संदिग्ध हालत में उनके घर के बाथरूम में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके में पहुंच कर जांच कर रही है कुछ ही देर बाद पुलिस के आला अधिकारी भी पहुंचे। गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है

जानकारी के अनुसार अतुल सिंह, निवासी चंदौली जिला, पुलिस विभाग में दारोगा थे। इन दिनों उनकी तैनाती प्रयागराज के गंगापार इलाके में नवाबगंज थाने में बतौर उप निरीक्षक थे। वह थाने से कुछ दूर ही किराए के मकान पर रहते थे। जिस मकान में वे रहते थे, वह रिटायर्ड रेल चालक राधेश्याम यादव का है। उनकी संदिग्ध अवस्था में मौत की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। कुछ ही देर में नवाबगंज थाने की पुलिस पहुंची। उनके साथ ही एसएसपी और एसपी गंगापार भी पहुंच कर जांच कर रहे हैं।

लोकतंत्र के दुहाई देकर हमारे आप पर उंगलिया उठाने वाले ईडी के नोटिस पल बौखला जाते है-आचार्य लक्ष्मण

*भाजपा के सरकार मे लोकतंत्र कायम है,आपातकाल मे लोकतंत्र बचाने मे जनसंघ आगे आया था –लक्ष्मण आचार्य**

भाजपा यमुनापार के कार्यकताओं ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो
दैनिक समाज जागरण

25 जून 2022 प्रयागराज।
25 जून 1975 को तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने देश में आपातकाल लगाया था। जिस फैसले को गलत निर्णय बताते हुए यमुनापार के भाजपाइयों शनिवार को हाथों मे काली पट्टी बांध आपातकाल को काला दिवस के रूप मे जिला कार्यालय सिविल लाइंस में मनाया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी लक्ष्मण आचार्य ने कहा हमारे देश में काग्रेस ने ऐसा आपातकाल लगाया कि लोकतंत्र मे लोकसभा विधान सभा के चुनाव की आवश्यकता नही रह गया था। उनके मंत्रियो नेताओ ने कहा इंदिरा गाधी जब तक चाहें तब तक प्रधानमंत्री बिना चुनाव के रह सकती है। लोकतंत्र केवल शब्द बनकर रह गया। जिसने भी लोकतंत्र को बचाने का कार्य किया उसे काग्रेस की सरकारो ने गिरफ्तार करके जेलो मे ठूस दिया। मीडिया की स्वातंत्रता छिन गई। आकाशवाणी मे केवल इंदिरा गाधी की आकशवाणी चलती थी। रेडियो सुनना भी अपराध हो गया था। घरो के खिडकिया दरवाजे बंद कर लोग चोरी छिपे रेडियो सुना करते थे। जो लोग लोकतंत्र के दुहाई देकर हमारे आप पर उंगलिया उठाकर हमसे सवाल पूछते हैं उनसे पूछना पडेगा। आज ईडी के नोटिस पर देशभर मे हो हल्ला मचाते है। उस समय लोकतंत्र बचाने मे जनसंघ आगे आया और आज भारतीय जनता पार्टी के सरकार मे लोकतंत्र है। आगे श्री आचार्य ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भारत की कोई रक्षा और सम्मान बढा सकता है तो वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।हमे आपातकाल के दौरान तरह-तरह की यातनाए झेलने वाले मीसा बंदियो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को नहीं भूलना चाहिए।
हम सत्ता के माध्यम से समाज के पिछले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान हो उसका विकास हो यह भारतीय जनता पार्टी का ही कार्यकर्ता गौरव के साथ कह सकता है कि 8 वर्षों के सेवा सुशासन और लोक कल्याण के कार्यो से सरकार के ऊपर तिनके भर का आरोप नही लगा सकता। सरकार में कोई दाग नहीं लगा। श्री आचार्य ने वृस्तृत रूप से आपातकाल के प्रमुख घटनाओ से कार्यकर्ताओ को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने करते हुए अतिथियो को बुके एवं अंगवस्त्र भेटकर स्वागत करते हुए कहा कि वह लोकतंत्र की काली रात को कोई नही भूल सकता जब आपातकाल की घोषणा करके लोकतंत्र का गला घोट दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मण आचार्य,जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,कार्यक्रम संयोजक जिलाध्यक्ष पिछडा.मोर्चा ने मीसा बंदी नरेन्द्र देव पांडेय,हरीराम पांडेय,मीसा बंदी के परिजन बृजेन्द्र पांडेय,हर्ष केशरी आदि को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया एवं उनके बिचारो को कार्यकर्ताओ ने सुना। कार्यक्रम मे प्रदेश परिषद सदस्य विभूति नारायण सिंह ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित कर आपातकाल के समय की यातनाओं की चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने विशिष्ट अतिथियो का स्वागत करते हुए सभी अतिथियो एवं कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त कर कहा कि लोकंतत्र की धज्जिया विखेडने वाले काग्रेसी आज भी लोकतंत्र की दुहाई देते फिरते है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विक्रमादित्य मौर्य पुष्पराज सिंह पटेल,विजय शुक्ला,रमाकांत विश्वकर्मा,सरदार पतिविंदर सिंह,दिलीप कुमार चतुवेर्दी,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण सिंह, कुशल जैन, शतीश विश्वकर्मा,मिथिलेश पांडेय,संदीप सिंह,राकेश विश्वकर्मा,रामराज सिंह,सविता मिश्रा,राजमणि पासवान,आदेश सिंह,अखिलेश सिंह पटेल आदि के साथ भारी सख्यां मे जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

6मोटर साइकल सहित गिरिफ्तार

समाज जागरण सांबाददाता मुहम्मद तारिक थाना बाजारशुकुल जनपद अमेठी पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1.पिन्टू पुत्र सन्तराम 2. जितेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र राम किशोर निवासीगण ग्राम झाऊ का पुरवा मजरे दक्खिनगांव थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी के कब्जे से चोरी की 06 अदद मोटर साइकिल व दो बोरी में मोटर साइकिल के पाट्र्स के साथ गिरफ्तार । पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद अमेठी दिनेश सिंह के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद अमेठी महोदय विनोद पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी महोदय मु0खाना अर्पित कपूर के निर्देशन में थानाध्यक्ष महोदय थाना बाजारशुकुल जनपद अमेठी अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में उ0नि0 राम विभू सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर रीछघाट पुल से 150 मीटर पहले बहद ग्राम खेममऊ से अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से 06 अदद चोरी की मोटर साइकिल व दो बोरी में मोटर साइकिल के पाट्र्स के साथ गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त के संबंध मे थाना बाजारशुक्ल पर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की बैठक हुई आयोजित

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में स्थानीय निकाय की बैठक कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के माध्यम से कराए जाने वाले कार्यों को लेकर समस्त अधिशासी अधिकारियों/अध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 15वें वित्त आयोग में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष नगर पालिका जायस में रुपये 13 लाख, नगर पालिका गौरीगंज में रुपये 1.61 करोड़, नगर पंचायत मुसाफिरखाना में रुपये 17 लाख तथा नगर पंचायत अमेठी में रुपये 26 लाख की कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, रोड लाइट, एमआरएफ सेंटर हेतु आवश्यक उपकरण के साथ ही विभिन्न सामग्रियों को क्रय किया जाना भी शामिल है। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि 15वें वित्त आयोग से आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग मदों में करना सुनिश्चित करें एवं कार्य योजना के अनुरूप ही गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जो सामग्री क्रय किया जाना है उसे शासकीय दर पर ही खरीदा जाए। उन्होंने समस्त ईओ को शहरी क्षेत्र में नालियों/सड़कों की बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक राजवंशी, अध्यक्ष मुसाफिरखाना बृजेश अग्रहरी, अधिशासी अधिकारी गौरीगंज सुरजीत कुमार, एलबीसी सर्वेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन आई0टी0 आई0 गौरीगंज में 27 जून को

समाज जागरण अभिषेक तिवारी
अमेठी

अमेठी जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज अमेठी में 27 जून 2022 को प्रातः 10 : 30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी द्वारा किया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि उक्त आयोजित मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों के माध्यम से बेरोजगार अभ्यथियों का चयन किया जायेगा। जिसमें पुखराज हेल्थ केयर प्रा० लि० द्वारा बेलनेस एडवाइजर के रिक्त 98 पदों हेतु वेतन प्रतिमाह 8००० रू पूजा इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा सुपर के रिक्त 70 पदों हेतु वेतन प्रतिमाह 14000 रु एवं वर्द्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड द्वारा प्रोडक्शन ट्रेनी के 250 पदों हेतु वेतन प्रतिमाह 8600 देय है। इस सम्बंध में उन्होंने ने बताया कि मेले में २० से 40 वर्ष तक आयु के 10वीं ` 12वीं उत्तीर्ण व अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में आवेदन हेतु सेवायोजन वेब पोर्टल **sewayojan.up.nic.in** मेला आई0डी0 - 5775 के माध्यम से अपनी योग्यता के अनुरूप 2 7 जून 2022 तक लॉनलाइन आवदेन कर सकते है। उन्होंने ने बताया कि कम्पनी का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है पंजीकरण रोजगार एवं मेले की विस्तृत जानकर हेतु किसी कार्य दिवस में कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। इस कार्य के लिये कोई मार्ग व्यय देय नहीं है।

पंखे से बंधी थी लाश टेड़ा नहीं हुआ पंखा का पर वा रॉड

5 फिट के गमछे से बंधी मिली युवक की लाश हत्या की आशंका

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशांबी सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा चौराहे पर खुले घर के भीतर एक युवक की 5 फीट के गमछे से पंखे में बंधी लाश मिली है शनिवार की सुबह काफी देर तक अनुराग सिंह जब बाहर नहीं निकले तो पड़ोसी लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो पूरे घर का दरवाजा खुला हुआ था पड़ोसियों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पत्नी से लंबे समय से युवक का विवाद चल रहा था बताया जाता है कि शुक्रवार को भी पत्नी से विवाद हुआ है जिस समय लाश मिली है उस वक्त पत्नी और बच्चे घर पर मौजूद नहीं थे आशंका जताई जा रही है कि घर में घुसे लोगों ने युवक की हत्या की है पंखे में गमछे से लाश को टांग दिया है
घटनाक्रम के मुताबिक अनुराग सिंह उम्र 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सूबेदार सिंह निवासी बेनीराम कटरा चौराहे पर रहते हैं पड़ोस के गांव में उनकी ससुराल है शुक्रवार की शाम वह घर पर अकेले थे उनकी पत्नी और बच्चे घर पर मौजूद नहीं थे सुबह जब अनुराग सिंह बाहर नहीं निकले तो पड़ोसी उनके घर के भीतर देखने गए तो देखा कि दरवाजा खुला है और गमछे से बंधी लाश पंखे से लटक रही है आसपास के लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी और बच्चे भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मृतक की पत्नी का कहना है कि वह असानत पुर गांव विवाह कार्यक्रम में दावत खाने गई थी आसपास के लोगों ने आशंका जताई है कि अनुराग की हत्या कर शव पंखे के सहारे गमछे में बांधकर लटकाया गया है पुलिस का कहना है कि लाश पोस्टमार्टम को भेज दी गई है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण से पर्दा उठेगा

खड़े ट्रक में टकराई ट्रक चालक खलासी लहूलुहान

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण
कौशांबी कोखराज थाना अंतर्गत हररायपुर चौकी के समीप इमामगंज चौराहे पर कानपुर की ओर जा रही ट्रक बीच में पड़े ब्रेकर पर जैसे ही रुकी पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरी ट्रक ने आगे की ट्रक में टक्कर मार दिया जिससे ट्रक के चिथड़े उड़ गए। हादसे में ट्रक चालक और खलासी को गंभीर चोटे आई है लेकिन पुलिस घायलों का नाम पता नहीं बता सकी है बताया जाता है कि घायल ट्रक चालक और खलासी को इलाज के लिए प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रेकर बनाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने भी रोक लगाई है। लेकिन उसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोक निर्माण विभाग ने ब्रेकर बना दिया है इमामगंज चौराहे पर बने ब्रेकर में आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं जिसमें जनधन की हानि होती है बीते कुछ समय पहले में 2 महिलाओं के हाथ भी टूट चुके हैं।

बतौर मुख्यमंत्री तीसरी बार कर्मा ही गांव पहुंचे योगी आदित्यनाथ

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

पूर्व मंत्री डा. महेंद्र सिंह की माँ इंदुमती सिंह का 16 जून को लखनऊ में निधन हो गया था इनकी तेरहवीं 28 जून दिन मंगलवार को है।25 जून दिन शनिवार अपने निश्चित समय दोपहर के 3 बजे पट्टी तहसील के करमाही गांव पहुंचे मुख्यमंत्री ।खराब मौसम का मिजाज देखते हुए पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह के घर से महज 200 मीटर की दूरी पर बनाया गया था हेलीपैड से सुरक्षा व्यवस्था के साथ कार से पहुँचे महेंद्र सिंह के पैतृक आवास करमाही पूर्व मंत्री जय माताजी के पुण्य आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने निश्चित समय 3 बजकर 40 मिनट पर करमाही गांव प्रतापगढ़ से वाराणसी के लिए रवाना हो गए। शोक संवेदना में भाजपा के कई मंत्री विधायक मौजूद रहे औड्ड जिले के आलाकमान डीएम नितिन बंसल, एडीजी, पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल,मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया,व तमाम सुरक्षा एजेंसियों के साथ पीएसी अथवा उत्तर प्रदेश पुलिस बल मौजूद रहा।।

प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 10 जूलाई को

समाज जागरण लालगंज , प्रतापगढ़` विकास खण्ड लक्ष्मणपुर क्षेत्र मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 10 जुलाई 2022 दिन रविवार को ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सगरा सुंदरपुर (मिडिल स्कूल के पास) किया जाना है ' जो छात्र छात्राएं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 70% से अधिक अंक प्राप्त किए हो कृपया मार्कशीट की फोटो कॉपी उक्त नंबरों पर उपलब्ध कराने की कृपा करें। 70% से कम अंक न हो,वह छात्र लक्ष्मणपुर ब्लॉक के निवासी हों,मार्क सीट भेजने की अंतिम तिथि 07 जुलाई 2022 कार्यक्रम के संयोजक समाज सेवी संजय शुक्ल ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी, इच्छुक अभ्यर्थी इस नम्बर पर संपर्क कर सकते है` 8127619394

शहरवासियों को दोहरी मार, वाटर-टैक्स चुकाकर बाहर से खरीद रहे हैं पीने का पानी

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो दैनिक समाज जागरण प्रयागराज। नगर निगम इलाके में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में अनियमितता की शिकायतें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शहरवासी प्रदूषित जल की आपूर्ति से बीमार हो रहे हैं। मजबूरन लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है। निगम का दावा है कि शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। शहर के अधिकांश मोहल्लों में दूषित पेयजल और वाटर सप्लाई धीमी होने की वजह से लोगों कों काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। वहीं डिब्बे और बोतलों में वाटर सप्लाई करने वाले लोग मालामाल हो रहे हैं। एक बोतल की कीमत चालीस रुपए रखी गयी है। आपूर्ति कम होने से करेली, नूरल्ला रोड, मीरापुर, रसूलपुर, अतरसुइया, मुट्ठीगंज, खुल्दाबाद, सिविल लाइंस, कटरा, नैनी जैसे और तमाम इलाकों में समस्या देखी जा रही है। शहरवासियों का कहना है कि हम लोगों को दोहरी मार झेलन पड रही है। हाउस टैक्स और वाटर टैक्स देने के साथ शुद्र पेयजल जल विभाग के अधिकारी मुहैया नही करा पा रहे है। यही वजह है कि टैक्स चुकाने के बाद भी महीने में हजार रुपए का बाहर से पीने का पानी खरीदना पड रहा है।

राजनीतिक जीवन को छोड़कर केवल समाजसेवी के रूप में जनता के बीच रहेंगे डॉ अजय

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव के जगदीशपुर विधानसभा से बहुचर्चित संभावित प्रत्याशी रहे डॉ अजय कुमार को कुछ कारणो बस पार्टी ने डॉ अजय कुमार पर विश्वास नहीं जताया था। फिलहाल अब वो राजनीतिक दलों को छोड़कर समाजसेवी के रूप में जनता के साथ रहने के बारे मे मन बना लिए है डॉ अजय कुमार से बातचीत के दौरान उन्होंने ने बताया कि सरकारी नौकरी मे चयन होने की वजह से उन्होंने ने आज से ही समस्त राजनीतिक पद एवं दायित्व से हमेशा के लिए अलग हो रहे है। और कहा कि अब हम राजनीतिक जीवन को छोड़कर हमेशा सामाजिक कार्यों में जनता के सुख दुख में हमेशा खड़ा रहूंगा। अब मैं सिर्फ सामाजिक व जनता के कार्यो में ही सहभागी रहूंगा। और किसी पार्टी विशेष व राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं रहेगा। अब मैं डॉ अजय व समाजसेवी के नाम से ही जनता के साथ रहूंगा नेता बनकर नही।

पुरस्कार पाकर विजयी प्रतिभागियों के खिले चेहरे

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़

सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौसां में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता हुई थी। प्रतियोगिता के 30 विजेताओं को शनिवार को आयोजित समारोह में ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि डॉ. रोहित सिंह और अशोक गुप्ता गुडडू ने पुरस्कृत किया। प्रबंधक एजाज खान अज्जू ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर गुडडू गुप्ता,अंकित मल्होत्रा, नीरज आर्या, माजिद, डा. इम्तियाज, शहजादे, प्रधानाचार्य संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

चोर समझकर युवक को पीटा, कारे भी तोड़ी

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:

निमंत्रण जा रहे युवक कार खड़ी कर कुछ खा-पी रहे थे, तभी गांव के कुछ युवक पहुंचे और बातचीत में विवाद हो गया। कुछ लोगों ने चोर का शोर मचा दिया तो गांव के लोग दौड़े और युवकों को पकड़कर पीट और उनकी कारें भी तोड़ दी। पुलिस ने युवकों को शांतिभंग में पाबंद कर चालान कर दिया।कुंडा इलाके के तिलौरी गांव के राहू कुमार (28), ताजपुर गांव निवासी अंकित कुमार (27) , बानेमऊ गांव निवासी राजेश मिश्रा (30), बड़ूपुर गांव निवासी संदीप कुमार (29) शुक्रवार रात दो अलग अलग कारों से ढिंगवस निमंत्रण में जा रहे थे। महेशगंज थानाक्षेत्र के कामसिंह का पुरवा बघवाइत गांव के सामने सड़क किनारे कारें खड़ी कर सभी कुछ खा-पी रहे थे। तभी गांव के कुछ युवक उधर से निकले तो अपरिचतों को देख पूछताछ करने लगे। यह बात कार सवार युवकों का खराब लगी तो विवाद होने लगा। ग्रामीण युवकों ने चोर का शोर मचा दिया तो गांव के लोग दौडे.। ग्रामीणों ने पांचों युवकों को जमकर पीटने के बाद पुलिस बुलाकर उनके हवाले कर दिया। नाराज ग्रामीणों ने उनकी दोनों कारों के शीशे भी तोड़ दिए। किसी ने मामले में तहरीर नहीं दी तो पुलिस युवकों को शांतिभंग में पाबंदकर चालान कर दिया। मामले को लेकर इलाके में चर्चा रही।

सपा जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:

सपा जिलाध्यक्ष पर कुंडा कोतवाली में मकान कब्जा करने और एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित ने जिलाध्यक्ष पर 2018 में भी एफआईआर दर्ज कराई थी। कुंडा कोतवाली के नरसिंह गढ़ निवासी फूलचंद उर्फ बुच्चा सोनकर का आरोप है कि मानिकपुर के करेंटी गांव निवासी सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव ने 20 जून की सुबह उसे मारापीटा और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। आरोप है कि वह सुबह साढे. 9 बजे समापुर स्थित अपने मकान पर मौजूद था। तभी सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव वहां पहुंचे और उसकी जमीन व मकान पर कब्जा कर लिया। राइफल और तमंचा सटाकर कई कागज पर जबरन हस्ताक्षर भी करा लिए। कहा कि 2018 में दर्ज कराए गए मुकदमे में उनके पांच लाख रुपये खर्च हुए हैं। यह रुपये लौटाने पर ही वह मकान से कब्जा छोड़ेंगे। पुलिस मामले में जिलाध्यक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।एसओ प्रदीप कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव ने बताया कि उन्हें ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है। उन पर जो आरोप लगाए गए हैं वे पूरी तरह से फर्जी हैं।

डंपर पलटने से चालक की मौत खलासी लहूलुहान

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी राजापुर थाना क्षेत्र में डंपर पलटने से जिले के एक डंफर चालक की मौत हो गई है और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया है जैसे ही चालक और खलासी के घर हादसे की जानकारी पहुंची है परिवार में कोहराम मच गया है राजापुर पुलिस ने चालक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और घायल खलासी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है । घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत पूरब शरीरा गांव निवासी राजेंद्र उम्र 40 पुत्र माधव कई सालों से करारी थाना क्षेत्र के आरका महावीर पुर गांव में अपनी बहन के घर रह रहा था राजेंद्र डंपर चालक है और वह डंपर में बालू लादकर चित्रकूट जनपद से कौशांबी के लिए चला जैसे ही वह राजापुर थाना अंतर्गत बरुआ मोड़ के पास पहुंचा तभी डंपर चला रहे राजेन्द्र को नींद आ जाने के कारण अनियंत्रित डंपर पलट गया जिससे राजेंद्र की मौके पर मौत हो गई जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को लगी तो मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया साथ में रहे राजेंद्र का भतीजा राम सिंह उम्र 30 निवासी पूरब शरीरा घायल हो गया मौके पर पहुंची राजापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही घायल को राजापुर पीएचसी में भर्ती कराया है जहां घायल राम सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री का जनपद आगमन।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण कौशाम्बी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 26 जून 2022 को पूर्वान्ह 10:40 बजे मॉ शीतला देवी अतिथिगृह सयारा पहुँचेंगे तत्पश्चात वे ई-रिक्शा का वितरण तथा विभिन्न लाभार्थीपरक कार्यक्रमों के चेक टूलकिट्स एवं प्रमाण पत्र वितरित करने के पश्चात पार्टी कार्यकताओं एवं जनसमुदाय के साथ भेंटवार्ता करेंगे उपमुख्यमंत्री अपरान्ह 4:40 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रतापगढ़ पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज, प्रतापगढ़` सूबे मे सरकार बदलते ही भ्रष्टाचारी,माफियाओं, गुंडों पर सम्पूर्ण तरीके से नकेल कसाने की वादा करने वाली योगी सरकार आज झूठी साबित हुयी,प्रतापगढ़ जनपद के थाना जेठवारा क्षेत्र के पातुलकी गाँव का है जहाँ हिस्ट्रीशीटर के घर भौतिक सत्यापन करने गई जनपद की पुलिस टीम पर हमला किया गया`
हमले में जमकर चले ईट पत्थर घर में छिप कर पुलिस वालो ने बचाई जान घर के अंदर महिलाओं ने एक सब इंस्पेक्टर और सिपाही को दांत भी काट लिया, मौके पर पुलिस किसी तरह जान बचा के गांव से भागी इस तरह से घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया`

जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है: रजनी तिवारी

समाज जागरण/अखिलेश सिंह शाहाबाद(हरदोई) ।उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई 'पीएम स्वनिधि योजना' से रेहड़ी-पटरी वालों को न केवल रोजगार मिल रहा है, बल्कि इस कल्याणकारी योजना से लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं व्यक्तिगत जीवन में बड़ा बदलाव भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने आज शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के तहसील सभागार शाहाबाद में स्वनिधि योजना एवं आसरा योजना के अन्तर्गत

लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं आवंटन पत्र वितरित किये।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सौरभ दुबे,पुलिस उपाधीक्षक हेमंत उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा,अनिल पांडेय पिंटू सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

मत्स्य विकास मंत्री का कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

समाज जागरण/अखिलेश सिंह कछौना, हरदोई। मत्स्य मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद का शनिवार को सिंह नर्सिंग होम के पास हरदोई जाते समय कार्यकताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अपने बीच मंत्री पाकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान मंत्री ने बताया

मछुआरा समुदाय को योजनाओं का लाभ देकर मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। तालाब आवंटन प्रक्रिया योजनाओं का लाभ सब्सिडी दुर्घटना बीमा आदि योजनाओं का लाभ देकर आर्थिक रूप से मजबूत किया जाएगा। कमल का फूल तालाब में खिलता है, जिसकी उचित देखभाल मछुआरा समुदाय ही करता है। उनके कठिन परिश्रम से कमल खिल रहा है। यह लोग भाजपा सरकार से मजबूती से जुड़े हैं। इसलिए सरकार ने अलग विभाग बनाकर इस समाज को मजबूती के लिए एक ठोस कदम उठाया हैं। इस अवसर पर मछुआरा समुदाय के जिला उपाध्यक्ष संतोष कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, विनय कश्यप, वीरेंद्र कश्यप, सोनू कश्यप निवासी तुसौरा, कमलेश कश्यप, गुफरान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, विजय कश्यप, जागेश्वर कश्यप आदि ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

डीएम ने किया सीएचसी पण्डरीकपाल, मजगवां तथा सुभागपुर के टीकाकरण केन्द्र का औचक निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार ने सीएचसी पण्डरीकृपाल, मजगवां तथा सुभागपुर के टीकाकरण केंद्र का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित एएनएम तथा आशा बहूओं को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों को टीकाकरण समय से किया जाय। साथ ही गर्भवती महिलाओं को

समय से दवा वितरित किया जाय। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सीएचसी पडरीकृपाल में दवा स्टोर रुम, इमरजेंसी रुम, मरीज भर्ती वार्ड, आपरेशन वार्ड, वैक्सीनेशन सेंटर, पर्चा काउंटर आदि का औचक निरीक्षण किये तथा संबंधित कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी कि सभी लोग अपने-अपने काउंटर पर समय उपस्थित रहे ताकि आने वाले मरीजों एवं आमजन को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक पण्डरीकृपाल डॉक्टर पूजा जायसवाल, डब्लू.एच.ओ. के डॉ० शेषनाथ सिंह सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

सड़क पर टूटा गिरा विद्युत पोल विभाग बना अंजान कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

बहराइच कहीं ढीले तार और लटकते जर्जर पोलो पर ततो कहीं 11 हजार हाई वोल्टेज लाइन टूटे पोल पर चल रही है। लेकिन विभाग को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नानपारा तहसील के उप विद्युत केंद्र सहाबा से रुपईडीहा,बाबागंज, चरदा, जमोग, भवनियापुर सहित कई क्षेत्र में बिजली गई हुई है। हाईवे से जैतापुर

गांव की ओर गई11 हजार हाई वोल्टेज लाइन का एक खंभा टूटा सड़क पर गिरा है जिससे तार चार फुट पर लटक आए है। चार दिनों से टूटे पोल के तार सड़क के किनारे-किनारे लटके है जिसके नाते सैकड़ों राहगीरों का आना-जाना प्रति दिन लगा रहता है जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। उसके बावजूद भी विभाग ध्यान नही दे रहा है। इस संदर्भ में जेई गुप्ता सीडी गुप्ता का कहना है कि लाइन ठीक कराई जाएगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन दिवस मनाया गया

बाबागंज बहराइच नवाबगंज ब्लाक के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन दिवस

मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी तथा सैकड़ों बच्चों का वजन लिया। बाल विकास परियोजना नवाबगंज के आंगनबाड़ी केंद्र शंकरपुर, बाबागंज, केवलपुर, छीटू पुरवा, गढ़रहवा सहित दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार की सुबह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने छोटे बच्चों का नापतोल किया। इस अवसर पर सीमा देवी,प्रतिभा पाठक,सहित कई कार्यकत्रियों ने अभिभावकों को पोषण से संबंधित जानकारी दी तथा बच्चों का नियमित तौल माप कराए जाने की अपील की।

जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई ।थाना सुरसा एवं टड़ियावा में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों किसी प्रकार की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न होने सरकारी केवल तालाब, खलिहान, वन क्षेत्र, चकरोड तथा खेल मैदान आदि के अवैध कब्जों की भूमि को पुलिस बल के साथ तत्काल कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करें।

थाना समाधान दिवस में ग्राम सुरसा में सीसी रोड तथा नाले पर अतिक्रमण की शिकायत पर लेखपाल ने बताया कि कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटा लिया है और कुल लोगों द्वारा अभी नाले से अतिक्रमण नही हटाया गया है जिससे नाले का पानी सीसी रोड पर बहता है, इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपाल को निर्देश दिये पुलिस बल के साथ ग्राम प्रधान को लेकर जेसीबी से नाले का अतिक्रमण हटवायें। उन्होने कहा कि अतिक्रमण हटाने में सभी के विरूद्व सामान तथा निष्पक्ष कार्यवाही करें और किसी गरीब, असहाय को हटाने से पहले उसे स्थापित करने की व्यवस्था अवश्य करा दी जायें। थाना टड़ियावां में भी सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि बीट सिपाही के साथ नियमित अपने गांवों का भ्रमण करें और आसामाजिक एवं अपराधिक तत्वों पर नजर रखें।

थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्थायें बनायें रखने के लिए बीट सिपाही एवं चौकीदारों के

माध्यम से गांव की गतिविधियों की प्रत्येक दिन जानकारी लें और गरीब, असहाय आदि की जमीन पर कब्जा करने एवं पीड़ित करने वाले अपराधिक, दबंग एवं आसामाजिक तत्वों पर एफआईआर दर्ज करते हुए कड़ी कार्यवाही करें। थाना सुरसा समाधान दिवस में 12 शिकायते प्राप्त हुई और सभी का निस्तारण किया गया तथा टड़ियावा थाना समाधान दिवस में प्राप्त 42 शिकायतों में से 9 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया तथा शेष शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण एक समप्ता में कराना सुनिश्चित करें। सुरसा थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार सदर सुरभि, सीओ सिटी विनोद द्विवेदी तथा थाना टड़ियावा में तहसीलदार सदर प्रतीत त्रिपाठी, सीओ परशु राम सिंह, सीओ शिल्पा कुमारी तथा थानाध्यक्ष, कानूनगो, लेखपाल आदि उस्थित रहें।

आदर्श मॉडल तालाब बनाए जाने की प्रकिया में सीडीओ ने किया निरीक्षण

समाज जागरण/रामेन्द्र सैनी कछौना, हरदोई। विकासखंड कछौना की ग्राम सभा तेरवा दहिंगवा में आदर्श मॉडल तालाब बनाए जाने की कार्य योजना बनाई गई। जो पूरे गांव के घरों का दूषित पानी को फिल्टर करके पुनः उपयोग सिंचाई, पशुओं को पीने के लिए जल संचयन व ग्राम सभा का भू-स्तर सही रखने के लिए मॉडल आदर्श तालाब ग्राम सभा से बनाया जा रहा है। जिसमें ग्राम सभा का चमरोधा तालाब का चयन किया गया। जिसका स्थलीय निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राणा व जल शक्ति मंत्रालय की टीम ने किया। तालाब में फिल्टर चेंबर बनाया जाएगा, जो पूरे गांव का दूषित पानी को फिल्टर कर तालाब में छोड़ा जाएगा। जिससे पानी का शुद्धिकरण किया जाएगा, पानी के दुरुपयोग को रोका जा सके। पानी को फिल्टर करके पुनः अन्य उपयोगी कार्यों में लाया जा सके। इससे ग्राम सभा का भूजल स्तर सही रहेगा। गांव की सुंदरता में इजाफा होगा। तालाब के किनारे पौधा रोपित किए जाएंगे। जिससे गांव की हवा स्वच्छ होगी। इस आदर्श तालाब को पूरे विकासखंड में मॉडल तालाब के रूप में विकसित किया जाएगा। पूरे जिले में यह तालाब मॉडल होगा। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राणा ने अधीनस्थ

अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल शक्ति मंत्रालय की टीम ने तकनीकी की चीजों का अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। इस निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी कछौना प्रमोद अग्रवाल, भरावन, बेहन्दर, कोथावां के खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत संतोष कुमार, ग्राम सचिव कुलदीप कुमार, तकनीकी सहायक आशुतोष द्विवेदी, ग्राम प्रधान राजेश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे। इस मॉडल तालाब के निर्माण से ग्रामीण उत्साहित हैं।

डीएम व एसपी ने देखी थाना समाधान दिवस की हकीकत, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

शासन के निदेर्शानुसार शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने समाधान दिवस की हकीकत देखने के लिए थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किये तथा फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में थाना कोतवाली नगर में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 03 शिकायतों का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। शेष शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम समाज की भूमि, अवैध कब्जा, खलिहान, सरकारी तालाब, बंजर, नवीन परती, सरकारी आबादी आदि का भौतिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करा लें कि उनकी ग्राम सभा में कहीं किसी भी सरकारी जमीन पर कोई अवैध कब्जा तो नहीं हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने वहां पर भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध

रजिस्टर, बीट रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने पूर्व में समाधान दिवस में प्राप्त लम्बित शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

न्यू मीडिया हाउस कार्यालय पर सम्मानित किए गए खंड शिक्षा अधिकारी

बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा का न्यू मीडिया हाउस कार्यालय बाबागंज में बीते शुक्रवार को स्थानीय पत्रकार, शिक्षामित्र एवं शिक्षक संगठनों के द्वारा भव्य स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान मीडिया कार्यालय प्रभारी संतोष मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिला महामंत्री नन्दकिशोर वर्मा, ब्लॉक संरक्षक राकेश प्रताप सिंह ने बुके एवं अंगवस्त्र देकर खंड शिक्षा अधिकारी को सम्मानित किया। इस मौके पर बीईओ श्री वर्मा ने मीडिया जगत से जुड़े पत्रकार एवं शिक्षक, शिक्षामित्र संगठनो के पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट कर कहा कि वे हरसंभव आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। बीईओ ने कहा कि सभी से सामंजस्य बनाकर शिक्षा के स्तर में उच्चतम सुधार का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सुग्रीव वर्मा, अरविन्द वर्मा, रईस अहमद, मृगेंद्र मिश्रा, अजीत सिंह, कौशलेन्द्र भूषण पाण्डेय, आनंद भूषण मिश्रा, निर्मल चौधरी, अविराज सैनी, पाटनदीन

वर्मा, बनारस गिरि, अबुतालिब अंसारी, बांके लाल, भुवन भाष्कर वर्मा, विनोद गिरि, ह्रदेय चौधरी सहित दर्जनों लोग उपस्थिति रहे।

भाजपा देश भर में मनाया काला दिवस

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

हरदोई ।जिलापंचायत सभागार में लोकतंत्र के काला अध्याय आपातकाल के विरोध में आवाज उठाने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा नीरज ने कहा कि आपातकाल ने भारतीय लोकतंत्र की आत्मा की हत्या की थी। देश में मौजूद सभी नागरिकों के अधिकार छीन लिए गए थे. परिवारवादी कांग्रेस ने अधिनायकवाद की स्थापना की कोशिश की थी, जिसका इन लोकतंत्र प्रहरियो ने बिना डरे सामना किया और सरकार के फैसले के खिलाफ खड़े हुए. आज जो आजादी की हवा हम ले रहें है वोह इन्ही प्रहरियो की दें है।

कार्यक्रम में लोकतंत्र प्रहरियो को सम्मानित करने के लिए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, सदर सांसद जय प्रकाश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती पी के वर्मा और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पी के वर्मा मंच पर उपस्थित थे. सम्मानित लोकतंत्र प्रहरियो को अंग वस्त्र देकर उनके स्मरानो को याद किया गया. लोकतंत्र प्रहरियो में विद्या राम वर्मा, डॉक्टर सुरेश अग्निहोत्री, विष्णु दयाल गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता गुड्डू और समरादित्य सिंह अव अन्य शामिल थे।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस सरकार के इस काले अध्याय को लोगों में

जानकारी दी जायेगी. पार्टी का मानना है कि इस दिन लोकतंत्र की हत्या हुई थी। जहा मीडिया से उसके निष्पक्षता के अधिकार छीन लिए गए थे. कांग्रेस नहीं चाहती थी कि उसकए इस काले फैसले के विरुद्ध कोई लिखे या पढ़े. वही दूसरी तरफ राजनैतिक विरोधियो को जेल में बंद कर जनता की आवाज दबाई गयी. लोकतंत्र से ह्यलोकह्ल हटा कर तानाशाही लिख दिया गया। जिस आजादी के लिए असंख्य देशभक्तों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया, अमानवीय यातनाएं झेली, उस आजादी को इंदिरा गांधी ने पिंजरे में कैद कर लिया। जिस संविधान की शपथ लेकर श्रीमती गांधी सिंघसनस्पद हुई थी, सिंहासन बचाए रखने के लिए उसी संविधान पर ताला लगा दिया था।

सांसद जय प्रकाश रावत ने आपातकाल लागू होते ही आंतरिक सुरक्षा कानून यानि मीसा के तहत धड़ाधड़ गिरफ्तारियाँ हुईं और एक के बाद एक विपक्ष के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेताओं को ढूंढ़-ढूंढ़ कर जेलों में ठूस दिया गया। जो जहाँ, जिस हालत में मिला, उसे जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया। देश के आम व्यक्ति की तो हैसियत ही क्या थी जब नामी-गिरामी राजनेताओं को रातों रात गिरफ्तार कर जेलों में ठूस कर अमानवीय यातनायें दी गई। यह एक भयावह कालखंड था जिसको याद कर आज भी लोग सिहर उठते है.

कार्यक्रम के संयोजक सुभाष पाण्डेय ने संचालन किया व कार्यकम्र के सह संयोजक विनोद राठौर मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष रामऔतार शुक्ला,रामकिशोर गुप्ता गुड्डू , जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, जिला महामंत्री अजित सिंह बब्बन, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, जिला महामंत्री ओम वर्मा, वीरेंद्र वाजपेई , सुनील शुक्ला, अविनाश पाण्डेय ,अविनाश मिश्रा सहित वरिष्ठ नेता गन व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय रेउसा प्रथम विद्यालय में सर्व शिक्षा अभियान को दिखाया जा रहा ठेंगा

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

जनपद सीतापुर के रेउसा कस्बा में प्राथमिक विद्यालय रेउसा प्रथम मे सर्व शिक्षा अभियान को दिखाया जा रहा है ठेंगा विद्यालय में शिक्षक स्टाफ समय से नहीं पहुंचने के कारण खुली शिक्षा की पोल, विद्यालय में लखनऊ से प्रतिदिन रेउसा अप डाउन करने के कारण समय से विद्यालय नहीं पहुंचती हैं जिससे बच्चों के भविष्य के साथ किया जा रहा है खिलवाड़` कक्षा 1 से लेकर 5 तक के बच्चों के साथ किया जा रहा है खिलवाड़ नहीं मिल पा रही बच्चों को उचित शिक्षा, कारण यहां है प्राथमिक विद्यालय रेउसा प्रथम विद्यालय में 14 शिक्षक स्टाफ होने के बावजूद भी जो को नहीं मिल पा रही उचित शिक्षा` प्राप्त जानकारी के अनुसार चक स्टॉप लखनऊ से अप डाउन करती हैं जो कि विद्यालय 9:30 व 10:00 बजे प्रतिदिन पहुंचती है जिसके कारण बच्चों में शिक्षण कार्य नहीं उचित किया जा रहा है` सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय रेउसा प्रथम में लखनऊ से आने वाली शिक्षिकाएं आरती यादव,बबीता यादव,सौम्यता यादव, पूजा चौधरी अनुपस्थित मिली ज्योति सिंह,मृदुला सिंह,और जूली रस्तोगी बी आर सी संबंध है लेकिन निरीक्षण के समय बीआरसी पर अनुपस्थित मिली` अभिभावकों से संपर्क किया गया तो पता चला कि लखनऊ से आने वाला समस्त स्टाफ 10:00 बजे के विद्यालय पहुंचता है`

कारण बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है` लखनऊ से जो स्टॉप अप डाउन करता है अगर ऐसे ही देर से आएगा तो हम लोग विद्यालय से अपने बच्चों का नाम कटवा कर दूसरे विद्यालय में लिखा लेंगे` उक्त सूचना जब जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर को दी गई,तो उन्होंने बताया कि जांच कमेटी तैयार कर जांच करवाई जाएगी, और विद्यालय के स्टाफ अगर दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी

बंसुरा में जन चौपाल का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण
गौतम सिंह चौहान

रामपुर मथुरा सीतापुर 25 जून। विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा के कस्बा बांसुरा में जन चौपाल का आयोजन किया गया।जन चौपाल में जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, डीपीआरओ संजय कुमार, ग्राम विकास अधिकारी आशीष कुमार, सुशील कुमार ,डॉ राकेश मलिक पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रमोद कुमार प्रभारी कृषि बीज भंडार , अनिल कुमार एटीएम, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर धर्मावती, मोहम्मद एहराम जे ई एम आई , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , रोजगार सेवक , पंचायत सहायक मौजूद रहे। जन चौपाल में प्रधानमंत्री सम्मान निधि न पाने वाले, , वृद्धावस्था पेंशन ,बिजली बिल आदि के अनेक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनके निराकरण के लिए अपेक्षित कार्यवाही की गई।

ग्राम बांसुरा की निवासिनी शमा बानो ने प्रार्थना पत्र देकर अपने मकान के पास पड़े गोबर ,कूड़े के घूरे को हटाने की मांग की। राजकीय कृषि भंडार प्रभारी प्रमोद कुमार ने लोगों को बीज भंडार से फोटीफाईड बीज

खरीदने पर 35 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक छूट वापस होने की जानकारी दी। । उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी बताई। सीडीपीओ रामपुर मथुरा ने कहा ,जन समस्याओं को निपटाने के लिए जन चौपाल का आयोजन किया गया। एडीओ पंचायत राजेश श्रीवास्तव ने बताया जिन लोगों को आवास, आदि की समस्याएं हों वे लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा, ग्राम पंचायत की स्वच्छता के लिए गीले व सूखे कचरे के निस्तारण के लिए गड्ढे बनवाए जाएंगे। पानी के निस्तारण के लिए सोक पिट बनेंगे । अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने लोगों को बताया बिजली के बकाया बिल एकमुश्त जमा कर 100% छूट प्राप्त प्राप्त करें। उन्होंने कहा सबसे अधिक आवास प्रदेश में सीतापुर जिले को मिले हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के संबंध में सावधानी बरतने को कहा ।बीमारी से बचेंगे तो पैसे की बचत होगी। उन्होंने खान पास दुरुस्त कर बीमारियों से बचने की सलाह दी । कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत राजू श्रीवास्तव ने किया। जन चौपाल में प्रधान बदरुद्दीन खान, पंचायत मित्र राजकुमार, कोटेदार प्रतिनिधि अब्दुल मन्नान, नेकराम राजपूत सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में व्यापार बंधु व उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित व्यापार बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में व्यापार बंधुओं ने पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं पर चर्चा की जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बंद पड़ी नालियों की साफ- सफाई से संबंधित प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोंडा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सभी संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि उद्योगियों की समस्याओं/ लंबित प्रकरण को तत्काल निस्तारण करें। बैठक में उपायुक्त उद्योग एवं बैंकों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि व्यापार बन्धुओं व उद्योग बन्धुओं के व्यापार में अपेक्षित सहयोग करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने सभी बैंक के शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि उद्योग बंधुओं को बैंक में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। बैठक में व्यापारियों ने अपने-अपने सुझाव दिये जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी मिलकर समास्या का समाधान करायें। साथ ही बैठक में डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट एवं ईओ नगर पालिका गोण्डा को निर्देश दिये हैं कि एक साथ निकलकर शहर के अवैध टैक्सी स्टैंड की समस्या का समाधान तत्काल कराना सुनिश्चित करें, तथा बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने सड़क सुरक्षा सप्ताह एंव जागरूकता अभियान के बारे में सभी व्यापार बन्धुओं व उद्योग बन्धुओं को जानकारी देते हुए सहयोग की अपेक्षा की। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से सड़क सुरक्षा सप्ताह एंव जागरूकता अभियान के संबंध में कहा है कि अपने-अपने स्तर से इसका प्रचार-प्रसार कराया जाय।

बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, जिला पंचायत अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत

गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा, ईओ नगरपालिका गोण्डा, जिला उद्योग अधिकारी, शाखा प्रबंधक मेन शाखा स्टेट बैंक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, समस्त व्यापार बंधु, समस्त उद्योग बंधु के पदाधिकारी, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बेतिया में जातिगत जनगणना पर निकाला गया आभार यात्रा।

समाज जागरण समीर कुमार

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी नेतृत्व में सामाजिक समरसता के लिए जातिगत जनगणना करवाने के ऐतिहासिक निर्णय के समर्थन में पार्टी के साथियों के साथ आभार यात्रा की शुरूवात हुई, जिसमें बेतिया जिला प्रभारी मोहम्मद सरफुद्दीन पूर्व विधायक शिवहर , जदयू नेता ब्रिजेश कुशवाहा, बेतिया जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा, महात्मा फुले क्षमता परिषद के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुशवाहा, मुख्य प्रवक्ता देवनारायण राम ,एनएन शाही, जिला उपाध्यक्ष विजय रावत ,नंदकिशोर चौधरी ,राकेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष भगत पटेल, सुमित सिंह, महिला जिला अध्यक्ष अंजू वाला ,मोहित राव और पश्चिम चंपारण के तमाम जनता दल यू परिवार के साथी को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए आभार यात्रा को निकाला गया।

आंगनबाड़ी केंद्र परिसर कराया गयाअतिक्रमण मुक्त।

समाज जागरण

नरकटियागंज प्रखंड के अंतर्गत भभटा पंचायत ग्राम गोपालपुर वार्ड नंबर 06 में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र सं०150, परिसर में अतिक्रमण कर घर बना लिया गया था। जिस जगह पर शौचालय का निर्माण होना था, ठीक उसी जगह पर किसी व्यक्ति द्वारा घर बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसके चलते बच्चों को शिक्षा एवं प्रसाधन में दिक्कत हो रहा था। सेविका कलावती देवी एवं ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन एवं बाल विकास परियोजना के पास आवेदन देकर अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई गई थी, जो कि आज साठी थाना के थाना प्रभारी एवं महिला और पुरुष पुलिस बल के साथ अनेकों पदाधिकारीगण के देखरेख में अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। इससे आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका ने कुछ राहत की सांस ली है। इससे ग्रामीणों में भी हर्ष देखने को मिल रहा है।

विकास के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल होंगे साथ तभी विकास संभवः युवा नेता नवीन खरवार

समाज जागरण(गौनाहा)

हालिया विषम परिस्थितियों को देखकर सामाजिक कार्यकर्ता अक्सर चिंतित नजर आते हैं। युवा नेता नवीन खरवार ने कहा है कि प्रखंड गौनाहा के राजनीतिक दलों को सबको आब आगे आना चाहिए। वर्तमान सत्ताधारी जिस प्रकार से सत्ता में बैठकर मनमानी कर रहे हैं, ये कतई शोभनीय नही है, इससे इतिहास एक दबा कुचला सा अतीत बनकर ही रह जायेगा। आज जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है, इसकी रोकथाम के लिए संविधानिक तरीके से मुद्दों पर चर्चा करने की आवश्यकता है। अतः सभी राजनीतिक दल साथ आएं और इन सभी मुद्दे जैसे कि (1) प्रखंड कार्यालय (2) स्वास्थ्य विभाग (3) शिक्षा विभाग (4) बैंकिंग सेक्टर (5) नरकटियागंज से भिखनाठोरी रेल व्यवस्था आदि इन सभी पर ससमय एक बैठक कर सर्वदलीय एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होना नितांत आवश्यक दिख रहा है। ऐसा करके सिस्टम में सुधार को लेकर बातचीत करने से विधि व्यवस्था को एक आयाम मिल सकता है। अतः इस बैठक की आवश्यकता हमारी भावी पीढ़ी व इतिहास दोनो की चाह है।

फंदे से लटका मिला युवती का शव, प्रेमी पर लगा हत्या का आरोप।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / थाना क्षेत्र के मंझरिया पंचायत के पटखौली गांव मे शुक्रवार की अर्द्ध रात्रि मे एक युवती की मौत हो गई है। घटना के सम्बन्ध मे बताया जाता है कि राजेंद्र साह की बेटी सिद्धि कुमारी अपने घर मे सोई हुई थी इसी बीच उसका प्रेमी विशाल कुमार यादव खिड़की के रास्ते घर मे घुसकर उसके साथ दुर्व्यवहार कर उसकी हत्या दुपट्टा से गले मे फंदा लगाकर कर दी। थाना को दिये गयें आवेदन मे मृत युवती कि मां का कहना है कि विशाल कुमार यादव उसके पिता सुरेश यादव तथा माता रीता देवी पर साजिस के तहत मेरी बेटी कि हत्या कर दि गयी है। घटना कि सुचना मिलते ही गौनाहा थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, एसआई महेश प्रसाद, इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव तथा डीएसपी कुंदन कुमार दल बल के साथ रात्रि मे ही पहुंच चुके थे। इधर पुलिस प्रशासन व डीएसपी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा की यह हत्या है कि आत्महत्या।

टीएमबीयू को स्थाई कुलपति दिलाने को लेकर विधायक गोपाल मंडल करेंगे मुख्यमंत्री से बात।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

भागलपुर,तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति नहीं होने के कारण जहां छात्र और शिक्षक परेशान हैं, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आए दिन प्रभारी कुलपति डॉक्टर हनुमान प्रसाद पांडे के नहीं बैठने के कारण छात्रों से लेकर प्रोफेसर तक आक्रोशित मुद्रा में देखे जाते हैं। हजारों छात्र हस्ताक्षर के लिए परेशान दिखते हैं, नौकरी को लेकर कोई भी कागजात चाहिए छात्र उससे वंचित हो जाते हैं।उसी बाबत आज गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल ने कहा मैं जल्द ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस बाबत बात करूंगा और उम्मीद है जल्द भागलपुर विश्वविद्यालय को स्थाई कुलपति मिल सके।

अहसास संस्थान के द्वारा 26 जून को रक्तदान महोत्सव का किया जा रहा आयोजन।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष है ।

सर्वधर्म समभाव को दशार्ते हुए चारों धर्मों के लोग कार्यक्रम का करेंगे विधिवत उद्घाटन एहसास एक उम्मीद अपनों की संस्थान के द्वारा 26 जून को दीनदयाल टिवरेवाल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में मीडिया से बात करते हुए एहसास संस्थान के सचिव अंशुमन भारद्वाज ने कहा हमारी यह संस्थान कई वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रही है उसी कड़ी में 26 जून को रक्तदान महोत्सव कार्यक्रम रखा गया है उम्मीद है 150 से 200 यूनिट ब्लड डोनेट किए जाएंगे कई नए रक्तदाता एवं कई पुराने रक्तदाता जो कई वर्षों से रक्तदान करते आ रहे हैं वह भी इस शिविर में अपना रक्तदान कर रहे हैं पूरी तैयारी कर ली गई है यह कार्यक्रम तिबरेबाल धर्मशाला में 10:00 बजे सुबह से 5:00 बजे शाम तक चलेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस रक्तदान शिविर में सर्वधर्म समभाव को बनाए रखने का संदेश देने के लिए हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्मों के महिला रक्तदाता के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में संरक्षक छाया पांडे, सलाहकार लव चंद कोठारी, जॉनी संथालिया, अध्यक्ष विनीत बुधिया, उपाध्यक्ष नसीमा दिलकश ,प्रीतम कुमार, गौरव जैन, महासचिव अंशुमन भारद्वाज, सह महासचिव विनोद डोकानिया के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने जातीय जनगणना के ऐतिहासिक निर्णय पर बगहा मे निकला आभार यात्रा।

समाज जागरूक
बगहा से नीरज मिश्रा

आज बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के दिशानिर्देश के तहत बगहा जिला जनता दल (यू) एवं महात्मा फुले समता परिषद के तत्वावधान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जातीय जनगणना कराए जाने के ऐतिहासिक निर्णय पर उनका धन्यवाद प्रकट करने के लिए आभार यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा चौतरवा कोट माई स्थान से बगहा शहर होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक गई। आभार यात्रा के माध्यम से जनता दल यू के नेता और कार्यकर्ता जातीय जनगणना जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने के ऐतिहासिक फैसले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आम जनता की ओर से आभार प्रकट किया गया। आभार यात्रा में जिलाध्यक्ष सह विधान पार्षद भीष्म सहनी, बाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह, पूर्व सांसद कैलाश बैठा सहित पार्टी के जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण शामिल हुए। पार्टी के बैनर और झंडा के साथ सभी उपस्थित नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करने का स्लोगन सहित कई तरह के नारे भी लगाए। इस तरह का कार्यक्रम पूरे बिहार के सभी जिलों में प्रदेश जदयू के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है।

जदयू जिलाध्यक्ष श्री सहनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जातीय जनगणना कराए जाने के फैसले से आम आवाम काफी उत्साहित है। जब जातीय जनगणना हो जाएगा तो उसमें जिस जाति की संख्या अधिक होगी उन्हें संख्या के अनुपात से सरकारी योजनाओं का लाभ भी अधिक मिलेगा। विधायक रिंकू सिंह ने बताया कि देश मे 1934 के बाद जातिगत जनगणना नहीं हुई है जिसकारण सभी जातियों का सही-सही फिगर सरकार के पास नहीं है। एकबार सही आंकड़ा आ जायेगा तो दबे कुचले, पिछड़े, दलित समाज के उत्थान के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी। पूर्व सांसद श्री बैठा ने बिहार सरकार के इस युगान्तकारी फैसले के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि नीतीश कुमार की यह दूरदर्शी सोंच है। जिला संगठन प्रभारी इंद्रदेव सिंह पटेल ने इस कार्यक्रम को पूरी तरह से सफल बताते हुए बिहार सरकार को अपने संसाधन से यह जातिगत जनगणना कराने के लिए साधुवाद दिया। इस मौके पर जिला मुख्य प्रवक्ता राकेश सिंह ने कहा कि इससे किसी भी जाति या समुदाय के लोगों को घबड़ाने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री और सरकार का यह निर्णय सामाजिक न्याय के साथ विकास की दिशा में मील का पत्थर होगा।

इस आभार यात्रा में कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार पांडे, जिला महासचिव विनोद कुशवाहा, इम्तेयाज अहमद, ओमप्रकाश शाही, प्रखंड अध्यक्ष गण रवींद्र पटेल, दूधनाथ कुशवाहा, जितेंद्र जायसवाल, मुरारी चौधरी, हैदर अली, मो0 निजामुद्दीन, अम्बिका कुशवाहा, नगर अध्यक्ष मो0 गयासुद्दीन, संयोजक जुगनू आलम, सुरेंद्र बैठा, निवेदिता मिश्र, पूनम द्विवेदी, विपिन दूबे, इजहार सिद्दीकी, अब्दुल गफ्फार, दयाशंकर गुप्ता, रंजीत राज, चंद्रशेखर बीन, चंदन

सिंह, राजेश्वर राव, इन्द्रसेन पांडे, राजू मिश्र, विशुन सहनी, संतोष कुशवाहा, रामधनी यादव, अनिल कुशवाहा, अशोक पांडे, अभय पांडे, मोबिन अंसारी, उमेश गुप्ता, मो0 इमरान, परवेज आलम, रवींद्र कुमार, छठु बैठा, विनोद पटेल, सुनील सहनी, नागेंद्र सहनी, चंदेश्वर चौधरी, अरविंद गुप्ता, ओम पटेल, छोटा चौबे, अमर चौधरी, आदि शामिल हुए।

25 जून काला दिवस के रूप में मनाया गया - बगहा।

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

देश में आपातकाल का दिन 25 जून काला दिवस के रूप में याद किया जाता रहेगा।

आज दिनाँक 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया गया। आपातकाल के विरोध में आवाज उठाने पर जेल गए पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र धर मिश्रा जी, पुर्व जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीवास्तव जी, एवं प्रहलाद यादव जी को बगहा भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि राजसभा सांसद श्री सतीश चंद्र दुबे जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सह माननीय विधायक श्री राम सिंह जी के द्वारा अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रतेंदर नाथ तिवारी, सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, भुपनारायण यादव, शिपु चौबे, जिला महामंत्री अचिंत कुमार लाला, जिला प्रवक्ता दीपक राही, जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल, मणिशंकर दुबे, अजया राय, ओबीसी जिला अध्यक्ष मोहन प्रसाद साहू, बचाओ बेटी पढोओ अभियान जिला संयोजक दिपु तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुजीत चौरसिया, प्रदेश आई टी सेल सदस्य सोमोश पांडेय, नेयाज अंसारी, पवन सिंह, रौशन तिवारी, दीपक गुप्ता, राकेश चंद्र राव,अमरेश श्रीवास्तव,चंद्रशेखर तिवारी, सुरेश भालोटिया, नगर उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, नगर महामंत्री अनिल यादव, शेलेश दुबे, आईटी सेल सहसंयोजक गोविंद जयसवाल, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अमित पांडेय युवा मोर्चा मंत्री रोहित चौधरी, दिपु जायसवाल, परमलिक कुमार, रजत जायसवाल, चौतरवा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अमित मिश्रा, अशोक राव, अवधेश गुप्ता, दिनेश राव, विवेक यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

कवि द्वारिकाधीश नारायण पाण्डेय उर्फ पाण्डेय आशुतोष के 16 में पुण्यतिथि पर हुआ सम्मान सह कवि गोष्ठी का आयोजन।

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

मुख्य अतिथि पंकज डंगवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ। बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय फलक पर हिंदी गीतकार व उर्दू शायर के रुप मे स्थान रखने वाले ओज और तेजस्विता के कवि द्वारिकाधीश पाण्डेय पाण्डेय उर्फ पाण्डेय आशुतोष की 16 वी जयंती के उपलक्ष में भव्य सम्मान सह कवि गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी पटखौली बगहा -2 के प्रांगण में उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके शुरू हुआ ।मुख्य अतिथि एसएसबी 65 वीं वाहिनी के कमांडेंट पंकज डंगवाल संदीक्षा की अध्यक्षा व महिला कार्यकर्ता उषा डंगवाल लक्ष्मी खत्री एवं नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। वक्ताओं ने जहां इतिहास के पन्नों को कुरेद कर कवि पाण्डेय आशुतोष की यादों को जीवंत किए। वही कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से पाण्डेय आशुतोष उर्फ द्वारिकाधीश नारायण पाण्डेय को अतीत के पन्नों से निकालकर लोगों के समक्ष रखे।कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में मुख्य अतिथि पंकज डंगवाल, विशिष्ट उषा डंगवाल,सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी खत्री वरिष्ठ पत्रकार श्री तीर्थराज कुशवाहा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात प्रभात खबर के चीफ ब्यूरो श्री इजराइल अंसारी एवं श्री जयप्रकाश वर्मा, दैनिक जागरण से श्री माधवेद्र पाण्डेय आजतक से श्री गिरेन्द्र पाण्डेय पत्रकार श्री विजय शर्मा ,श्री निर्भय कुमार ,श्री नीरज कुमार ,श्री शिवा कुमार तिवारी,श्री दिवाकर कुमार श्री निरज कुमार ब्यूरो चीफ श्री करण को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।इसके अलावे भिन्न भिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश पाठक, श्री विजय प्रकाश पाठक,भाजपा के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री हृदया नंद दुबे , मंच के श्री हृदयानंद दुबे ,श्री जय कुमार श्रीवास्तव स्टेशन अधीक्षक, श्री अजय मोहन गुप्ता श्री टुनटुन जी ,श्री हरिकिशुन जी और नैतिक जागरण मंच के उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार सिंह एवं पंकज धीर ,शशिकान्त पाठक संजीत कुमार, ललित मोहन जयसवाल आदि को भी अंग वस्त्र देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किए। द्वितीय चरण में कविता पाठ करने के लिए जब नवयुवक कवि मुकुंद मुरारी राम जी को आमंत्रित किया गया ।तो उन्होंने अपने स्वरचित कविता एवं गीत से कार्यक्रम को ऊंचाई पर ले गए । उनकी गीत को सुनकर सभी वाह-वाह करने लगे। पत्रकार सह कवि चंद्रभूषण शाण्डिल्य की पत्नी पर रचित कविता भी वाहवाही बटोरी । वहीं कवि मस्ताना ने लोगो अपनी तुकबन्दी से खूब हँसाये। कवि अविनाश पांडे ने अपने संबोधन और कविता पाठक में कई गजल और गीत सुना कर लोगों का मन मोह लिए। अंत में नैतिक जागरण मंच की नई सदस्य सदस्य श्रीमती शशि पांडे ने पांडे आशुतोष के जीवनी पर ना केवल प्रकाश डाला बल्कि उपस्थित लोगों से काव्य जगत को की अपील की कि अब कभी अविनाश के बातों पर गौर करते हुए मुख्य अतिथि श्री पंकज डंगवाल ने आगामी 15 अगस्त को काव्य गोष्ठी का आयोजन करने का वादा तक कर दिए ।

करियर चुनते समय जरूरी है कि पहले उसके लिए आत्मनिरीक्षण कर लिया जाए :- विशाल गौरव

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् दरभंगा द्वारा आयोजित निःशुल्क प्रशिक्षण कैंप सर्जना निखार शिविर में योगाभ्यास से वर्ग शुरू किया गया। व्यक्तित्व विकास का वर्ग ले रहे दरभंगा पब्लिक स्कूल के निर्देशक विशाल गौरव ने छात्राओं को करियर को चुनने से पहले ये जरूरी है कि आप खुद को पहचान लें। अपनी पसंद नापसंद को पहचान कर उन पर पकड़ बनाना भी जरूरी होता है। आपको अपनी स्किल्स और रुचियों का विश्लेषण करना होगा।

ऐसा इसलिए क्योंकि आप अपने जीवन को एक दिशा में आगे बढ़ाने जा रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि आप उस दिशा पर पूरे आनंद के साथ बढ़ें। अपनी कमजोरियों और ताकत पर मजबूत पकड़ के साथ आप अपना करियर कैसे चुनें। वहीं पत्रकारिता का वर्ग ले रहे संतोष दत्त झा ने बताया कि किस प्रकार से पत्रकारिता बुद्धिमान और मेहनती लोगों को आकर्षित करती है जो इस बात की बहुत परवाह करते हैं कि वे क्या करते हैं।

यह देखते हुए कि करियर अन्य संचार नौकरियों की तरह आकर्षक नहीं है, और इसके लिए समान कौशल की आवश्यकता होती है, पत्रकारिता एक जुनून करियर है। वहीं मेहंदी का वर्ग आंचल कुमारी ने लिया, मिथिला पेंटिंग का वर्ग आरती कुमारी ने लिया, नृत्य का प्रशिक्षणे नीतू चौधरी ने दिया।

सहयोगी कार्यकर्ता के रूप में प्रदेश सह मंत्री पूजा कश्यप, नगर मंत्री सूरज ठाकुर, वैष्णवी कुमारी, नीली रानी, रूपम शर्मा सहित दर्जनों सहयोगी उपस्थित रहें।

बेखौफ अपराधियों ने एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार कर दी हत्या

समाज जागरण मुरारी झा

समस्तीपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहाँ बाइक सवार बेखौफ अपराधियों ने एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार कर हत्या कर दी,

प्रॉपर्टी डीलर की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के भागीरथपुर जूट मिल निवासी बलवंत कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के रूप में की गई है,

अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर बलवंत सिंह को चार गोली मारी घटनास्थल पर मौत, पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई और शव को अपने कब्जे में लेकर समस्तीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना मुक्तापुर के जूट मिल गेट नंबर 2 की है बताया जा रहा है।

एक साल में भी पूर्ण नही हुआ डॉङ्क अंबेडकर की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण कार्य, शिथिलता व उदासीनता पर एससी एसटी कर्मचारी संघ ने जतायी नाराजगी

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने एसडीएम से मिलकर जाँच व कार्रवाई करने का किया अनुरोध

बगहा शनिवार 25 जून

देश के लिए संविधान का निर्माण करने वाले भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉङ्क भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा एवं प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण कार्य बीते एक साल में भी पूर्ण नही हो सका है। इस विलंब से उनके प्रति सवेदनशीलता को समझा जा सकता है। सौंदर्यीकरण कार्य में इस प्रकार की शिथिलता, उदासीनता पर स्थानीय अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ, बगहा दो प्रखंड इकाई तथा अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने नाराजगी एवं खेद व्यक्त किया है। उक्त मामले की जाँच एवं अग्रेत्तर कार्रवाई करने हेतु प्रतिनिधि मंडल बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक मिश्रा से मिला और ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इससे सम्बन्धित जाँच व शीघ्र ही सौंदर्यीकरण कार्य कराने का आश्वासन दिया।

स्थानीय एमएलसी भीष्म सहनी ने इस बिंदु पर कहा कि उक्त सौंदर्यीकरण कार्य बहुत पहले हो जाना चाहिए इतना विलम्ब खेदजनक है।

संघ के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार पासवान वरीय कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम प्रसाद 'कबीर' ने कहा कि डॉङ्क अंबेडकर की प्रतिमा व प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण का कार्य अब तक हो जाना चाहिए किन्तु खेद की बात है कि इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से नही लिया जा रहा है तभी उक्त कार्य अधूरा है जो निराशाजनक है। तिरेंद्र राम ने कहा कि यदि सौंदर्यीकरण कार्य अविलंब नही हुआ तो बाध्य होकर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया जाएगा, आयोग का दरवाजा खटखटाया जाएगा। हम संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखेंगे। संघ के प्रचार सचिव सह मीडिया प्रभारी सुनिल कुमार राउत ने कहा कि संघ के अथक प्रयास से तात्कालिक अनुमंडल पदाधिकारी शेखर आनन्द, तात्कालिक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रणव गिरी के कार्यकाल में उक्त सौंदर्यीकरण कार्य स्वीकृत हुआ किन्तु इतने समय बीत जाने के बाद भी यह कार्य सम्पन्न नही सका जो निराशाजनक है। संविधान निमार्ता डॉङ्क भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा व प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य के प्रति असवेंदनशीलता, उदासीनता दुःखद है। बाबासाहब डॉङ्क अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर उनकी जयंती, महापरिनिर्वाण दिवस आदि विभिन्न अवसरों पर माल्यार्पण, परिक्रमा आदि कार्यक्रम का आयोजन होता है जिसमें परेशानी होती है।

मालूम हो कि बगहा अनुमंडल के समक्ष बगहा दो प्रखंड परिसर स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम में होने वाले परेशानी के समाधान के लिए संघ के प्रयास पर तात्कालिक बीडीओ प्रणव कुमार गिरी ने एसडीएम शेखर आनन्द के सुझाव से सौंदर्यीकरण कार्य योजना स्वीकृत किया था लेकिन कतिपय कारणों से उक्त कार्य अभी तक पूर्ण नही हो सका है जिसको लेकर संघ के कार्यकताओं, स्थानीय प्रबुद्ध लोगों ने नाराजगी व्यक्त किया है। प्रतिनिधि मंडल में संघ के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार पासवान, प्रचार सचिव - सह - मीडिया प्रभारी सुनिल कुमार राउत, सामाजिक कार्यकर्ता नंदेश पाण्डेय, रमाशंकर दुबे, वरीय सदस्य घनश्याम प्रसाद 'कबीर', शिक्षक नेता तिरेंद्र राम, संदीप कुमार, भजु राम, वीरेंद्र राम, ईङ्क मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

शहर के सैकड़ों बीपीएल परिवारों को दिलाया उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन :-गरिमा

प्रत्येक बीपीएल परिवार की महिला चूल्हे के साथ पहला भरा सिलिंडर फ्री लेने की होती है हकदार।

समाज जागरण समीर कुमार

वार्ड नंबर 24 में डेढ़ दर्जन बीपीएल परिवारों को 'उज्ज्वला योजना' के तहत मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन नगर निगम की निवर्तमान सभापति द्वारा दिलाया गया। इस मौके पर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि उन्होंने अपनी पहल से अपने गृह वार्ड सहित पूरे नगर निगम क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को योजना का लाभ दिलवाया है। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2016 से ही दो चरणों में जारी इस योजना में कुल 8 करोड़ बीपीएल परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का उद्देश्य घर-घर महिलाओं को खाना बनाते समय धुंए से बचाना है। साथ ही धुंए के कारण पर्यावरण और महिलाओं के स्वास्थ्य पर होने वाले असर को या तो खत्म किया जाए या बहुत हद तक काबू किया जाए। जब महिलाएं चूल्हे के बजाय गैस चूल्हें पर खाना बनाएंगी तो इस धुंए से बची रहेगी। बता दें कि बड़ी संख्या में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाएँ लकड़ी के धुंए के कारण सांस संबंधी बीमारियों की शिकार होती रहीं हैं। इस समस्या को खत्म करने के लिए केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सहयोग से यह योजना चलाई जा रही है।श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर के झिलिया स्थित नीरज इण्डेन गैस एजेंसी के माध्यम से उन्होंने अपने वार्ड के सैकड़ों बीपीएल परिवारों को मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन दिलवाया है।

मिथिला स्टूडेंट्स यूनियन ने लगाया रक्तदान शिविर

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

एमएसयू के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार झा के नेतृत्व में मिथिला स्टूडेंट्स यूनियन ने डीएमसीएच परिसर में रक्तदान शिविर लगाया.

कार्यक्रम का उद्घाटन डीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ के एन मिश्रा, डॉ एस एन सराफ, डॉ दामोदर सिंह,डॉ संतोष कुमार, प्रशांत कुमार, एवं श्रवण दास जी महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया.

डॉ के एन मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन अभिषेक कुमार झा के नेतृत्व में समय समय पर होते आ रहा है जिससे समाज के लोगों के बीच रक्तदान करने की फैली भ्रांतियों पर रोक लगती है और हर आयोजन में नए नए रक्त दाता जुड़ते है.आज रक्त दाताओं का उत्साह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई.

डॉ एस एन सराफ ने कहा कि कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए.

डॉ दामोदर सिंह ने रक्त दाताओं से रक्त दान में सम्मिलित लोगों की श्रृंखला को बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि यदि समाज का युवा वर्ग रक्त दाता बन समाज को जागरुक करने का काम करें तो समाज में रक्तदान करने वालों की संख्या भी निश्चित बढ़ेगी.

कार्यक्रम के आयोजनकर्ता अभिषेक झा ने कहा कि हम मिथिला के अंदर रक्त की कमी से किसी भी मरीज को मरने नहीं देंगे इसलिए समय समय पर मिथिला के विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्त की उपलब्धता को कायम रखते हैं.और सबसे बड़ी बात की रक्त दाता को अब डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराया जाता है जिससे वो किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त दे सकेंगे.

कार्यक्रम में रक्त दान उज्ज्वल मिश्रा ,ऋतु राज , विमल कुमारी,प्रखर झा ,शैलेश चौधरी ,जनार्धन मिश्रा ,केशव कुमार ,कृश्मोहन झा,अभिषेक कुमार झा सहित कई अन्य लोगों ने किया

मधुमक्खी ने दर्जनों स्कूली बच्चों को मारा डंक , सामुदायिक अस्पताल में हो रहा इलाज

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा हिसुआ नगर परिषद के राजगीर रोड स्थित जीवन ज्योति पब्लिक में मधुमक्खियों ने दर्जनों बच्चों को मारा डंक सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज । बताते चलें कि विद्यालय में बड़े- बड़े मधुमक्खियों

ने छत्ता लगा लिया है । जिससे हमेशा खतरा बना रहता है । शनिवार को अचानक मधुमक्खी के छत्ते को किसी ने छेड़ दिया। फिर मधुमक्खियों ने पढ़ रहे बच्चे को क्लास में घुसकर डंक मारना शुरू कर दिया। इसके बाद बच्चे चीखने- चिल्लाने लगे ।

विद्यालय में अफरा -तफरी का माहौल बन गया। मधुमक्खी के डंक से 15 से 20 बच्चे का हालत खराब होने लगा, फिर स्कूल प्रबंधक एवं शिक्षकों ने स्कूल वाहन से हिसुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए पहुंचाया गया। सभी बच्चों को उचित उपचार और दवाई दी गयी । स्कूल के शिक्षक ने बताया कि दो बार मधुमक्खियों को हटाया गया है। लेकिन बार बार मधुमक्खी यहां अपना जगह बना लेता है। जिससे बच्चे के साथ- साथ हमलोग को भी भय बना रहता है। बहरहाल इलाज के बाद सभी बच्चे सुरक्षित है ।

शराब बेचने के आरोप में महिला कारोबारी को सिरदला पुलिस ने किया गिरफ्तार

समाज जागरण

सिरदला नवादा :-शुक्रवार की शाम सिरदला पुलिस ने बाजार स्थित पानी टंकी के पास छापेमारी कर शराब बेचने के आरोप में नामजद प्राथमिकी महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार महिला की पहचान सिरदला बाजार निवासी दिनेश चौधरी की पत्नी गुड़िया देवी के रूप में की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आशिष कुमार मिश्रा ने बताया की पिछले सप्ताह उत्पाद कंट्रोल पटना से मिली सूचना के आधार पर पानी टंकी जे समीप एक खपरैल घर मे छापेमारी की गयी थी। जहां से छापेमारी में क्रम में एक बोरा में रखे हुए 24 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया था.साथ ही कमरे में मौजूद एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया था। जो महिला कारोबारी का पुत्र राजेश कुमार के रूप में की गयी थी। जिसे गिरफ्तार कर न्यायलय को सौंप दिया गया था। वही शराब अधिनियम व संसोधन 2016 के तहत गुड़िया देवी और राजेश कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जिसके बाद से गुड़िया देवी फरार चल रही थी। जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जनता दरबार में भूमि विवाद संबंधित तीन मामले आये।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादा:- थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में राजस्व पदाधिकारी अर्चना कुमारी, राजस्व कर्मचारी किशोरी सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष रामभजन सिंह ने भूमि संबंधित मामले को सुना और उसके उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल तीन मामले आये। जिसमें दीना बिगहा निवासी महेंद्र मांझी व अमृत यादव के बीच गैरमजरूआ जमीन में

रास्ते को लेकर विवाद, मसौढा निवासी शांति देवी व आनंदी पासवान के बीच रैयती भूमि को लेकर विवाद, कहुआरा निवासी गणेश पांडे व अशोक पांडे के बीच रैयती भूमि को लेकर विवाद जनता दरबार में मामले निष्पादन करने के आये। उपस्थित अधिकारियों ने इन तीनों आवेदक के आवेदन में दूसरे पक्ष को नोटिस भेजकर अगले शनिवार को अपने सभी जरूरी कागजात लेकर उपस्थित होने के लिए निर्देश दिया है। ताकि भूमि संबंधित विवाद को खत्म किया जा सकें। बताते चलें कि आए दिन थाना में भूमि संबंधित विवाद को लेकर नए नए मामले आ रहें हैं। इसके लिए थाना परिसर में प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों को भूमि संबंधित विवाद के निपटारे हो सकें।

सोमवार से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में अब न्यायिक कार्य होगी सुबह 10:30 बजे से 4:30 बजे तक

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबाद: (बिहार)

पैनल अधिवक्ता, सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया है कि व्यवहार - न्यायालय, औरंगाबाद के माननीय, जिला एवं सत्र - न्यायाधीश, मनोज कुमार तिवारी के निदेर्शानुसार सोमवार दिनांक - 27 जुन 2022 से व्यवहार - न्यायालय, औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय व्यवहार - न्यायालय, दाउदनगर में न्यायिक कार्य सुबह 10:30 बजे से 4:30 बजे तक होगा, और न्यायिक कर्मचारी 5:30 बजे तक न्यायालय में उपस्थित रहेंगे! अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि सुबह तीन घंटे का समय बढ़ने से दुर - दराज से आने वाले मुवक्किल अधिक से अधिक संख्या में समय पर न्यायालय में उपस्थित हो पाएंगे, तथा वाद निष्पादन में भी तेजी आएगी!

विवेकानन्द पब्लिक स्कूल के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज स्थित विवेकानंद पब्लिक इंटर स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता और सामाजिक रहन-सहन से संबंधित जानकारी विकसित करने को ले क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय के निदेशक परमानंद के नेतृत्व में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थियों को ए, बी, सी ग्रुप तथा रेड, ग्रीन ,ब्लू और येलो हाउस में बांटकर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में वर्ग दो से 10 तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से देश के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महापुरुषों के बारे में तथा गांव व घरों में आज भी कायम सामाजिक रहन-सहन से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों का मौके पर ही परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें किसलय, अरनेश भूषण, देव शरण, साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी ,सत्यम कुमारी, पुष्कर कुमार आकृति कुमारी, कोमल कुमारी ,अपराजिता, रवि रंजन आदि अलग-अलग समूहों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्राचार्य शीतल सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में सफल सभी विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षक सीताराम कुमार ,राजेश कुमार, चुन्नू कुमार, हरे राम ,शिवम ,धनंजय ,नीलू कुमारी, बबीता कुमारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ये हाल है नीतीश के ड्रीम प्रोजेक्ट नल जल योजना की, जहां पानी के लिए कोसो दूर जाना पड़ रहा है लोगो को।

समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा गांव में हर घर में पानी पहुंचाने की सीएम नीतीश कुमार की योजना जमीन पर कितनी सफल हुई है। वह इन तस्वीरों से समझी जा सकती है। जहां सिर पर बर्तन लेकर दर्जनों ग्रामीण महिलाएं और बच्चे पानी लेने के लिए जाते हुए दिख रहे हैं। यह तस्वीर उस जिले की है, जहां एक माह पहले ही सीएम नीतीश कुमार ने गंगा नदी का पानी लाने के लिए अरबों रुपए की लागत से गंगा उद्भव योजना शुरू करने जा रहे हैं। तस्वीरें नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के दोसुत पंचायत अंतर्गत गडुआ गांव की है, जहां महादलित टोला में पेयजल की भारी किल्लत है। जिसके कारण महादलित परिवार के लोग गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर रहे पहाड़ी चापाकल से पानी लाने को विवश हैं।

छह माह पहले बिछाया गया पाइप: हालांकि इस गांव में नल-जल

योजना के तहत पाइप बिछाई गई और घर घर नल भी लगाया गया है। लेकिन लगभग 6 महीने से मोटर खराब रहने के कारण पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे महादलित परिवार के लोग काफी परेशान हैं। ग्रामीण बताते हैं कि गांव में 7 चापाकल भी है, लेकिन गर्मी के दिनों में ये सभी चापाकल सूख गए हैं और नल-जल का मोटर भी खराब है। जिससे पानी के लिए एक किलोमीटर दूर बेलधा गांव के समीप से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं।

प्रशासन में कोई सुनवाई नहीं

उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर स्थानीय बीडीओ से लेकर डीएम तक आवेदन दिया गया, लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस महादलित टोले में कुल 50 घर है और 50 घर के लोग एक ही चापाकल पर पानी लाने जाते हैं। जिससे कभी-कभी पानी लेने को लेकर तू-तू मैं-मैं भी हो जाता है।

इस संबंध में डीएम ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर उस गांव में पेयजल की किल्लत है तो जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

महिलाओं को पूर्ण साक्षरता की अलख जगाने के लिए रात्रि चौपाल आयोजित

समाज जागरण नवादा (आर्यन मोहन)

नवादा:-जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह के आदेश के आलोक में जिले की सभी महिलाओं को साक्षर किया जाना है। इसके लिए जिला अधिकारी लगातार प्रयासरत हैं।पूर्ण साक्षरता के प्रथम चरण में 14 प्रखंडों के 14 गांव का चयन महिलाओं को पूर्ण साक्षर करने के लिए किया गया है। इसके लिए बैठक में जिला अधिकारी के द्वारा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया है। आज 14 प्रखंडों के चयनित 14 गांव में पूर्ण साक्षरता की अलख जगाने के लिए रात्रि चौपाल आयोजित किया गया है, जिसमें प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी ,सीडीपीओ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी

आदि को बेहतर कोआर्डिनेशन करते हुए 15 अगस्त २०२२ के पूर्व चयनित गांव को साक्षर करने का निर्देश दिया गया है। साक्षर व्यक्ति अपने अधिकार और कर्तव्य को सही ढंग से समझ पाते हैं ।साक्षर होने पर व्यक्ति किसी भी विषय वस्तु को ठीक से समझ लेते हैं और उसके अनुसार अपना बेहतर कार्य कर सकने में सक्षम होते हैं ।एक महिला के साथ सर होने से पूरा परिवार साक्षर हो जाता है ,इसलिए महिलाओं को पहले पूर्ण साक्षर करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता और जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के द्वारा भी पूर्ण साक्षरता के कार्यक्रमों की निगरानी किया जाएगा।

थाना में आयोजित जनता दरबार में 10 मामला का किया गया निपटारा

समाज जागरण

सिरदला नवादा :- थाना परिसर में सीओ गुलाम सरवर तथा थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को भूमि संबंधित समस्याओं को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया । जनता दरबार में थाना क्षेत्र से भूमि संबंधी कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए । जिसमें की 10 आवेदन का निष्पादन किया गया । सीओ गुलाम सरवर ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए । जिसमें 10 आवेदन का निष्पादन किया गया । वहीं लंबित 04 मामला को लेकर नोटिश भेजा गया हैं । भूमि संबन्धी मामलों का निष्पादन के लिए प्रत्येक सप्ताह के शनिवार दिन को थाना में जनता

दरबार का आयोजन किया जाता है । जिसमें दोनों पक्षों की आपसी सहमति एवं न्याय संगत तरीके से मामलों का निपटारा किया जाता है । जबकि थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि विवादित जमीन संबन्धी मामले के निपटारे को लेकर थाना प्रांगण में जिलाधिकारी के आदेश अनुसार दोनों पक्षों की सुनी जाती है और सुनवाई के बाद मामले का हल थाने में ही कर दिया जाता है । उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी मामलों में आपसी भाईचारा बनाये रखें । लगने वाले जनता दरबार को लेकर थाना क्षेत्र के लोगों में काफी उत्सुकता है । मौके पर एसआई जितेंद्र कुमार, अंचल नाजिर अनुज कुमार, बंटी कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे ।

सड़क दुर्घटना मामलों में लोगों के बीच नियमों की जानकारी हेतु जरूरी है जागरूकता, सड़क दुर्घटना में है अन्तरिम मुआवजा का प्रावधान - सचिव

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबाद: (बिहार)

हाल फिलहाल के दिनों में देखा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में वृद्धि हुई है इसमें सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों का अनुपालन नहीं होना भी एक प्रमुख कारण रहा है! साथ ही यह भी देखा गया है कि सड़क दुर्घटना के उपरान्त कई तरह के अप्रिय घटनाऐं भी घटित हुई हैं, और प्रशासन तथा लोगों के बीच नोक - झोक, सड़क जाम जैसी घटनाऐं भी घटित हुई है, जिसका केन्द्र विन्दु सड़क दुर्घटना के उपरान्त मुआवजा ही रहा है। इसलिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अपर जिला एवं सत्र - न्यायाधीश, प्रणव शंकर ने उक्त मामलों पर संज्ञान लेते हुए आज शनिवार दिनांक - 25 जून 2022 को एक प्रेस - विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि जागरूकता के अभाव में ही उक्त घटनाओं का कारण रहा है लोगो के बिच जागरूकता हेतु प्राधिकार पुरे जिले में जागरूकता अभियान चलाएगी! साथ ही सचिव ने यह भी कहा है कि 15 सितम्बर 2021 से बिहार मोटर गाड़ी नियमावली से सम्बन्धित नई नियम लागू हुई है, जिसके अन्तर्गत 15 सितम्बर 2021 के बाद हुए वाहन दुर्घटना के अंतर्गत वाहन दुर्घटना जनित वादो के निष्पादन हेतु दावा न्यायाधीकरण का गठन किया गया है! साथ ही मोटर वाहन दुर्घटना के कारण किसी भी व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति तथा गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए तत्कालिक अन्तरिम मुआवाजा भुगतान हेतु बिहार वाहन दुर्घटना सहायता निधि का प्रावधान किया गया है, जिसके अन्तर्गत सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति सह जिला परिवहन पदाधिकारी, उक्त मद से वास्तविक देनदारों को भुगतान की कार्रवाई यथा घटना की सत्यता, पीड़ित की पहचान इत्यादि हेतु कार्य करेंगें, जिसके अन्तर्गत थानाध्यक्ष, स्वास्थ्य केन्द्र या सदर - अस्पताल / मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं मोटर यान निरीक्षक के प्रतिवेदन के आलोक में किसी वाहन दुर्घटना में मृत्यु होने एवं गम्भीर रूप से जख्मी होने की स्थिति में अन्तरिम मुआवजा राशी भुगतान हेतु प्रतिवेदन दुर्घटना दावा जॉच पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी को भेजते हैं। उक्त अनुमण्डल पदाधिकारी के अनुसंशा के आलोक में दुर्घटना दावा मूल्यांकन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वाहन दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में मृतक के आश्रितों को 5,00000। (पॉच लाख) रूपया तथा गम्भीर रूप से जख्मी व्यक्ति को 50,000 (पच्चास हजार) रूपया तत्कालिकक अन्तरिम मुआवाजा प्रदान की जाती है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि मृतक के आश्रित का तात्पर्य विवाहित मृतक के पति - पत्नी के नहीं रहने

पर संतान, एक भी संतान नहीं रहने पर माता - पिता, अविवाहित व्यक्ति की मृत्यु होने पर माता - पिता एवं अविवाहित व्यक्ति, माता - पिता के जीवित नहीं रहने पर बहन एवं भाई समान रूप से हकदार होते हैं! तदुरान्त बीमा कम्पनियां से मोटर दुर्घटना वाद में विधि - सम्मत मुआवजा मिलने का भी प्रावधान है। उक्त समस्त प्रावधान माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा उषा देवी वगैरह बनाम पवन कुमार वगैरह में दिये गये निर्णय के आलोक में किया गया है, परन्तु जागरूकता और जानकारी के अभाव में लोग आवेश में कई तरह के अप्रिय घटना कारित करते हैं, जिससे आम जन जीवन प्रभावित होने के साथ - साथ वे स्वयं भी कई कानूनी कार्रवायीयों के शिकार होते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों से यह अपील करता है कि वे सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कानूनों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटना सम्बन्धी मामलों में कमी आए, और अगर वे उक्त मामलों के शिकार होते हैं, तो बिना किसी परेशानी के उन्हें मुआवजा प्राप्त होगी। अगर मुआवाजा प्राप्त होने में कोई परेशानी होती है, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्पर्क कर सकते हैं।

न्यू एरिया कोचिंग हब में पहुंची जांच दल,18 कोचिंग की हुई जांच।

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा में संचालित कोचिंग संस्थानों की जांच का काम जारी है। शनिवार को अधिकारियों की टीम नगर के न्यू एरिया में संचालित संस्थानों की जांच करने पहुंची।

ए -वन कंपटीशन सेंटर, एसेंट कंप्यूटर जोन, ब्रिटिश न्यू पीटी , साई ट्यूटोरियल, ग्लोबल कंप्यूटर, द एमिटी, करियर प्लानर, मार्गदर्शन, मदर टेरेसा, न्यू गुरुकुल, प्रभात मैथमेटिक्स, खन्ना स्पोकन, एस एम स्टडी सेंटर,इंडियन कोचिंग ,अरविंद केमिस्ट्री कुल 18 संस्थानों की जांच हुई। ए वन कंपीटिशन सेंटर की जांच से अधिकारी संतुष्ट दिखे।

जांच टीम में रमेश कुमार, विजय कुमार, साकेत रंजन, श्रवण कुमार (कनीय अभियंता), राहुल सहायक शिक्षक शामिल थे।बता दें कि 164 कोचिंग संचालक कई वर्ष पूर्व ही निबंधन के लिए अपना आवेदन दे

रखे थे। लेकिन, अधिकारियों द्वारा जांच और निबंधन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी।

16 जून को अग्निपथ योजना के खिलाफ नवादा में जब छात्रों का उपद्रव हुआ तो इसमें कुछ कोचिंग संचालकों पर छात्रों को उकसाने की बातें सामने आई। तब कोचिंग संचालकों पर शिकंजा कसने की कवायद प्रशासनिक स्तर पर शुरू की गई। इसी कवायद के तहत पूर्व से आवेदन दे रखे 164 संस्थानों की जांच शरू की गई है। नियमानुसार जो संस्थान मानक पर खड़ा उतरेंगे उनका ही निबंधन किया जाएगा।

शुक्रवार 24 जून से यह जांच शुरू हुई है। तीन टीमें गठित की गई है। टीम की रिपोर्ट निबंधन का आधार बनेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल एसडीओ और एसडीपीओ जांच टीम के प्रमुख सदस्य हैं।

नवादा में जदयू कार्यकताओं ने निकाली आभार यात्रा, सीएम नीतीश को कहा थैंक्यू

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा_नवादा जिले के जदयू कार्यकताओं ने शनिवार को आभार यात्रा निकाला। जातीय जनगणना की स्वीकृति के लिए इस यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कार्यकताओं ने थैंक्यू कहा। महात्मा फूले समता परिषद के कार्यकर्ता भी इसमें शामिल थे।

जदयू जिलाध्यक्ष सलमान रागिब के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने नवादा नगर की सड़कों पर पदयात्रा निकाल जातीय जनगणना के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और आभार जताया।

इस कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष व पूर्व एमएलसी सलमान रागिब, पूर्व विधायक प्रदीप महतो, महात्मा फूले समता परिषद के नवादा जिला प्रभारी और जदयू के प्रदेश महासचिव राम कुमार मेहता, महिला सेल की जिलाध्यक्ष अफरोजा खातून, पार्टी नेता बिनय यादव, सुनीता यादव, जय शंकर चंद्रवंशी, अनवर भट्ट, अरुंजय मेहता आदि शामिल थे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना का निर्णय लेकर ऐतिहासिक काम किया है। इस गणना से राज्य के लोगों को फायदा होगा। गरीब लोगों की पहचान होगी। उनके विकास के

लिए सरकार को प्राथमिकता तय करने में आसानी होगी। पूर्व विधायक प्रदीप महतो ने कहा कि बिहार की धरती से ऐतिहासिक काम होने जा रहा है। 1931 यानी अंग्रेजी हुकूमत के बाद पहली बार बिहार में जातीय जनगणना होगी। इसका लाभ सभी वर्गों को मिलेगा।

आभार यात्रा के दौरान कार्यकर्तओं ने जमकर नारेबाजी की। नगर भ्रमण करते हुए कार्यकर्ता प्रजातंत्र चौक तक पहुंचे। इस दौरान कार्यकताओं में गजब का उत्साह देखा गया।

पोक्सों से संबंधित वादों की जानकारी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

समाज जागरण नवादा (आर्यन मोहन)

नवादा:- जिले में बच्चों से संबंधित संस्था तटवासी समाज न्यास कई वर्षों से कार्यरत हैं। ऐसे में शनिवार को इस संबंध में तटवासी समाज न्यास के कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउन्डेशन के द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिलकर पोस्को से पीड़ित बच्चों के हित को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के परियोजना अधिकारी डॉ रिजवानुर रहमान ने बताया कि पोक्सो से जुड़े मामलों में पीड़ित पक्ष को आर्थिक मदद भी दिया जाता है जैसे - न्यायालय संबंधि कार्यो में आने जाने का खर्च , अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकताओं के लिए खर्च , कार्यालय संबंधि लेखा जोखा आदि का खर्च मुनासिब मुहैया कराया जाता है।साथ - ही साथ से ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया कि पोक्सो से संबंधित फैसलों में अभी तक कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिस कारण न्यायालय में चार्जशीट इत्यादी जमा नहीं हो पा रहा है,इस कारण पीड़िता को न्याय मिलने में विलम्ब हो रही है।ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि उपर्युक्त विषयों पर ध्यान दिया जाये ताकि पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

विश्व हिंदू परिषद टेकारी के प्रांगण में एकल अभियान संच की मासिक अभ्यास बैठक संपन्न

दैनिक समाज जागरण

टेकारी(विश्वनाथ आनन्द):- एकल अभियान टिकारी संच की मासिक अभ्यास वर्ग स्थानीय विश्व हिंदू परिषद टिकारी के प्रांगण में आहूत किया गया। इस बैठक वर्ग में पूर्व कार्य की समीक्षा सहित आगामी जुलाई माह में 10दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण जो की टिकारी संच व कोंच संच की संयुक्त होगी, जिस पर परिचर्चा किया गया। इस प्रशिक्षण में ही टैग मशीन आचार्य के बीच वितरण पर भी परिचर्चा किया गया। उक्त जानकारी एकल अभियान टेकारी संच के शिव वल्लभ मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं ' उन्होंने आगे कहा कि कोरोना काल मे प्रशिक्षण नहीं हुआ था ' जिसे देखते हुए 10दिवसीय प्रशिक्षण

किया जाएगा। टैग मशीन से बच्चो की पढ़ाई अब केंद्र पर होगी ' जिससे शीर्ष नेतृत्व की निगरानी होती रहेगी। इस कार्य को लेकर आचार्य में खुशी देखी जा रही है 'बैठक वर्ग मे आचार्य टिकारी संच से क्रमश बिन्नी कुमारी, रजनी कुमारी, तन्नू कुमार, विशेषर यादव, प्रभा कुमारी, रंजू देवी ज्योति पाठक, सहित संच के पदाधिकारी में अध्यक्ष गणेश प्रसाद, सचिव शिवबल्लभ मिश्र, कोषाध्यक्ष रामनिवास ठाकुर, उपाध्यक्ष शशि प्रियदर्शी, विनय शुक्ला, प्रमुख महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

टिड्डियों का बढ़ते प्रकोप किसानों के लिए बहुत गंभीर स्थिति बनती जा रही है। राज कुमार सिंह सनातनी

कोई माने न माने पर यह सच है कि किसानों का सबसे बड़ा दुश्मन टिड्डियाँ होती हैं और सबसे बड़ा मित्र गौरैया।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ, औरंगाबाद

टिड्डियों का बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए न तो हमारे स्कूलों में पढ़ाया जाता है और न कोई मुहिम चलाकर इसके बारे लोगों को जागरूक किया जाता है। फलस्वरूप धान उत्पादन हेतू बोयें गये बीज का बीचड़े और हरी पतियों वाली साग. सब्जियों को टिड्डीयाँ चाट / खा जाती है, जिसका बचाव में महंगी कीटनाशक दवा भी बेकार शाबित होते आ रहे हैं और टिड्डियों को खाने वाले चिड़िया भी जहरीली दवा खाकर मरते जा रहे है।

राज कुमार सिंह सनातनी का कहना है कि एक चिड़ियाँ होती है गौरैया। गौरैया की विशेषता है कि वह टिड्डियों के अंडों को खोजकर खा जाती है। अंडा खाने का मतलब एक ही बार में लाखों टिड्डियाँ समाप्त।

कोई माने न माने पर यह सच है कि किसानों का सबसे बड़ा दुश्मन टिड्डियाँ होती हैं और सबसे बड़ा मित्र गौरैया।

अब हो क्या रहा है कि किसान गौरैया का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया। किसान थोड़े लाभ के लोभ में खेतों में जहर डाल रहा है जिससे गौरैया मर रही है। अभी धान का बिचड़ा डालने का समय चल रहा है। किसान क्या कर रहा है कि वह बिचड़ा करने से पहले खेतों में पानी डालकर उसमें एक तीव्र प्रभावी जहर डालता है। यह जहर इतना खतरनाक है कि यह उस खेत के घास तक को मार डालता है।

जहरयुक्त पानी को गौरैया सहित कोई चिड़ियाँ नहीं पहचान पाती और उस पानी को पी जाती है। इस जहर का पानी

पसंदीदा रंग	-	हरा
रहन-सहन	-	झुण्ड में रहना
पहचान	-	अनियंत्रित प्रजनन
उत्पत्ति	-	रेगिस्तान
आचरण	-	जहाँ आश्रय लिया उस जगह को बर्बाद करना

चिड़ियों की किडनी खराब कर देता है और वह दो चार दिन बाद मर जाती है।

अब देखिये, जैसे जैसे गौरैया विलुप्त होते जा रही है वैसे वैसे टिड्डियों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। जरूरत है किसानों के बीच जागृति लाकर गरवैया को संमवर्धन /बढ़ाने की जो लोग करना नहीं. चाक्षते है।

पुलिसिया अनुसंधान में चल रही है लीपापोती तो मृतक कृष्ण कुमार के माता-पिता साक्ष्य लेकर कर रहे हैं न्याय का इंतजार

दैनिक समाज जागरण गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

घटना बीते फरवरी माह का है जहां जी०डी० गोयनका में अपराधी शिक्षक सुबेंदु कुमार के द्वारा कृष्ण कुमार को बेरहमी से पिटाई करने से मौत हो गई थी वहीं घटना के बाद गुड्डू बर्नवाल के द्वारा शहर में कई तरह से विरोध प्रदर्शन किया गया जिसके बाद सल्फास जहर खाने से बच्चे की हुई मौत का जिक्र, सिलसिला चार माह चलता रहा लेकिन जब वेसरा रिपोर्ट कोलकाता फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री से आई तो ऐसी किसी भी तरह की बात डॉक्टर

पुष्टि नहीं की ,बच्चे की मृत्यु सल्फास खाने से हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सच्चाई का मिला संकेत और उस रिपोर्ट के आधार पे अनुसंधान अधिकारी ए०एस०पी लाइन एंड ऑर्डर के भारत सोनी द्वारा बेसरा को कोलकाता फॉरेंसिक रिपोर्ट भेजा गया और जांच रिपोर्ट आने तक के क्रम शिक्षक सुवेंदु को बचाने के लिए कई हथकंडे वा राजनीतिक खेल भी चलता रहा लेकिन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी दायर किया गया, लेकिन जिला एवम् सत्र न्यायाधीश ने उसे खारिज कर दिया लेकिन एडिशनल एसपी मनीष कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने अपने बयान में बताया कि हम मेडिकल फॉरेंसिक साइंस के डॉक्टरों का ओपिनियन लेने के बाद ही अपराधी को गिरफ्तार करेंगे, बिना साक्ष्य के आधार पर मैं किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकताहूं तो वहीं समाजसेवी रवि कुमार उर्फ गुड्डू बर्नवाल गया की सुशासन पे तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपने बयान में बताया की जितना भी गया सेन्ट्रल जेल में कैदी बन्द है क्या? सभी साक्ष्य के आधार पे बन्द है

पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र की 50वीं मनाई गई।

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्व मुख्यमंत्री सह मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगन्नाथ मिश्र की 85वीं जयंती मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के अध्यक्ष एन एन मिश्रा की अध्यक्षता में मनाई गई ।सर्वप्रथम उनके तैलय चित्र पर उपस्थित प्रबुद्ध जनों द्वारा माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर अध्यक्ष मिश्रा ने अपने भाषण में कहा डॉ जगन्नाथ मिश्र की मुख्यमंत्री काल में बिहार राज्य एवं देश के लिए अनेकों कार्यक्रम को आयोजित किए गए।शिक्षकों एवं अधिवक्ताओं के जन कल्याण के अनेकों कार्य किए डॉक्टर मिश्रा के मुख्यमंत्री का काल शिक्षा के काल के रूप में सुनहरे काल के रूप में जाना जाता है। शिक्षा जगत में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए उन्होंने 5420 प्राथमिक विद्यालयों एवं 3000 माध्यमिक विद्यालयों का सरकारी करण की 235 कॉलेजों को अंगीभूत किए 438 संस्कृत विद्यालयों एवं कई मदरसों का सरकारी करण किया डॉ जगन्नाथ मिश्र आजीवन बिहार की पीड़ा से जुड़े रहे। इस अवसर पर अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक ने कहा कि डॉक्टर मिश्रा के कार्यों को बिहार की जनता कभी भुला नहीं पाएगी उनकी खासियत थी कि वे एक-एक कार्यकताओं का ख्याल रखते थे अधिवक्ता गौतम वर्मा ने कहा कि बिहार के सिर्फ डॉक्टर साहब ही ऐसे व्यक्ति थे जो सभी की सुना करते थे और उसे दूर करने की दिशा में आवश्यक कदम

उठाया करते थे अधिवक्त आशुतोष झा ने कहा कि डॉक्टर मिश्र मृदुभाषी एवं सहृदय तब उसके बाद कहेगा तुम सबको दे इंसान थे उनका व्यक्तित्व महान रहा है इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन जवाहर यादव ने डॉ विजय कुमार वर्मा अधिवक्ता प्रवीण पासवान राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

लिंक फेल रहने से 115 लोगों का रजिस्ट्री हुआ बाधित

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया में इन दिनों अक्सर निबंधन कार्यालय में लिंक फेल रहने की वजह से निबंधन कार्य बाधित रहता है। जिससे दूरदराज से आने वाले लोग काफी परेशान हैं। लिंक फेल रहने के कारण रजिस्ट्री आफिस में जमीन का निबंधन कराने आए लोगों विभाग के प्रति काफी नाराजगी देखने को मिल रहा है साथ ही उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है जिसका उनको सामना करना पड़ता है । जिले के विभिन्न इलाके से जमीन पंजीकरण के लिए पहुंचे लोगों को निराश हो कर लौटना पड़ाता है। उमस भरी गर्मी में लोग घंटों इंतजार करते रहते है और कई घंटों की इंतजारी के बाद कर्मियों द्वारा बताया जाता हैं कि लिंक फेल है। बीते दिनों की तरह आज भी कार्यालय खुलने के बाद से ही निबंधन कार्यालय का लिंक फेल रहा जिससे 115 लोगों

के जमीन का आज निबंधन होना था पूरे दिन इंतजार करने के बाद उनका निबंधन नहीं हो पाया वही उन सभी लोगों का निबंधन अब 2 दिन के लिए टल गया जिससे उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।जब इस बाबत में अवर निबंधन पदाधिकारी से बात की गई तो उंन्होने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण निबंधन का काम नहीं हो पा रहा है। संबंधित कर्मी को इसे ठीक करने में लगाया गया है। हालांकि निबंधन पदाधिकारी ने यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया लेकिन उन मासूम जनता जो इस से पीड़ित हो रहे हैं उनका क्या एक ही काम के लिए उन्हें दो बार रुपया खर्च कर निबंधन कार्यालय आना पड़ता है जिससे उनकी बजट भी खराब होता है। इन सबों के बावजूद भी विभाग के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है जिससे ऐसे लोगों की परेशानियों से उन्हें बचाया जा सके।

मद निषेध को ले नेशनल इंटर विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता प्रभातफेरी

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मद्य पान लेता है जान, नशा बुरी बलाय, जो करेगा नशा, उसका घर होगा नाश, जिसने किया नशा उसका हुआ सर्वस्व नाश, समेत तरह तरह के स्लोगन लिखा तख्ती हाथो में लेकर वारिसलीगंज की सड़कों पर नशा मुक्त बिहार बनाने को ले जागरूकता प्रभातफेरी निकली। शनिवार को स्थानीय नेशनल इंटर विद्यालय माफी में प्रभारी अर्चना कुमारी के नेतृत्व में विद्यालय की सैकड़ो छात्र छात्राएं मद्य निषेध दिवस की पूर्व सुबह को शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने बाजार की सड़कों पर प्रभातफेरी आयोजित कर लोगो में नशा मुक्ति का संदेश दिया। चुकी हर बर्ष के 26 जून को मद्य निषेध दिवस आयोजित किया जाता है। इस बार 26 जून को विद्यालय रविवार होने के कारण बन्द होगी फलतः शनिवार को ही सम्पूर्ण बाजार का भर्मण करते हुए लोगो से

नशा मुक्त बिहार बनाने में सहयोग की अपील किया। इस दौरान विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक अर्चना कुमारी ने क्षेत्र के लोगो को बिहार में शराब बंदी का हवाला देते हुए कहा कि शराब विभिन्न शारीरिक बीमारियों समेत घरेलू कलह, गरीबी एवं पेट जनित बीमारियों का जनक होता है। इसे आज से ही सही, अपने अपने पड़ोस में न तो शराब पीने पिलाने देंगे और नहीं निर्माण करने देंगे। अगर कोई ऐसा करता है तब हम इसकी सूचना स्थानीय थाना एवं जिला उत्पाद कार्यालय को देगे। इस दौरान विद्यालय के सहायक शिक्षक डा अशोक कुमार सिंह, सर्जुन कुम्भकार, धनञ्जय कुमार, किशोर कुणाल, कुमार पवन, सेवानिवृत्त शिक्षक जय कुमार सिंह, प्रीति कुमारी, प्रियंका, चंदन कुमार, श्रवण कुमार समेत अन्य शिक्षक व छात्र छात्राएं प्रभातफेरी के माध्यम से मद्य निषेध का नारा वारिसलीगंज की सड़कों पर बुलंद किया।

जच्चा बच्चा की सुरक्षा के लिए संस्थागत प्रसव को दें प्राथमिकताः डॉ देवेंद्र
जननी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को मिल रही मदद

लखीसराय समाज जागरण

स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण मुद्दों,जैसे संस्थागत प्रसव और सुरक्षित मातृत्व जैसे मामलों की अनदेखी नहीं की जा सकती है। संस्थागत प्रसव के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर संभव आवश्यक जानकारियां व सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। .

संस्थागत प्रसव संबंधी सुविधाओं के विषय में जिला सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र चौधरी का कहना है कि सुरक्षित प्रसव के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना जरूरी है। . क्योंकि संस्थागत प्रसव की मदद से अस्पताल में प्रशिक्षित और सक्षम स्वास्थ्य कर्मी की देख झरेख में गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया जा सकता है। . साथ ही किसी भी आपात स्थिति जैसे रक्त की अल्पता या एस्पेक्सिया जैसी समस्याओं से निपटा जा सकता है। . अस्पतालों में मातृ एवं शिशु सुरक्षा के लिए सारी सुविधाएं हमेशा उपलब्ध रहती हैं। . साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जननी सुरक्षा योजना का भी लाभ गर्भवती महिलाओं को पहुंचाया जा रहा है। . मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी के लिए संस्थागत प्रसव जरूरीः प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को रोकने के लिए संस्थागत प्रसव बहुत जरूरी है। . खासकर ग्रामीण इलाकों की गर्भवती महिलाओं के लिए गृह प्रसव की जगह संस्थागत प्रसव पर बल देने की जरूरत है। . इसके लिए आशाओं के द्वारा उन्हें इसके फायदों के बारे में भी उचित जानकारी प्रदान की जा रही है। . संस्थागत प्रसव के द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु में कमी लाई जा सकती है। संस्थागत प्रसव के लिए दी जा रही आर्थिक सहायताः जननी सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी दोनों प्रकार की गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर अलग-अलग प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। . जिसमें ग्रामीण इलाके की गर्भवती महिलाओं को 1400 रुपए एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1000 रुपए दिए जाते हैं। साथ ही इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों पर संदर्भित करने के लिए आशाओं को भी प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है.। जिसमें प्रति प्रसव ग्रामीण क्षेत्रों में 600 रुपये एवं शहरी क्षेत्रों के लिए प्रति प्रसव 400 रूपए आशाओं को दिए जाते हैं। . इस योजना के तहत संस्थागत प्रसव पर आम लोगों के बीच जागरूकता बढ़ रही है। .

योजना से गर्भवती को लाभः इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहन राशि के साथ उनके बेहतर प्रसव प्रबंधन का भी ख्याल रखा जाता है।

जिला संगठन आयुक्त ने अनुराग आनंद को किया सम्मानित

समाज जागरण लखीसराय

लखीसराय डीईओ कार्यालय परिसर में स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त मृत्युंजय कुमार सिंह के द्वारा स्काउट गाइड के छात्र अनुराग आनंद को प्रमाण पत्र देकर अनुराग आनंद को सम्मानित करने का कार्य किया गया उक्त अवसर पर जिला संगठन आयुक्त मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि मां नेतुला मंदिर न्यास समिति जमुई के द्वारा सेवा शिविर का प्रमाण पत्र जिला संगठन आयुक्त मृत्युंजय कुमार को भेजा गया जिसे अनुराग आनंद को देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया गया बताया गया कि बीते वर्ष नवरात्रा मॉ नेतुला मन्दिर न्यास समिति कुमार (जमुई) बीते वर्ष नवरात्री समारोह के शुभ अवसर पर सेवा शिविर कैम्प का आयोजन किया गया था.जो कि शेखपुरा के सहायक जिला संगठन आयुक्त मनीष कुमार के नेतृत्व सात दिवसीय सर्विस कैम्प लगाया गया था. जिसमें की लखीसराय जिले के

सूर्यगढ़ा नगर परिषद क्षेत्र सुबोध सिंह के पुत्र अनुराग आनंद ने निष्ठापूर्वक सेवा किया था जिसको लेकर मन्दिर समिति के सदस्यगण कार्यकारी अध्यक्ष हरी देव सिंह, सचिव कृष्णनंदन सिंह, कोषाध्यक्ष उमाशंकर सिंह उर्फ चुनुन, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इनकी कार्य कुशलता एवं कार्यक्षमता से संतुष्ट होकर इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मॉ नेतुला के द्वारा से भेजा गया भेंट स्वकृति प्रमाण पत्र जिला संगठन आयुक्त मृत्युंजय कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। और उन्होंने कहा आशा करते है कि भविष्य में इस तरह के आयोजन में इसी तरह से सेवा प्रदान कर अपने जिला का नाम रौशन करेंगे प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के बाद गाइड डीओसी वंदना कुमारी भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव सह के.आर.के कॉलेज के प्रधानाचार्य जिलेश्वर पंडित ने अनुराग आनंद को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया जबकि वहीं दूसरी ओर सूर्यगढा.के बुद्धिजीवी लोजपा नेता रविशंकर प्रसाद सिंह उर्फ अशोक, वशिष्ठ पत्रकार अंजनी आनंद, डॉ विजय विनीत, राजेन्द्रर राज मुखिया प्रियरंजन सिंह इत्यादि लोगों ने उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए अनुराग आनंद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

नल जल टंकी कागजो पर दिख रहा है चालू, लेकिन स्थल पर है बंद

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया जिला के अमौरप्रखंड में नल-जल योजना की हालत बहुत खराब है। जिससे अधांग पंचायत में बिना काम पूरा किए ही बारहों वार्डो में जलमीनार चालू दिखा दिया गया है। अधांग पंचायतों की पड़ताल की तो कई चौंकाने वाले मामले सामने आए। जहाँ दो साल इसका पहले ट्रायल किया गया। इसके बाद पाइप लीकेज की बात कह इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। यहां तक कि पंचायत के जिस 12 वार्ड में जेई ने जलमीनार को चालू बताया, जब इसकी पड़ताल की गई तो जलापूर्ति कभी चालू ही नहीं हुई थी।

प्रखंड के पंचायत में ठेकेदार अपने जुगाड़ तंत्र के माध्यम से बिना काम पूरा किए ही कागज पर 13 जलमीनार चालू दिखवाने में कामयाब हो गया है। जबकि पंचायत के जलमीनार में जाला लगा हुआ है, टूटी लगाने का काम भी पूरा नहीं हुआ है।

मुखिया सरवर आलम ने बताया कि उनके पंचायत में एक भी वार्ड में नल-जल योजना का कार्य भरातल पर पूरा नहीं हुआ है तो फिर जलमीनार से पानी सप्लाई कैसे शुरू होगा। आज तक किसी भी जनता को पानी नहीं मिला है। मैंने जनता की शिकायत पर लगातार पीएचईडी के कनीय कर्मी से लेकर वरीय अधिकारी तक को यह जानकारी दी है। वही दो वार्ड में जलमीनार से पानी की सप्लाई शुरू तो हुई लेकिन पाइप लीकेज के कारण यह अधिक दिनों तक चल नहीं सका। मेंटनेंस के नाम पर आज तक कुछ भी काम नहीं हुआ। इसके कारण हर घर नल से जल योजना लीकेज पाइप में ही सिमट कर रह गया। आज स्थिति यह है कि पंचायत के 12 वार्डो में 13 जलमीनार लगी हुई है।लेकिन एक में भी नल से जल का एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा है। मुखिया

सरवर आलम ने बताया कि लगातार विभागीय अधिकारी से पाइपलाइन के लीकेज को ठीक करने के लिए बात की गई है, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

मुखिया के दरवाजे पर भी काम अधूरा

दिलचस्प बात तब सामने आई कि मुखिया सरवर आलम के आवास वार्ड कोबरा गांव के महज 200 मीटर पर लगे टावर का काम भी अधूरा पड़ा है। जिससे मुखिया के दरवाजे में अबतक टूटी भी नही लगी है।

इस सम्बंध में कनीय अभियंता अबोध कुमार ने बताया कि चार प्लांट जिसमे बिजली के कारण बंद है।बाकी सभी प्लांट चालू है।लोगो की पानी मिल रहा है।हम खुद दो दिन पहले जांच किये है।

साक्षरता अभिशरण केंद्र का विधिवत उदघाटन

समाज जागरण

सिरदला नवादा :- उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहपुर में शनिवार को महिला साक्षरता अभिसरण केंद्र का उद्घाटन किया गया। अभिसरण केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के 100 नवसाक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार दिनकर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विनय गुप्ता तथा प्रखंड साक्षरता समिति सचिव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन उपरांत बीडीओ ने कहा यह कार्यक्रम डीएम उदिता सिंह के निदेशानुसार शुरू हुआ है। जिले के प्रत्येक प्रखण्ड के एक गांव को असाक्षर महिलाओं को साक्षर करने के लिए गोद लिया गया है। इस प्रखंड में शाहपुर गांव को गोद लिया गया है। इस मुहिम के तहत निरक्षर महिलाओं को साक्षर किया जाना है। इसके लिए विद्यालय के शिक्षक, टोला सेवक के

अलावा गांव के शिक्षित युवक महिलाओं को साक्षर करने में योगदान देंगे। वहीं मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रखंड क्षेत्र के 15 से 50 आयु वर्ग की असाक्षर महिलाओं को 10 अगस्त तक साक्षर बनाने को लक्ष्य मानकर कार्य शुरू किया गया है। वही वर्ग 7 से 9 के बीटी के रूप में चयनित स्कूली छात्र-छात्राओं को असाक्षरों को साक्षर बनाने एवं उन्हें सरकार द्वारा दिए जाने वाली सुविधाओं से जोड़ने का जिम्मा सौंपा गया है। जबकि जिला से लेकर प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को इसकी मॉनिटरिंग करने की जवाबदेही दी गई। बताया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाने वालों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित करने एवं प्रमाण पत्र देने की भी योजना है। मौके पर के पर भारत गैस के संचालक बिनोद कुमार , उपरडीह पंचायत की मुखिया श्री मति मंजू देवी, सिरदला प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री बिंदेश्वरी प्रसाद, संतोष कुमार सहित दर्जनों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

जिलाधिकारी से पानी के लिए गुहार लगाते ही एसडीएम गडुआ पहुंच नल जल ठीक करवाने में जुटे

महीनों से बिछा था पाइप, बावजूद अनुसूचित टोले के 60 घरों में पानी की हो रही है भारी किल्लत

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के दोसूत पंचायत की गडुआ गांव स्थित वार्ड नंबर 4 में जल नल योजना में गड़बड़ी कर राशि की बंदरबांट करने का आवेदन ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को देते ही अधिकारियों की नींद टूटी, शनिवार को एसडीएम उमेश कुमार भारती के नेतृत्व में बीडीओ सत्यनाराण पंडित तथा दोसुत ग्रामीण सह समाजसेवी अजय कुमार रविकांत सम्बंधित टोला पहुंच पानी उपलब्ध करवाने की व्यवस्था में जुट गए है।

दोसुत पंचायत की गडुआ अनुसूचित टोला में करीब 50/60 परिवार निवास करते है। अधिकांश परिवार दूसरे प्रदेशों के इंट भट्ठों पर कार्य करने चले जाते है। अब जब घर लौटे तो टोले में लगा विभिन्न योजनाओं का कुल सात चापाकल खराब पड़े होने के कारण टोले की आबादी में पानी के लिए त्राहिमाम मचने लगा। शुक्रवार को टोले के दर्जनों लोग जिलाधिकारी के जनता दरबार पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। तब अधिकारियों की निंद्रा भंग हुई। और एसडीएम से लेकर बीडीओ तक टोले में पानी की किल्लत दूर करने के प्रयास में जुट गए है।

इससे पूर्व टोले के लोगो ने वारिसलीगंज प्रखंड विकास

पदाधिकारी से शिकायत करे जल नल योजना के खराब मोटर को बदलने तथा बंद बोरिंग चालू करने का मांग किया था। जिस पर बीडीओ ने कोई अभिरुचि नही दिखाई। तब परेशान टोलेवासी जिलाधिकारी से शिकायत किया। बताया गया कि भीषण गर्मी में पानी की किल्लत को पूरा करने को ले टोले के लोग लोगों एक किलोमीटर दूर बेलघा स्कूल के पास से पानी लाने को विवश थे। जबकि टोले में सात चापाकल एवं नल जल का पाइप लाइन बिछाए हुए थे। जो सभी खराब पड़े थे।

बताया गया है कि ग्रामीणों द्वारा कई बार बीडीओ आवेदन दिया गया लेकिन आज तक योजना की जांच नहीं कराई गई कनीय अभियंता तथा वार्ड सचिव की मिलीभगत कर नल जल को गुणवत्ता बिहीन लगा कर राशि बंदरबांट कर ली गई है।

जल्दी ग्रामीणों को मिलेगा नल का जलः-

शनिवार को गडुआ पहुंचे एसडीएम उमेश कुमार भारती ने बताया कि जल नल योजना के बंद बोरिंग को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित चालू करवाने की कोशिश शुरू कर दी गई है। इस बीच पीएचईडी कर्मियों को निर्देशित कर बन्द चापाकलों को शुरू करवाने का भी प्रयास किया जा रहा है। टोले के लोगो के पानी की समस्या आज कल में दूर कर दी जाएगी। तदोपरांत नल जल में गड़बड़ी के शिकायतों की जांच होगी।

बिहार लोक शिकायत निवारण मामले की जिलाधिकारी ने आज 10 मामलों की सुनवाई।

समाज जागरण नालंदा(ए. स.)

नालंदाबिहार शरीफलोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिलाधिकारी द्वारा आज 10 मामले की सुनवाई की गई।

इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आदेश दिया गया।

हरनौत के चेरो निवासी परिवादी शिव कुमार द्वारा उनकी खरीदगी की जमीन की बंदोबस्ती अन्य व्यक्ति के नाम किये जाने का परिवाद दायर किया गया। इस संबंध में लोक प्राधिकार द्वारा बताया गया कि समाहर्त्ता के न्यायालय में बंदोबस्ती अपील वाद दायर है जिसके निर्णय के अनुरूप वाद का निवारण किया जाएगा।

हिलसा के परिवादी आजाद कुमार द्वारा जमाबंदी कायम नहीं किये जाने की शिकायत दर्ज की गई। इस संबंध में अंचलाधिकारी हिलसा द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि परिवादी के नाम से जमाबंदी कायम कर लगान रसीद निर्गत किया गया है।

एकंगरसराय विशुनपुर के परिवादी श्यामदेव प्रसाद द्वारा उनकी जमीन की जमाबंदी अन्य व्यक्ति के नाम कायम किये जाने के परिवाद के आलोक में उन्हें गलत जमाबन्दी के

रद्दीकरण हेतु अपर समाहर्त्ता के न्यायालय में वाद दायर करने को कहा गया।

सकरोठा नगरनौसा के परिवादी द्वारा सुढ़ी नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में परिवाद दायर किया गया। इस मामले के संदर्भ में अंचल अधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि गैरमजरूआ आम जमीन पर पूर्व से कायम जमाबन्दी को रद्द करने हेतु कार्रवाई की जा रही है।तदोपरांत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

रटना राजगीर के परिवादी जगत सिंह द्वारा परिमार्जन में खाता,खेसरा एवं रकवा चढ़ाये जाने के संबंध में परिवाद दायर किया गया।इस संबंध में अंचलाधिकारी राजगीर द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संबंधित प्रविष्टि कर दी गई है।

मई हिलसा के परिवादी द्वारा गैरमजरुआ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर बंद रास्ता को खुलवाने से संबंधित परिवाद दायर किया गया इस संबंध में उक्त भूमि पर बसे हुए भूमिहीन व्यक्तियों के लिए उपयुक्त वास स्थल भूमि उपलब्ध कराते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का आदेश अंचलाधिकारी हिलसा को दिया गया।

अन्य मामलों में संबंधित लोक प्राधिकार को शिकायत के निवारण हेतु आवश्यक दिशा निदेश दिया गया।

नाबालिक की इज्जत बचाने के लिए मुखिया सरपंच से लगाई गुहार, नहीं मिली मदद

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया सदर अनुमंडल के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महाराजपुर से एक नाबालिक लड़की का यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिक ने अपने ही गांव के मो. जमील नाम के लड़के पर शादी का प्रलोभन देकर 1 साल से यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि लड़के ने उसे बात करने लिए मोबाइल भी खरीदकर दिया था। एक साल से दोनो के बीच संपर्क था। फिर लड़के के कहने पर शादी करने के लिए दोनो घर से भाग गए थे, बाद में पुलिस ने उसे बरामद कर परिजन को सौप दिया था। परिजन द्वारा बरामदगी के बाद सामाजिक स्तर पर पंचायती भी की गई मगर अब युवक शादी से इनकार कर रहा है।

वही पीड़िता की माँ अब इंसाफ के लिए कानून का दरवाजा खट खटाया है और महिला थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़िता की माँ ने बताया कि पहले लड़के के परिजन से मिलकर शादी की बात की गई, मगर उन्होंने इनकार कर दिया। फिर मुखिया सरपंच से बच्ची की दुहाई देकर इंसाफ की भीख माँगी गई मगर किसी ने साथ नहीं दिया, जिसके बाद थक हारकर महिला थाना में आवेदन दिया गया है।

ससुर ने गर्भवती बहू के साथ मारपीट कर रेलवे लाइन पर फेंका

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

अररिया जिला के पोठिया गांव में जमीन के लालची ससुर ने अपने ही गर्भवती बहू के साथ किया मारपीट व रेलवे लाइन पर ले जाकर फेंका।इस बाबत में बताया जा रहा है कि अररिया जिला के फारबिसगंज थाना अंतर्गत पोठिया गांव स्थित एक ससुर मोहम्द यूनुस ने अपनी गर्भवती बहू के साथ जमीन की विवाद को लेकर बुरी तरह से किया मारपीट मारपीट करने के बाद रेलवे लाइन पर ले जाकर फेंक दिया। घटना की सूचना पति खुर्शीद को मिली मौके पर पति पहुंचे और इलाज के लिए उसे

राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पूर्णिया ले आया। जहां उसका इलाज चल रहा है पति ने बताया कि वह बाहर रहता था और उसके पिता के द्वारा जमीन बंटवारा किया गया जिसमें अन्य भाइयों को जमीन ज्यादा दे रहे थे जिसका पत्नी ने विरोध किया जिस पर छह माह की गर्भ से होने के बावजूद बहु के साथ बुरी तरह से मारपीट किया और जान से मारने की नियत से रेलवे लाइन पर ले जाकर फेंक दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए पूर्णिया ले आए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

नाबालिक की इज्जत बचाने के लिए मुखिया सरपंच से लगाई गुहार, नहीं मिली मदद

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया सदर अनुमंडल के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महाराजपुर से एक नाबालिक लड़की का यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिक ने अपने ही गांव के मो. जमील नाम के लड़के पर शादी का प्रलोभन देकर 1 साल से यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि लड़के ने उसे बात करने लिए मोबाइल भी खरीदकर दिया था। एक साल से दोनो के बीच संपर्क था। फिर लड़के के कहने पर शादी करने के लिए दोनो घर से भाग गए थे, बाद में पुलिस ने उसे बरामद कर परिजन को सौप दिया था। परिजन द्वारा बरामदगी के बाद सामाजिक स्तर पर पंचायती भी की गई मगर अब युवक शादी से इनकार कर रहा है।

वही पीड़िता की माँ अब इंसाफ के लिए कानून का दरवाजा खट खटाया है और महिला थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़िता की माँ ने बताया कि पहले लड़के के परिजन से मिलकर शादी की बात की गई, मगर उन्होंने इनकार कर दिया। फिर मुखिया सरपंच से बच्ची की दुहाई देकर इंसाफ की भीख माँगी गई मगर किसी ने साथ नहीं दिया, जिसके बाद थक हारकर महिला थाना में आवेदन दिया गया है।

जनता दरबार का किया गया आयोजन

समाज जागरण लखीसराय

जिले के किऊल थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद के निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया तथा जनता दरबार के आयोजन को लेकर किऊल थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार और चरण प्रखंड के रेवेन्यू ऑफिसर मोनी बहल की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार की देखरेख की गई एवं जनता दरबार के आयोजन को लेकर किऊल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल तीन मामले आए जिसमें जमीनी विवाद से संबंधित दोनों पक्षों की ओर से आए हुए हुए ग्रामीणों से उनके जमीन के कागजात तथा दी गई उनके द्वारा दलीलों को सुनकर कुल तीन में से एक मामले का निष्पादित कर लिया गया जबकि बाकी बचे दो मामले

की सुनवाई अगली तिथि निर्धारित की गई उक्त मौके पर किऊल थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार रेवेन्यू ऑफिसर मोनी बहल समेत थाने के अन्य पुलिसकर्मियों और थाना क्षेत्र अंतर्गत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे

आपातकाल काला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

भागलपुर, 25 जून आपातकाल काला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से स्थानीय एक होटल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार के डिप्टी सीएम तार किशोर प्रसाद मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। वही काफी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता और जिले के बीजेपी विधायकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आपातकाल को लेकर अपनी अपनी बातें रखी,वही उप मुख्यमंत्री ने आपात काल के बात को बताया की उस समय कितनी परेशानी का लोगो को सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि 1967 के बाद ही गैर कांग्रेस सरकार की पर पार्टी की शुरूआत हुई है। वहीं उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अभी खुद आपातकाल में चली गई है। कांग्रेस परिवार की पार्टी रह गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में जब आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले कांग्रेस पार्टी को जब क्षेत्रीय पार्टी राष्ट्रीय जनता दल नहीं पूछ रही है तब समझा जा सकता है कि कांग्रेस किस हाल में है।

बाइक सवार मोबाइल झपट्टामार को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ा

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया शहर के फोर्ड कंपनी चौक की स्थिति मोटरसाइकिल सवार मोबाइल झपट्टामार को पैदल जा रहे व्यक्ति से मोबाइल छीनते हुए लोगों ने रंगे हाथ पकड़ा और किया पुलिस के हवाले इस बाबत में बताया जा रहा है कि गिरजा चौक की ओर से एक व्यक्ति लाइन बाजार की ओर जा रहा था वही फोर्ड कंपनी चौक के पास मोबाइल पर बात कर रहा था तभी पीछे से तेज रफ्तार अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो मोबाइल झपट्टामार ने उसका मोबाइल छीनकर भागने लगा तभी स्थानीय लोगों की मदद से मोटरसाइकिल झपट्टामार को पकड़ा गया जिनमें से एक मौके का फायदा देखकर फरार हो गया पकड़े गए मोबाइल झपट्टा मार वनभाग का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं पुलिस ने झपट्टामार का मोटरसाइकिल भी जप्त कर लिया और पूछताछ कर रही है।

22 may 2022:Layout 1 6/26/2022 2:08 AM Page 11

संक्षिप्त न्यूज

वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ आलोक के निधन पर पनोरमा ग्रुप ने जताया शोक।

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया जिला के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ साहित्यकार श्री भोलानाथ आलोक के निधन पर शुक्रवार को पनोरमा ग्रुप के सदस्यो ने शोक प्रकट किया हैं।वही पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव

मिश्रा ने बताया की श्री भोलानाथ आलोक जी के निधन पूर्णिया सहित कोशी-सींमाचल वासियो समेत साहित्य जगत में खासकर के मेरे लिए निजी क्षति हैं। जिसका कभी भरपाई नही किया जा सकता हैं।श्री मिश्रा ने अपनी गंभीर शोक प्रकट करते हुई दुख जताया हैं।पनोरमा मुख्यालय कार्यालय स्थित भोला नाथ आलोक के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा मे मुख्य रुप से पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा के अलावा सीईओ नंदन झा,जेनेन्द्र झा,रितेश झा,मनीष सिंह,आनंद,अनुराग,नीरज,धीरज जैन,पल्लवी,रोमा,निशा शर्मा,प्रिया,शिल्पा समेत अन्य लोग मौजूद थें। उपस्थित सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रख उन्हें याद करना नमन किया।

जनता दरबार में तीन मामले किए गए निष्पादित

समाज जागरण लखीसराय

पीरी बाजार थाना परिसर में भूमि विवाद के निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया एवं जनता दरबार की अध्यक्षता सूर्यगढ़ा राजस्व कर्मी अजीत सिंह और पीरी बाजार थानाध्यक्ष प्रजेश दुबे की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई जबकि जनता दरबार के आयोजन को

लेकर पीरी बाजार थाना परिसर में थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों की काफी भीड़ देखी गई शनिवार को जनता दरबार के आयोजन में थाना क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद से संबंधित कुल पांच मामले आए जिसमें दोनों पक्षों के जमीनी विवाद संबंधित उनके कागजातों को देखकर कुल पांच मामले में से तीन मामले को निष्पादित कर लिया गया बाकी बचे दो मामले की सुनवाई हेतु अगली तिथि निर्धारित की गई है मौके पर सूर्यगढ़ा राजस्व अधिकारी अजीत सिंह थानाध्यक्ष प्रजेश दुबे एवं थाना क्षेत्र अंतर्गत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

बांस लदे ट्रैक्टर के पलटने से एक व्यक्ति की हुई मौत

समाज जागरण लखीसराय

किऊल बंशीपुर मुख्य मार्ग के घोसी कुंडी गांव के समीप बीती रात्रि किऊल की ओर आ रही एक बांस लदे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी तथा जिसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई उक्त खबर पाकर किऊल थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सब को कब्जे में लेते हुए व्यक्ति के पोस्टमार्टम हेतु लखीसराय सदर अस्पताल भेजा गया जबकि इस संदर्भ में किऊल थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया गया कि मामले की गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है जबकि मृतक नवादा जिले के रहने वाला कैलू भगत था जो कि अपने परिजन चानन प्रखंड क्षेत्र के पाचाम गांव आया हुआ था तथा हादसे का शिकार हो गया पुलिस इस ओर आवश्यक कार्यवाही कर रही है

सात मामले हुए निष्पादित

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

स्थानीय थाना परिसर में भूमि विवाद के निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया तथा जिसकी अध्यक्षता सूर्यगढ़ा अंचलाधिकारी सुमित आनंद ने की जबकि जनता दरबार के आयोजन को लेकर सूर्यगढ़ा थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की काफी भीड़ देखी गई आए हुए ग्रामीणों की भूमि विवाद संबंधित उनके कागजातों को देखकर शनिवार को कुल सात में से सात मामले का निष्पादित कर लिया गया

शराब संबंधित मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण लखीसराय

लखीसराय जिले के चानन पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा इस संदर्भ में चानन थाना देश वैभव कुमार से मिली जानकारी के अनुसार चानन थाना कांड संख्या 87/21 शराब संबंधित मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अनिल यादव केसर दुर्गा यादव को थाना क्षेत्र अंतर्गत जानकी डी से गिरफ्तार किया गया है तथा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अनिल यादव शराब संबंधित मामले में फरार चल रहा था जिसे चानन थाने के पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया है

किशोरी के साथ दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

पकरीबरावां(नवादा) पकरीबरावां थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। शुक्रवार की देर शाम किशोरी के आवेदन पर पकरीबरावां थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

इसकी जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसएचओ शिशुपाल ने बताया कि किशोरी के आवेदन पर मठगुलनी के विजय पासवान के भांजा अजीत कुमार पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। गुरुवार को ग्रामीणों ने दोनों को एक साथ पकड़ा था। एफआईआर दर्ज कर मामलें की जांच की जा रही है।

बता दें कि पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने पंचायती करते हुए दोनों के बीच विवाह कराने का प्रस्ताव रखा था, जिसे युवक ने ठुकरा दिया था। इसके बाद प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया।

पीरपैंती, मे मनाया बी पी सिह की जयन्ती

पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय।

राष्ट्रीय जनता दल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री,सामाजिक न्याय के पुरोधा,मंडल कमीशन के नायक स्व श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के जयंती समारोह का आयोजन प्रिय दर्शनी बिबाह भवन में आयोजित किया गया। प्रखंड अध्यक्ष श्री रंजीत कुमार के दिशानिर्देश में आयोजित किया गया। आणेक वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।गरीबों के मसीहा, मंडल कमीशन को लागू किए,जिससे आनेको लोगो को फायदा हुवा।युवा आर जे डी अध्यक्ष मुकेश कुमार, मो इरफान,राम कुमार यादव,शेख चांद अली, बिबेका नंद यादव, मो प्रवेज,सोनू यादव, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

शादी न होने से नाराज युवक चढ़ गया बिजली के टॉवर पर

अररिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

कूद जाऊंगा..फांद जाऊंगा.. सुसाइड.. शोले फिल्म का यह डायलॉग तो आपको याद होगा, जिसमे धर्मेंद्र शादी के लिए पानी के टंकी पर चढ़ जाता है।बिहार के अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के देवीगंज में भी एक युवक अपनी बसंती के लिए बिजली के टॉवर पर ही चढ़ गया। यहां एक सिरफिरे युवक ने अपनी शादी के लिए हाईटेंशन बिजली वाले तार के टावर पर चढ़कर शादी करवाने की जिद पर उतारू हो गया। मामले की जानकारी जैसे ही पुलिस को लगी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। काफी देर युवक को समझा बुझाकर नीचे उतरा गया। बताया जाता है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

नरपतगंज के खैरा गढ़िया, वार्ड संख्या- 16 के रहने वाले देवीगंज निवासी रामचंद्र बहरदार का बेटा 35 वर्षीय विकेश बहरदार की शादी नहीं हुई है। शादी नहीं हो पाने को विकेश गुरुवार की शाम हाईटेंशन बिजली तार वाले टावर पर चढ़ गया और अपनी शादी न करवाने को लेकर परिवार वालों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करने लगा। शादी ना हो पाने को लेकर युवक तनावग्रस्त और मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जाता है। शादी को लेकर खुदकुशी के लिए बिजली टावर पर चढ़े सिरफिरे युवक चिल्ला-चिल्ला कर अपनी शादी की गुहार लगा रहा था। टावर पर युवक के चढ़ने की सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और बिजली विभाग की टीम के साथ नरपतगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। बिजली

विभाग की टीम ने जहां बिजली लाइन को कटवाया, वहीं नरपतगंज थानाध्यक्ष शैलेश कुमार पांडे, पुलिस अधिकारी सहबीर सिंह के अलावा अन्य ग्रामीणों ने घंटों युवक को समझा-बुझाकर टावर पर से नीचे उतरवाया। शादी करवाने के आश्वासन के बाद ही युवक टावर के ऊपर से नीचे उतरा। जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया, लेकिन बाद में मानसिक संतुलन ठीक ना होने का बॉन्ड भरवा कर युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

18 दिनों पहले डोली चढ़कर आई थी ससुराल, आज निकल गई अर्थी, दहेज की खातिर हत्या का आरोप

समाज जागरण
नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा18 दिनों पहले ही हाथ पीले हुए थे। सुहागन होकर ससुराल के चौकठ को लांघी थी। आज उसकी अर्थी निकल गई। ससुराली परिजनों पर हत्या का आरोप है। वह भी दहेज के महज 40 हजार रुपये की खातिर। मामला नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के झुनाठी गांव का है।

बताया जाता है कि नालंदा जिले के इसुआ-पावापुरी गांव के सुनिल पड़ित की 21 वर्षीया पुत्री सुषमा कुमारी की शादी 6 जून 22 को नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंदेश्वर पंडित के पुत्र रामवरण पंडित के साथ हुई थी। 24 जून को सुषमा की संदिग्ध मौत ससुराल में ही हो गई। मायके के परिजन दहेज की खातिर प्रताड़ित करने और हत्या करने की बात कर रहे हैं।

शव का पोस्टमार्टम कराने सदर अस्पताल नवादा पहुंचे मृतका के

भाई रविकांत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच रजामंदी से शादी हुई थी। 5 लाख रुपये दहेज देना था। उसमें 40 हजार रुपये कम दिया था। इसी से बहन के ससुराल के परिजन नाराज थे। 6 जून को शादी हुई। इसके बाद से ससुराली परिजन हमारी बहन को प्रताड़ित कर रहे थे। बहन बराबर प्रताड़ना की जानकारी दिया करती थी। और 24 जून को हत्या कर दी गई। मृतका के पिता ने बताया कि 24 तारीख को बेटी से बात नहीं हो रही थी। जब उसके ससुराल पहुंचा तो वहां बेटी का शव देखा। घर के सभी सदस्य फारा थे।

पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

घटना के बावत मृतका के पिता सुनिल पंडित द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पति, ससुर, सास के साथ ही पति के चार भाईयों को आरोपित बनाया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

जहानाबाद सातवीं बिहार जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का प्रभारी मंत्री एवं डीएम ने किया उद्घाटन।

स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 25 जिले के खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

समाज जागरण
जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद सातवीं बिहार जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बिहार सरकार के लघु जल संसाधन एवं अनुसूचित जाति जनजाति मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन तथा जिलाधिकारी रिची पांडेय ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जविलत एवं झंडोतोलन कर किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार, बिहार हैंडबॉल संघ के प्रदेश महासचिव ब्रजकिषोर शर्मा, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ एसके सुनील, संरक्षक निरंजन केशव उर्फ प्रिंस, उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह, सचिव आलोक कुमार तथा उपाध्यक्ष भाजपा नेता रंजीत रंजन, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद संगीता सिंह, लोजपा के राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष डॉ इंदू कश्यप, प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल के डॉ अभिराम शर्मा, द विंग्स फाउंडेषन के संतोष शर्मा, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, मखदुमपुर नगर परिषद के अध्यक्ष रितेश कुमार

उर्फ चुन्नू शर्मा, नंदलाल मांझी, पैक्स अध्यक्ष दीपक शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हैंडबॉल संघ के सदस्य संतोष श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा खेल मैदान का पूजन किया एवं सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू करने की प्रक्रिया पूरा किया। प्रभारी मंत्री द्वारा सिवान एवं भोजपुर के मैच की शुरूआत की। साथ में दूसरा मैच कैमुर तथा बेगुसराय के बीच प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने सभी खिलाड़ियों के मंगलजीवन की कामना की तथा कहा कि खेल के माध्यम से सभी खिलाड़ी आगे बढ़े यहीं हमारी शुभकामना है। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

अग्निपथ योजना के विरोध में किसान महासभा ने फूंका PM मोदी का पुतला।

नवगछिया :---समाज जागरण /शक्ति ठाकुर ।

अग्निपथ योजना के किरोध में अखिल भारतीय किसान महासभा ने नवगछिया के तत्वधान में आज वैशाली चौक पर पीएम मोदी का पुतला फूंका दिया है. मौके पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कामरेड बिंदेश्वरी मंडल ने कहा कि सरकार अग्निपथ योजना को वापस ले और किसानों के बेटे को जेल भेजना बंद करे. उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के नाम पर युवा वर्ग का करियर खराब किया जा रहा है. जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इस अवसर पर कामरेड बिंदेश्वरी मंडल, कामरेड रेणु देवी,वकील मंडल,

दिनेश यादव, नगीना राय, देवेन्द्र चौधरी, अरविंद मंडल, अनिता देवी भी शामिल थे.

जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर ने मनाया मंडल कमीशन निमार्ता बी पी सिह की जयन्ती

भागलपुर :---समाज जागरण राजीब पाण्डेय।

दिनांक 25 जून 2022 दिन शनिवार को।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं मंडल कमीशन शिफारिश के लागू कर्ता स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह जी की जयंती राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय भागलपुर में मनाई गई।

जिसका संचालन जिला प्रधान महासचिव विश्वजीत कुशवाहा ने किया।

वहीं राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा दलित, पिछड़ा के उत्थान के लिए जो मंडल कमीशन शिफारिश को अपने कार्यकाल में पारित किया एवं 27% आरक्षण लागू करने का काम किए थे।

इसके साथ ही सदस्यता अभियान को लेकर हुई समीक्षा बैठक।

आज के कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मत्स्य जीवी प्रकोष्ठ महेंद्र महलदार, प्रतिनिधि राज्य परिषद नरेश यादव, प्रदेश सचिव तिरूपति नाथ यादव, पूर्व विधायक पीरपैंती रामविलास पासवान, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद साहब उद्दीन,राजद नेता मोहम्मद उस्मान, जिला महासचिव मोहम्मद असलम खान, इरशाद फतेहपुरी, सुमंत यादव, प्रखंड अध्यक्ष शाहकुण्ड कन्हाई प्रसाद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सन्हौला विरेंद्र भारती, जिलाध्यक्ष व्यवसायिक प्रकोष्ठ शिव साह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ई दिवाकर कुशवाहा,नवनियुक्त युवा राजद जिलाध्यक्ष महोम्मद बसारुल हक, महानगर अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ रत्नाकर कुमार रत्न, जिला सचिव रौहित यादव, महोम्मद इदरिश, साहिद खान, युवा महानगर

अध्यक्ष प्रवीण कुमार,चमकलाल यादव, नियाज जफर, छोटे लाल यादव, अवधेश यादव, महेश दास, महोम्मद बादशाह खान, एवं जिला मिडिया प्रभारी मणजीत ठाकुर के साथ साथ सैकड़ों कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

जहानाबादः जातीय जनगणना कराये जाने के फैसले को लेकर अम्बेडकर चौक से अरवल मोड़ तक आभार यात्रा का आयोजन

समाज जागरण
जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबादः बिहार प्रदेश जदयू के निदेर्शानुसार जहानाबाद में जदयू कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा जातीय जनगणना कराये जाने के ऐतिहासिक निर्णय को लेकर अम्बेडकर चौक से अरवल मोड़ तक पद यात्रा कर आभार यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर जदयू के सैंकड़ों कार्यकर्ता झण्डा और बैनर लेकर विभिन्न तरह के गगनभेदी नारों के साथ काफी उत्साह के साथ चल रहे थे।

कार्यक्रम में जदयू के संगठन प्रभारी संतोष कुशवाहा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जातीय जनगणना करने से समाज के सभी तबके के लोगों के आर्थिक और सामाजिक स्थिति के बारे में पता चलेगा, उनके विकास के लिए सरकार जनोपयोगी कार्यक्रम चला कर उन्हें विकसित करने का काम करेगा।

वहीं मुख्य प्रवक्ता दिलीप कुशवाहा एवं जिला उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि बिहार सरकार ने अपने खर्चे पर जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया है।

कुशवाहा ने कहा कि आज के पूर्व

जब जातीय जनगणना हुआ था उस समय का भौगोलिक स्थिति और सामाजिक, आर्थिक स्थिति और आज के समय का परिदृश्य में काफी बदलाव हुआ है।और समय का आज माँग है कि जातीय जनगणना करा कर समाज के सभी तबके के लोगों का विकास किया जाये।

इस कार्यक्रम में युवा जदयू के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ पिंटू कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह, प्रधान महासचिव रामभवन कुशवाहा, सिया देवी,रंगनाथ शर्मा,डॉ निरंजन अम्बेडकर ,अमित कुमार पम्मु,बब्लू मौसमी,राजू निषाद ,प्रमिला देवी, गुड्डू कुशवाहा,राजू पटेल, अवधेश शर्मा, हरेराम शर्मा,विनय विद्यार्थी,मुरारी यादव, अरमान अहमद गुड्डू, रणधीर पटेल, रामप्रवेश सिंह, विनोद कुमार सहित सैकड़ों जदयू एवं महात्मा फुले समता परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नवादा में बालू घाटों पर ड्रोन का पहरा, नरहट इलाके से तीन ट्रैक्टर जब्त

समाज जागरण
नवादा (आर्यन मोहन)

नवादा जिले में बालू घाटों पर ड्रोन के जरिए पहरेदारी शुरू कर दी गई है। अवैध खनन रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इसके अच्छे नतीजे भी सामने आने लगे हैं। शनिवार को नरहट थाना इलाके में ड्रोन की मदद से खनन विभाग और नरहट थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। कई बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

जिला खनन पदाधिकारी सुमन कुमारी एवं थानाध्यक्ष सरफराज ईमाम ने दल बल के साथ बभनौर नदी घाट एवं खनवां नदी घाट पर छापेमारी की। थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने बताया कि अवैध बालू खनन और माफिया पर अंकुश लगाने के लिए ड्रोन की मदद से बभनौर नदी घाट से दो ट्रैक्टर व ट्रॉली अवैध बालू लदा को जब्त किया गया। वहीं खनवां नदी घाट से एक ट्रैक्टर व ट्रॉली बालू लदा एवं तीन ट्रॉली (डाला) बालू लदा पकड़ा गया।खनवां नदी घाट पर पुलिस के भय से बालू तस्कर तीन डाला छोड़कर ट्रैक्टर इंजन लेकर भागने में सफल रहे। जब्त सभी

ट्रैक्टर ट्रॉली को थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बालू तस्कर पुलिस आने की भनक लगते ही फरार हो गए। ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर से गाड़ी मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

फिलहाल, इस कार्रवाई से बालू के अवैध धंधे में शामिल लोगों में खलबली मच गई है।

बता दें कि जिले में 1 जनवरी से ही बालू खनन बंद है। लेकिन, अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। आलम ये की कार्रवाई करने पहुंचने वाले अधिकारियों पर हमले की दर्जन भर घटनाएं हो चुकी है। ऐसे में अधिकारी सटीक जानकारी और पुख्ता कार्रवाई के लिए अब ड्रोन की मदद लेने लगे हैं। इसके पूर्व शराबबंदी के लिए भी जिले में ड्रोन का इस्तेमाल किया जा चुका है।

चेन पुलिंग कर हाटे बजारे एक्सप्रेस से फायरिंग करतें हुए 2 करोड़ के सोने की लूट, मचा हड़कंप।

समाज जागरण

नवगछिया : कटिहार बरौनी --रेल खंड पर हाटे बजारे एक्सप्रेस में हुई स्वर्ण व्यवसायी से 2 करोड़ मूल्य के सोने की लूट हुई है. नवगछिया रेल थाना अन्तर्गत काढ़ागोला और बखरी स्टेशन स्टेशन के बीच मधेपुरा के व्यवसायी से लूट हुई है. बताया जा रहा है कि व्यवसासी 2 किलो से ज्यादा का सोना सियालदह से मधेपुरा ले जा रहे थे. घटना की जानकारी मिलते ही नवगछिया और कटिहार जिले की पुलिस, रेल पुलिस, आरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं.

बताया जा रहा है कि अउ कोच में लूट के बाद अपराधियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया. मौके पर दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करते हुए निकल गये.। लूट की घटना को लेकर कोई भी अधिकारी आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रहे हैं. ।वहीं कटिहार रेल एसपी संजय भारती, डीएसपी कुमार देवेन्द्र, नवगछिया आरपीएफ इंस्पेक्टर मृणाल कुमार, जीआरपी प्रभारी सहित कई अधिकारी मौके पर कैंप कर छानबीन कर रहे हैं. ।वहीं घटना के बाद पूरे ट्रेन में हड़कंप मच गया

हैं ।इस घटना के बाद स्वर्ण व्यवसायी के बीच घटना को लेकर दहशत पैदा हो गया हैं साथ ही आक्रोश भी ।

भागलपुर जनता दल यूनाइटेड भागलपुर की ओर से जाति जनगणना के ऐतिहासिक फैसला लेने को लेकर भागलपुर में निकाला गया आभार यात्रा।

समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

अधिसूचना के मुताबिक नीतीश सरकार बिहार में जाति आधारित जनगणना कराई गई जनगणना के काम को पूरा करने की डेट लाइन फरवरी 2023 रखी गई है इसके अलावा जाति जनगणना के लिए 500 करोड़ रुपए भी खर्च किए जाएंगे बिहार राज्य के लिए विकास एक सीढ़ी है।इसी बाबत भागलपुर में जिला जनता दल यूनाइटेड के द्वारा आज जातीय जनगणना के फैसले के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आभार यात्रा कचहरी चौक भागलपुर परिसर से स्टेशन चौक तक निकाला। आभार यात्रा की अगुवाई पूर्व राज्यसभा सांसद कहकशां परवीन कर रही थी। उनके साथ में सुल्तानगंज के विधायक और जिला के प्रभारी राजफतमी सहित काफी संख्या में जदयू कार्यकर्ता यात्रा के दौरान मौजूद रहे। वही कहकशां प्रवीण ने कहा कि जातिगत जनगणना हो जाने के बाद सभी जातियों के निम्न वर्ग के

लोगों को सहायता पहुंचाने में सरकार को मदद पहुंचेगी वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री और सरकार के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस आभार यात्रा में जनता दल यूनाइटेड के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अग्नीपथ योजना के तहत उपद्रवियों से निपटने को रेलवे पुलिस पूर्णरूपेण तैयार

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

रेलवे की सुरक्षा को लेकर रेल मंडल के अधिकारियों की हुई कवायद शुरू

भागलपुर,पिछले दिनों अग्निपथ योजना के तहत कई राज्यों में छात्रों का आंदोलन आग के लपटों की तरह फैल गया था। कई राज्यों में कई ट्रेनों को उपद्रवियों ने आग के आगोश में ले लिया था। मिलाजुला कर यह कह सकते हैं कि इस आंदोलनकरियों ने राष्ट्रीय संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचाया, यात्रियों को इससे काफी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा,रेलवे बोर्ड के सभी रेल मंडलों में संरक्षा मानकों की कसौटी पर रखने के लिए जीआरपी के जवान को तैनात किया गया है। इसी बाबत भागलपुर के आरपीएफ में रेलवे सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार की ओर से आरपीएफ कमांडेंट को रेलवे की सुरक्षा कैसे करनी है और वैसे कई बातों का उल्लेख किया गया जिससे रेलवे बोर्ड की सुरक्षा ढंग से हो सके और यात्री भी सुरक्षित यात्रा कर सकें,और अभी जो अग्नीपथ स्कीम चल रही है उसको लेकर कैसे रेलवे की रक्षा करनी चाहिए उसके बारे में भी जानकारी दिया गया और उन्होंने सभी छात्रों से निवेदन किया है की सरकारी संपत्ति को नुकसान ना करें एवम प्रशासन का सहयोग करें।

22 may 2022:Layout 1 6/26/2022 2:08 AM Page 12

झारखंड संक्षिप्त खबरें

महामहिम राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद जी से भेंट*

*महर्षि दयानंद जी की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार की आवश्यकता -महामहिम गंगा प्रसाद (राज्यपाल सिक्किम) शनिवार 25 जून 2022,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने आज राजभवन गैंगटोक सिक्किम में महामहिम राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद जी से भेंट की।
महामहिम राज्यपाल गंगाप्रसाद जी ने कहा कि आज आर्य समाज के कार्य की अत्यंत आवश्यकता है।महर्षि दयानंद सरस्वती ने नवजागरण किया उनकी शिक्षाओं को आज जन जन तक पहुचायें।उन्होंने देश में बढ़ते अलगाववाद पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं में राष्ट्रीय भावना के प्रचार प्रसार पर बल दिया,साथ ही उन्होंने नशे की बढ़ती हुई प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने उन्हें आश्वस्त किया कि हम महर्षि दयानंद के स्वपनों का भारत बनायेंगे व युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय भावना का विस्तार करेंगे। दिल्ली से प्रवीन आर्या ने मधुर भजन प्रस्तुत किया व आस्था आर्या ने आभार व्यक्त किया।

महामहिम का ओ३म् के पीतवस्त्र व गायत्री मंत्र के स्मृति चिन्ह से अभिनंदन भी किया गया।उन्होंने भी उपहार भेंट किया।

जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर उपाध्यक्ष श्याम कश्यप ने कलेक्टर जांजगीर चांपा जितेंद्र शुक्ला का किया सम्मानित

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

जांजगीर चापा। जिला कॉग्रेस कमेटी बिलासपुर के उपाध्यक्ष श्याम कश्यप ने जांजगीर-चम्पा पहुँचकर कलेक्टर श्री जितेंद्र शुक्ला का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित कर बधाई दी।बोर में गिरे बच्चे राहुल साहू को बाहर निकलने में आपके अथक प्रयास से सभ्भव हो सका है।जिसके कारण देश प्रदेश में आपके कार्य की प्रंशसा हो रही है।

कमीशन खोरों के चंगुल में फंसा कानपुर कार्डियोलॉजी का बजट : सरकार से जांच की मांग

- स्टाफ नर्स उत्पीड़न मामले में भी कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर के खिलाफ शासन पहले से ही करा रहा जांच

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के काडियोलॉजी को हर साल मिलने वाले करोडों के सरकारी बजट में कमीशन खोरी की जांच कराने की मांग सरकार से की गई है। जबकि काडियोलॉजी निदेशक के खिलाफ स्टाफ नर्स उत्पीड़न मामले की जांच शासन द्वारा पहले से ही कराई जा रही है।
कुल मिलाकर यहां के बहुचर्चित नर्स बिंदू यादव उत्पीड़न मामले में शासन के निर्देश पर कमिश्नर राजशेखर द्वारा 3 सदस्यीय कमेटी का गठन कर कार्डियोलॉजी निदेशक और अस्पताल के अधीक्षक डॉ मौर्या समेत सभी आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ जारी जांच के बीच कार्डियोलॉजी को मिलने वाले करोड़ों के सरकारी बजट से अस्पताल के लिए सामान खरीदने के नाम पर भारी कमीशन खोरी का भी मामला चर्चा में हैं। इस मामले में सामान की खरीदारी में 10 से लेकर 15 परसेंट तक कमीशन लिए जाने का दावा कार्डियोलॉजी के भरोसेमंद सूत्रों और स्टाफ नर्स मामले की पैरवी कर रहे वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव ने भी किया है।
उन्होंने बताया कि बजट में कमीशन खोरी के रूप में करोडों के बारे न्यारे कर अब तक लाखों करोड़ों की नामी बेनामी चल और अचल संपत्ति के मालिक बनने में भी सफलता प्राप्त की जा चुकी है।
संतोष यादव के मुताबिक अगर स्टाफ नर्स उत्पीड़न मामले में जांच का सामना कर रहे कार्डियोलॉजी निदेशक की आय से अधिक संपत्ति मामले की भी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो कार्डियोलॉजी में हर साल मिलने वाले करोड़ों के सरकारी बजट में कमीशन खोरी के जरिये सरकार को करोड़ों की चपत लगाने जैसे आर्थिक भ्रष्टाचार का खुलासा भी अवश्य हो सकता है। बीते 4 साल से न्याय के लिए संघर्ष कर रहे संतोष यादव ने बताया कि डॉ विनय कृष्ण बीते कई सालों से कार्डियोलॉजी के निदेशक हैं और उन्होंने अपने अबतक कार्यकाल में हर साल मिलने वाले करोड़ों के बजट में भी रखरखाव और सामानों आदि की खरीदारी में भी भारी कमीशनखोरी के रूप में करोड़ों का भारी आर्थिक लाभ प्राप्त किया है।
शिकायतकर्ता वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव के मुताबिक तीसरी बार निदेशक बनने का इरादा पूरा करने के लिए डॉ विनय कृष्णा जारी जांच को अपने पक्ष में प्रभावित करने की सबसे अधिक कोशिश भी कर रहे हैं। इसीलिए उनको पद से हटाकर तबादला करते हुए स्टाफ नर्स बिंदू यादव उत्पीड़न मामले के साथ ही कार्डियोलॉजी के करोड़ों के बजट में कमीशन खोरी की भी उच्च स्तरीय जांच अवश्य कराई जानी चाहिए।

कानपुर में आज होगा यूपी एम टी ए का चुनाव जीत के लिए ट्रांसपोर्टरों में घमासान

- संस्था में दोबारा काबिज होने के लिए पुराना गुट भी सक्रिय ।
- श्याम शुक्ला की अगुवाई वाले युवा ट्रांसपोर्टर गुट को सर्वाधिक समर्थन

सुनील बाजपेई कानपुर। आज यहां रविवार को यूपी में ट्रांसपोर्टरों की सबसे बड़ी संस्था यूपी मोटर्स ट्रांसपोर्टर एसोसियेशन (यूपी एम टी ए) का चुनाव होने जा रहा है ,जिसमें जीत के लिए विभिन्न गुटों ने बाजी मारने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी है। वहीं यूपी एम टी ए में जीत के मामले में सबसे भारी युवा ट्रांसपोर्टरों वाला श्याम गुट बताया जा रहा है।
ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े सूत्रों की माने तो श्याम शुक्ला गुट को जिस तरह से यूपी एम टीए के ट्रांसपोर्टर सदस्यों का भारी समर्थन मिल रहा है। उसके फलस्वरुप श्याम गुट बाजी मार ले जाने में अवश्य ही सफल हो सकता है ,जिसकी वजह श्याम गुट द्वारा ट्रांसपोर्टर सदस्यों और उनके कर्मचारियों के हित में किए गए 21 सूत्रीय वायदे माने जा रहे हैं।
अपने जारी घोषणापत्र में किए गए इन वादों के मुताबिक श्याम शुक्ला गुट ने प्रतिवर्ष संस्था के 5 सदस्यों की लड़कियों की शादी कराने ,इसके लिए 21000 की एफ डी भी कराने, सालों से बंद क्लीनिक चालू करा कर इलाज उपलब्ध कराने के साथ ही एंबुलेंस भी खरीदने, ट्रांसपोर्टरों और उनके कर्मचारियों के बच्चों के लिए इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलवाने ट्रांसपोर्ट भवन में मनोरंजन कक्ष खुलवाने के साथ ही कानपुर विकास प्राधिकरण में ट्रांसपोर्टरों के जमा धन को वापस कराने का भी भरोसा दिया है। इसी के साथ इस घोषणापत्र में सेल टैक्स, जीएसटी और रिश्वत के लिए आरटीओ के उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने , प्रांतों के बैरियर पर की जाने वाली उगाही को भी रुकवाने समेत 21 वादे किए हैं।
यूपी एम टीए चुनाव में सर्वाधिक सक्रिय युवा टीम के अगुवा कार श्याम शुक्ला और लवी गांधी ने यहां बताया कि अगर विजय श्री के रूप में सदस्य ट्रांसपोर्टरों का आशीर्वाद मिला तो वह लोग किए गए सभी वायदों को हर हाल में पूरा करके ही दम लेंगे। वहीं दूसरी ओर संस्था के पुराने ग्रुप ने भी इस चुनाव को दोबारा जीतने के लिए अपनी भरपूर ताकत लगा रखी है।

पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के लिए लाभकारी कदम : जिला उपायुक्त अजय कुमार

- पंजीकृत किसान 30 जून तक करवाएं ई-केवाईसी का कार्य

नूंह जुबैर खान

नूंह , 25 जून : जिला उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के आर्थिक विकास में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करते हुए लाभकारी कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को खेती करने के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना का लाभ निर्बाध रूप से जारी रहे इसके लिए 30 जून तक पंजीकृत किसानों का ई- केवाईसी का कार्य किया जा रहा है।
जिला उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के किसानों से आह्वान किया है कि वे अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। यह कार्य पीएम-किसान पोर्टल तथा संबंधित ऐप के माध्यम से निशुल्क रूप में किया जा रहा है। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी वैरिफिकेशन का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सालाना 6,000 रुपये दिए जाते हैं। इसका भुगतान 2000-2000 रुपये की तीन किस्तों में किया जाता है। ये पैसा सरकार द्वारा सीधा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अभी तक इस योजना के तहत 11

किश्तें जारी की जा चुकी हैं।
कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अगर किसान के खाते में अभी तक पीएम किसान योजना की 11 वीं किश्त का पैसा नहीं आया है, तो आपको केंद्र सरकार की वेबसाइट पर अपनी डिटेल्स चेक कर लेनी चाहिए ताकि किश्त निरन्तर चलती रहे। किसान राशि की अपग्रेडेशन की करें जांच कृषि अधिकारी के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना का स्टेटस चेक करने के लिए सबसे पहले किसान को www.pmk-isÔ»»f.gov.i»»f वेबसाइट पर जाना होगा। इस वेबसाइट की दाएं तरफ किसान कॉर्नर पर क्लिक करें। इसके बाद आपको बेनिफिशियरी स्टेटस पर क्लिक करना है। यहां पर आपको आधार नंबर, मोबाइल नंबर जैसी डिटेल्स दर्ज करनी है। इसके बाद आप लिस्ट में अपना नाम आसानी से चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही आप अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए पीएम किसान टोल फ्री नंबर 18001155266 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

सभी को मिले मत देने क अधिकार, तभी हमारा लोकतंत्र होगा मजबूत : महेश गुप्ता

बुजुर्गों व दिव्यांगों को बूथ तक लाने में जिला रेडक्रास सोसाइटी की टीम ने निभाई अहम भूमिका

नूंह जुबैर खान

नूंह : हाल में संपन्न हुए जिले के नूंह नगर परिषद के अलावा पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका नगर पालिका के चुनावों में जिला रेडक्रास की टीम ने अहम भूमिका निभाई है। चुनावों के दौरान नूंह, पुन्हाना के अलावा फिरोजपुर झिरका में बूथ स्थल पर जिला रेडक्रास सोसाइटी की टीम ने दिव्यांगों के अलावा बुजुर्गों व असहायों को चुनाव स्थल तक लाने में अहम भूमिका निभाई। जिससे वोटों का प्रतिशत में भी बढ़ोतरी हुई। जिला रेडक्रास सोसाइटी के सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि किसी भी प्रकार के चुनावों में वोट डालना हर मतदाता का सांवैधानिक अधिकार है। हमारे देश की चुनाव प्रणाली दुनिया के सब देशों से मजबूत है।

मतदाताओं के वोट डालने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होता है। जिला रेडक्रास की टीम इस तरह के कार्यों में बढ़ चढकर भाग लेती है। हाल के चुनावों में भी उनके टीम ने हर बूथ पर जाकर किसी भी प्रकार के असहाय मतदाताओं को बूथ तक जाने के लिए हर संभव मदद की। जिससे लोगों में भी काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर हर व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। तभी जाकर लोग अपनी पंसद की सरकार चुन सकते हैं।
फोटो : दिव्यांग मतदाता को चुनावों के समय बूथ तक लाते रेडक्रास की टीम के सदस्य।

पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न, कलेक्टर ने जताया आभार

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट। जिले के चार विकासखंड बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी एवं खैरलांजी में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान कराया गया। जो शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।जिसमे महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।जिले में मतदान के प्रति ग्रामीण मतदाताओं में उत्साह देखा गया। बालाघाट जिला प्रदेश का सर्वाधिक महिला पुरूष लिंगानुपात वाला जिला है। जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में अधिक है। 25 जून को मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में महिला मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई।
जिले के चारों विकासखंडों में मतदान के लिए व्यापक स्तर पर तैयार की गई है। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किये गये है। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर निगरानी रखने के लिए सेक्टर आफिसर के अतिरिक्त अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान के लिए निर्धारित समय दोपहर 03 बजे तक जिले के चार विकासखंड बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी एवं खैरलांजी के ग्रामों में 58 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है। दोपहर 03 बजे तक परसावाड़ा विकासखंड में 65 प्रतिशत, खैरलांजी में 55 प्रतिशत, वारासिवनी में 58 प्रतिशत एवं बैहर में 56 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो मतदाता 03 बजे तक मतदान केन्द्र पहुंच गये हैं, उन्हें मतदान करने के लिए पर्ची बांट दी गई है। जिन लोगों को पर्ची दी गई उन सभी लोगों से मतदान कराया जायेगा। जिले के चारों विकासखंड में शांतिपूर्वक मतदान हुआ है और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या विवाद की सूचना नहीं है।

कलेक्टर एवं एसपी ने गढ़ी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान का जायजा लिया

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ

25 जून को सुबह ही बैहर विकासखंड के गढ़ी क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने ग्राम धनियाझोर, अरंडी, कुकर्रा, परसामऊ, गढ़ी, कटंगी के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान दल से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ग्राम कुकर्रा में मतदान करने के लिए आये दिव्यांग मतदाता की हौसला अफजाई की और ग्राम कटंगी में मतदाताओं से उनके गांव की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।

25 जून को मतदान केंद्रों में महिला मतदाता का प्रतिशत बढ़ाने में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चयनित मतदाता सखियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मतदाता सखियों ने घर घर जाकर मतदाताओ को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया है। मतदाता सखियों की प्रेरणा से दूरस्थ क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर भी मतदान करने आयी महिलाओं की लंबी कतारे देखी गई। अगले चरण के मतदान के लिए भी मतदाता सखी द्वारा महिलाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

किसान को मुआवजा दिलाने आजाद मंच पहुंचा एनटीपीसी प्रबंधन से मिलने, मंच की ओर से 10 दिन का अल्टीमेटम, प्रबंधन ने दिया आश्वासन।

मंच प्रमुख और प्रबंधन के बीच सार्थक चर्चा, नई सूची में जुड़ेगा किसान का पूरा मुआवजा, 20-21 की रुकी राशि संयुक्त जांच उपरांत शीघ्र।
एनटीपीसी प्रबंधन के रवैये से किसान पिछले 1 साल से प्रताड़ित,अब 10 दिन में निर्णय नहीं लेने पर होगा आंदोलन : आजाद मंच
एनटीपीसी प्रबंधन किसानों के साथ गोल गोल रानी खेलने की आदत छोड़े, किसानों को समय पर दे मुआवजा : विक्रांत तिवारी

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। एनटीपीसी के राखड़ बांध के रिसाव क्षेत्र गतौरा के पूर्व ग्राम पटेल रहे किसान स्व. माखनलाल जायसवाल के देहांत के बाद उनके पुत्र महेश जायसवाल को क्षतिपूर्ति मुआवजा में रकबा कम कर राशि काटने के विरोध में आजाद मंच आज एनटीपीसी प्रबंधन से चर्चा करने पहुंचा चर्चा में जहां मंच ने 10 दिन में निर्णय लेने का अल्टीमेटम दिया वही प्रबंधन की ओर से शीघ्र निर्णय करने का आश्वासन दिया गया आजाद मंच के मस्तूरी विधानसभा अध्यक्ष ओम गिरी गोस्वामी ने बताया कि पिछले कई महीनों से उक्त किसान को प्रबंधन द्वारा घुमा घुमा कर प्रताड़ित किया जा रहा था जिसके लिए प्रशासन के आला अधिकारियों तहसीलदार एसडीएम कलेक्टर से लगातार इस ओर संज्ञान दिलवाने आजाद मंच प्रयासरत था किंतु बात प्रबंधन के पाले में आकर बार-बार अटक रही थी आज प्रबंधन से इस मुद्दे

पर चर्चा करने आजाद मंच प्रमुख विक्रांत तिवारी के नेतृत्व में हमारा एक प्रतिनिधिमंडल किसान को लेकर पहुंचा जहां सार्थक चर्चा के उपरांत शीघ्र निर्णय का आश्वासन भी प्राप्त हुआ किंतु पूर्व के रवैया को देखते हुए आजाद मंच की ओर से हमने प्रबंधन को 10 दिन का समय दिया है ताकि वह एक निर्धारित समय अवधि में इस निर्णय को लेकर किसान को प्रताड़ित होने से बचाएं अन्यथा आजाद मंच एनटीपीसी प्रबंधन के विरुद्ध आंदोलन करने बाध्य होगा। श्री गोस्वामी ने बताया की प्रतिनिधिमंडल में आजाद मंच प्रमुख विक्रांत तिवारी, बिलासपुर जिला अध्यक्ष श्री विजय सिंह राजपूत, आजाद मंच असंगठित मजदूर मोर्चा अध्यक्ष श्री राहुल गाढ़ेवाल, मस्तूरी विधानसभा अध्यक्ष ओम गोस्वामी ,किसान महेश जयसवाल एवं मस्तूरी विधानसभा युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी अमित गोस्वामी सनत पाटले हरि गोस्वामी प्रबंधन से चर्चा करने सीपत एनटीपीसी पहुंचे थे।
आजाद मंच के जिलाध्यक्ष विजय सिंह राजपूत ने कहा की चर्चा सार्थक रही हमारे प्रयासों के बाद एनटीपीसी प्रबंधन ने यह माना कि उक्त किसान का क्षतिपूर्ति रब्बा 3 एकड़ 86 डिसमिल है जिस पर आने वाले वर्ष 2021-22 के क्षतिपूर्ति मुआवजा सूची में किसान का पूरा रकबा जोड़कर दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा साथ ही प्रबंधन ने यह भी कहा की किसान का रुका हुआ क्षतिपूर्ति मुआवजा साल 20-21 प्रशासन के साथ मिलकर संयुक्त जांच उपरांत जारी कर दिया जाएगा जिसे हम किसान के पक्ष में लिया एक सार्थक कदम मानते हैं। आजाद मंच प्रमुख विक्रांत तिवारी ने चर्चा के दौरान प्रबंधन से दो टूक कहा, एनटीपीसी किसानों के साथ गोल गोल रानी खेलने की आदत छोड़े किसान अपना काम-धाम छोड़ कर एनटीपीसी प्रबंधन के दरवाजे पर अपने हक के लिए भटकता रहता है और प्रबंधन उसे घूमाता रहता है किसानों को समय पर उनका मुआवजा देना प्रशासन और प्रबंधन सुनिश्चित करें। उक्त चर्चा में प्रबंधन की ओर से सुनीत कुमार ने प्रबंधन का पक्ष रखा जिससे आजाद मंच के प्रतिनिधि और किसान संतुष्ट दिखाई दिए लेकिन 10 दिनों की समय सीमा के उपरांत आंदोलन की चेतावनी भी मंच द्वारा प्रबंधन को दी गई।

बाइक पर पीछे बैठा युवक की सड़क हादसा में मौत

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

किशनगंज बेलवा गांव स्थित बाइक सवार युवक गाय को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा जिसमे उसकी हुई मौत।मृतक युवक मधेपुरा जिले के पुरैनी गांव निवासी दिलीप मेहता के पुत्र मंटू कुमार है जो पूर्णिया में ही रहता था और मेडिकल उपकरण की सप्लाय का काम करता था उसके एक छोटा सा बच्चा भी है हाल में ही उसकी शादी हुई थी।काम के शीलसिले में अपने सयोगी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो कर जा रहा था।बाइक उसका सयोगी चला रहा था और पूर्णिया से किशनगंज बाइक पर सवार होकर जा रहे था।इसी दौरान अचानक सड़क पार कर रहे गाय से मोटरसीयकील टकराया और बाइक लेकर सड़क पर गिर पड़े बुरी जिस में बाइक चला रहे युवक को हल्कि चोटें आई जबकि वह पीछे बैठा था और सड़क पर दूर जाकर गिरा जिसमे उसके सर में गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों के द्वारा युवक को राज्यकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया वही घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंची और शब को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया वही घटना की जानकारी परिजनों को दी गई परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

दलहन, तिलहन फसलों पर मिलेगी 4 हजार प्रति एकड़ वित्तीय सहायता

नूंह जुबैर खान नूंह : हरियाणा सरकार द्वारा फसल विविधीकरण के अंतर्गत दलहन व तिलहन की फसलों को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की शुरूआत की गई है। प्रदेश में खरीफ के इस सीजन के दौरान 1 लाख एकड़ में दलहनी व तिलहनी फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा। नूंह कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजीत सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत दलहनी फसलों 70 हजार एकड़ में तिलहन फसलों में मूंगफली आदि को 30 हजार एकड़ में बढ़ावा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान सरकार द्वारा सभी दलहन, तिलहन की फसल लगाने वाले किसान को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना दक्षिण हरियाणा के जिला भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, हिसार के अलावा मेवात जिले में इस खरीफ सीजन के दौरान लागू किया गया है। इसके लिए किसानों को पहले मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा और सत्यापन उपरांत सहायता राशि उनके खातों में स्थानांतरण की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन किसानों को खेत में नाइट्रोजन की मात्रा की जरूरत पड़ेगी तिलहन फसलों को बढ़ावा देने में देश में खाद्य तेल की कमी को भी पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि व इस योजना के साथ जुडकर विभाग का सहयोग करें।

समर कैंप में बच्चों की छिपी प्रतिभाएं बाहर आती है : राजेश पंवार

नूंह जुबैर खान

नूंह। तावडू खंड के आधा दर्जन गांवों में बीते 15 दिनों से चलाए जा रहे समर कैंप के समापन के अवसर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई। अनुभूति आगेर्नाइजेशन द्वारा यह कार्यक्रम मुख्य रूप से गांव सीलखोर, बावला, धुलावट, रानियाकी, सेवका, खोरी कलां व सालाका गांव के सरकारी स्कूलों में निशुक्त रूप से चलाया गया। जिसका मकसद बच्चों के स्कूलों में बढ़ते ड्रापआउट को कम करना था। इस मौके परअनुभूति आगेर्नाइजेशन के मैनेजर राजेश पंवार ने बताया की उनके द्वारा लगाए गए इस कैंप में बच्चों को प्रतिदिन उनकी पढ़ाई के साथ जोड़ा गया। गर्मी के अवकाश के दौरान कई बच्चे स्कूल के कार्य को पूरा नहीं करते हैं। लेकिन उन्होंने उनके स्कूल के कार्य के साथ अतिरिक्त कार्य को भी कराया। बच्चों को खेल खेल में प्राथमिक शिक्षा का ज्ञान दिया गया। इस दौरान बच्चों को पढ़ाने वाले प्रेरेकों उनको आर्ट एंड क्राफ्टः बोतल से गमले बनाना, कागज व मिट्टी से खिलौने बनाना, रोल प्ले करवाना, स्किल डेवलपमेंट में रायटिंग, कॉन्फिडेंस स्पीकिंग हिंदी, मैथ मैंटल ट्रिक, ब्रुश पेंटिंग, मैकिंग डिफरेंट पिक्चर, खेल म्यूजिकल चेयर, अप एंड डाउन, हाइड एंड शिक, क्रिकेट, बॉल पास, जुमा डांस, बॉलीवुड डांस व योगा कराई गई। उन्होंने बताया कि समर कैंप आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी हुई कलाएं बाहर आती है। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा।

जनपद पंचायत सभापति दामोदर कांत ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। जनपद सभापति दामोदर कांत ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, पौधा वितरण एवं बीज वितरण आदि कार्यक्रम में शामिल होकर दी क्षेत्र के ग्रामीणों को दी सौगात सर्वप्रथम पेंड्री मां महामाया मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर अपने क्षेत्र की खुशहाली के लिया प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया कई पंचायतों

का दौरा कर अपने जन्मदिन पर कार्यक्रम में हुए शामिल होकर वृक्षारोपण, स्कूलों में साइकिल वितरण,भूमि पूजन, किसानों को बीज वितरण, शाला प्रवेश उत्सव,पुस्तक वितरण ऐसे कई कार्यक्रम में जनपद सभापति दामोदर कांत,सीईओ कुमार सिंह एवं जनपद अधिकारी जनप्रतिधि ग्राम पंचायत सरपंच, पंच के साथ भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्राम वेदपरसदा एंव कछार में काफ रैली का हुआ आयोजन

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। पशुधन विकास विभाग द्वारा मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम वेदपरसदा एंव ग्राम कछार में एक दिवसीय काफ रैली एंव निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें विभाग द्वारा कृत्रिम गभार्धान से पैदा हुए उन्नत नस्ल के बछिया बछड़ो को ग्राम में प्रदर्शन किया गया इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पशुपालको को कृत्रिम गभार्धान योजना की जानकारी देना एंव इस योजना से प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया साथ ही ग्राम में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें पशुओ को कृमिनाशक दवापान , गलघोटू का टीकाकरण , दवा वितरण एंव मिनरल मिक्सर का वितरण किया गया। आयोजन में उपस्थित विकासखंड प्रभारी डॉ यशवंत डहरिया ने पशुपालको को बताया कि दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम गभार्धान योजना शासन की अति महत्वपूर्ण योजना हैं इस योजना में निशुल्क कृत्रिम गभार्धान से उन्नत नस्ल के संकर बछियों को पैदा किया जा सकता है जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि होती है और किसानों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होता है।इस आयोजन में विभाग से सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद खूंटे , एस के वस्त्रकार एंव प्राइवेट कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता लेखराम देवांगन , ताराचंद यादव पशु परिचारक सेवक यादव आदि उपस्थित रहे।